सुप्रभात
रांची, बुधवार
13.03.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, तृतीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 240



12 भारत शक्ति में धमाकों से गूंजा पोखरण






## न्यूज डायरी

### तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** वायु सेना का हल्का लड़ाकू विमान तेजस मंगलवार को जैसलमेर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायु सेना के प्रवक्ता ने बताया कि पायलट समय रहते सुरक्षित बच निकलने में सफल रहा। दुर्घटना जैसलमेर में नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान हुई। दुर्घटना के कारण की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है।

### गृह मंत्रालय सीएए-2019 मोबाइल ऐप शुरू करेगा

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियमों के तहत भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों की सहूलियत के लिए जल्द ही एक मोबाइल ऐप शुरू की जायेगी।

### झारखंड कैबिनेट की अगली बैठक 16 को

**रांची।** राज्य कैबिनेट की अगली बैठक 16 मार्च को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से यह जानकारी दी गयी। बैठक सुबह 11 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी।

### सीसीए का कार्यान्वयन रोकने को लेकर याचिका

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से 11 मार्च को अधिसूचित नागरिकता संशोधन नियम-2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की गुहार लगाते हुए केरल की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य ने उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं दायर की हैं।

### शीर्ष नेतृत्व के बुलावे पर मधु कोड़ा पहुंचे दिल्ली

**जमशेदपुर।** पूर्व सीएम मधु कोड़ा मंगलवार को भाजपा शीर्ष नेतृत्व से मिलने दिल्ली गये। उनके साथ उनकी पत्नी व सिंहभूम से सांसद गीता कोड़ा नहीं जा सकीं। गीता कोड़ा लक्ष्मीकांत वाजपेयी के कार्यक्रम में शामिल रहीं। गीता कोड़ा ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का कमल थामा है। उन्हें लोकसभा चुनाव 2024 में सिंहभूम से उन्हें पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है।

### रूसी सेना का विमान क्रैश, 15 लोग थे सवार

**मास्को।** रूसी सेना का एक परिवहन विमान मंगलवार को पश्चिमी रूस के एक हवाई अड्डे से उड़ान भरते ही क्रैश हो गया। विमान में 15 लोग सवार थे। मंत्रालय के मुताबिक, आईएल-76 विमान इवानोवो क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक दल के आठ सदस्य और सात यात्री सवार थे। जारी बयान के मुताबिक, इंजन में आग लगने को दुर्घटना का संभावित कारण बताया जा रहा है।

## पीएम ने रांची-बनारस समेत 10 वंदे भारत ट्रेन का किया शुभारंभ

# रांची को मिली तीसरी नयी वंदे भारत ट्रेन, लोकसभा चुनाव के बाद रांची-पुरी के लिए चौथे की संभावना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रांची-बनारस समेत 10 वंदे भारत ट्रेनों का ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस दौरान ट्रेन में स्कूली बच्चों ने सफर भी किया। इस अवसर पर रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमें बेहद खुशी है कि झारखंड को एक और वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व

### रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार बड़ी उपलब्धि : राज्यपाल

की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश जल्द बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि अब ट्रेनों का परिचालन समय पर होने लगा है, माल गाड़ी की कनेक्टिविटी में भी सुधार हुआ है। यह झारखंड के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। श्री राधाकृष्णन ने आगे कहा कि आज रांची के आसपास के भी रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार हो रहा है और आने वाले समय में और सुधार होगा।

**सांसद संजय सेठ का वादा : रांची से पुरी वंदे भारत ट्रेन भी करायेंगे शुरू**

सांसद संजय सेठ ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद रांची से पुरी वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत करायेंगे। नगड़ी का आरओबी आज बनने को तैयार है। पीएम मोदी ने झारखंड की कई योजनाओं को पूरा कर अपनी गारंटी पूरी की है।



### हर्ल सिंदरी में गतिशक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल शुरू

## रेलवे अब कम समय में देशभर में यूरिया का कर सकेगा ट्रांसपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** हर्ल सिंदरी स्थित गतिशक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल से अब देशभर में यूरिया की आपूर्ति की जा सकेगी। प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद से मंगलवार को टर्मिनल कार्गो का ऑनलाइन उद्घाटन किया। टर्मनिल कार्गो के उद्घाटन के साथ ही रेलवे लगभग आधे समय के अंतराल पर हर्ल में निर्मित भारत यूरिया का ट्रांसपोर्ट कर सकेगा। देश के किसानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इसे फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ा गया है। हर्ल प्लांट स्थित गतिशक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल सहित 85 हजार करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह को ऑनलाइन संबोधित करते हुए पीएम ने देश में बने दो फ्रेट कॉरिडोर के कंट्रोल की घोषणा की।

# विधायक अंबा प्रसाद के 17 ठिकानों पर इडी की रेड, कई दस्तावेज मिले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के पूर्व इडी ने मंगलवार को कांग्रेस की बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव समेत 17 ठिकानों पर छापा मारा। इडी को इन स्थानों से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और अवैध रूप से बालू खनन और वसूली के साक्ष्य भी मिले हैं। अंबा प्रसाद के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लाउड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी है। इडी ने जिन स्थानों पर छापे मारे, उनमें अधिकतर अंबा के रिश्तेदार और जान पहचान वाले हैं। इडी ने जिन लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की, उनमें पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के साथ-साथ उनके भाई धीरेंद्र साव, साला मुकेश साव के हजारीबाग स्थित घर और केरेडारी के राजू साव शामिल हैं। इसके अलावा हजारीबाग जिला तेली समाज के अध्यक्ष सह व्यवसायी राजेंद्र साव के हजारीबाग खजांची तालाब रोड स्थित आवास पर भी इडी ने छापे मारे और पूछताछ की।



**किनके-किनके यहां हुई दबिश**

धुर्वा में रह रहे धनबाद के सीओ शशिभूषण सिंह, हजारीबाग के राजू साव, पूर्व मंत्री योगेंद्र प्रसाद साव, मुकेश साव, तेली समाज के अध्यक्ष राजेंद्र साव, अंबा प्रसाद के हजारीबाग आवास और रांची स्थित धुर्वा आवास में रेड मारी गयी है।

**27 की उम्र में 2019 में अंबा प्रसाद राजनीति में उतरीं**

अंबा प्रसाद ने अपनी राजनीति की शुरूआत साल 2019 से की थी। उन्होंने बड़कागांव विधानसभा सीट से 27 साल की उम्र में चुनाव जीतकर इतिहास बनाया था। उन्होंने आजसू पार्टी के प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी को 30,140 वोटों से हराया था। वह दिल्ली में यूपीएससी कर रही थीं लेकिन माता और पिता को जेल हो जाने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। इसके बाद उन्होंने पिता की विरासत संभाली।

**मां ने कहा, बेटी नहीं लड़ेगी चुनाव, राजनीति हो गयी है गंदी :** हजारीबाग की पूर्व विधायक निर्मला देवी, अंबा प्रसाद की मां हैं, उन्होंने कहा कि बेटी चुनाव नहीं लड़ेगी। राजनीति अब गंदी हो गयी है। चुनाव के वक्त लोगों को बदनाम करने के लिए छापेमारी की जाती है।

### राज्य सरकार ने कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों को दी मंजूरी

# राज्य के कर्मियों को होली गिफ्ट महंगाई भत्ता बढ़कर 50 प्रतिशत

**राज्य के प्राइमरी स्कूलों में घंटी आधारित शिक्षक पढ़ायेंगे क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा**

**मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में 11 नये तीर्थस्थल शामिल**

**ग्राम स्तरीय हेल्प डेस्क में एक साल के लिए संविदा रखे जायेंगे पंस स्वयंसेवक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने मंगलवार हुई कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी। बैठक में सरकार ने राज्य कर्मियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी बढ़ोत्तरी की। उन्हें 50 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2024 से मिलेगा। कैबिनेट की बैठक के बाद सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि 1932 का खतियान, सरना धर्म कोड और आदिवासी-मूलवासी के मुद्दे झारखंड के लिए अहम हैं। इसके अलावा सरकार ने लंबे समय से आंदोलन कर रहे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को ग्राम स्तर पर खोले जा रहे हेल्प डेस्क में इन्हें संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिए रखने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 2500 प्रतिमाह भुगतान किया जाएगा।

कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा कि प्राइमरी स्कूलों में क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा की पढ़ाई के लिए घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति होगी। प्रति घंटे 200 रुपये और अधिकतम प्रतिदिन 600 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इनकी कार्य अवधि प्रतिमाह 25 दिनों की होगी। इसके अलावा बीपीएल श्रेणी के तीर्थयात्रा संबंधी योजना में झारखंड के 11 तीर्थ स्थल और देश में 30 स्थलों को जोड़ा गया।

**पाठ्यपुस्तकों की राशि में वृद्धिः** झारखंड के सरकारी स्कूलों की कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्रों को दी जानेवाली पाठ्यपुस्तकों की राशि में वृद्धि की गयी है। वहीं न्यू झारखंड भवन के लिए 105 करोड़ की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गयी है। मुसाबनी से ओड़िशा बॉर्डर की सड़क के लिए 35 करोड़ और दुमका में रानेश्वर पथ के लिए 65 करोड़ की राशि मंजूर की गयी।

**कैबिनेट ने सड़कों के लिए राशि की दी मंजूरीः** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चतरा-रांची पथ के लिए और डीएवी पुंदाग से डीएवी हेहल तक फोर लेन सड़क के लिए राशि की मंजूरी दी है।

(शेष खबर पेज 2 पर)

### सीएम चंपई ने सुप्रीम कोर्ट के बहाने केंद्रीय एजेंसियों पर किया प्रहार

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन इलेक्ट्रोल बांड पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुप्रीम कोर्ट की फटकार लगाने पर एजेंसियों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल के जरिए केंद्रीय एजेसियों पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव और इलेक्ट्रोल बांड तक, इस देश में लोकतंत्र सिर्फ सुप्रीम कोर्ट की वजह से बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बाकी संस्थाएं और एजेंसियां, अपने कर्त्तव्यों को भुला कर, सिर्फ और सिर्फ एक ही पार्टी विशेष की सेवा में तत्पर दिख रही है।

# चुनाव आयोग 15 मार्च तक चुनावी बांड का ब्योरा कर सकता है सार्वजनिक !

**एसबीआइ ने चुनाव आयोग को सौंपा ब्यौरा**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एसबीआइ ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने चुनावी बांड का ब्यौरा चुनाव आयोग को सौंप दिया है। बैंक ने कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग 15 मार्च तक इसे सार्वजनिक कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एक दिन पहले ही बैंक को आदेश दिया था कि वह 12 मार्च तक इस ब्योरे को चुनाव आयोग को सौंप दे। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआइ की याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उसने विवरण देने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी।

**क्या रहा है घटनाक्रम :** इलेक्टोरल बांड का मामला 2017 से शुरू हुआ। फाइनेंस बिल में इलेक्टोरल बॉण्ड योजना को पेश किया गया था। 14 सितंबर 2017 को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स एनजीओ ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल कर योजना को चुनौती दी थी। 3 अक्टूबर 2017 को सुप्रीम कोर्ट ने पीआइएल पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया।

**31 अक्टूबर 2023 से शुरू हुई सुनवाई :** 16 अक्टूबर 2023 को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने योजना के खिलाफ याचिकाओं को 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेज दिया। 31 अक्टूबर, 2023 को चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने योजना के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की।

**15 फरवरी को योजना कैंसिल :** 2 नवंबर 2023 को शीर्ष न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया। 15 फरवरी, 2024 को कोर्ट ने योजना रद्द कर फैसला सुनाया और कहा कि यह भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार के साथ सूचना के अधिकार का उल्लंघन करता है।

## नायब सिंह सैनी बने हरियाणा के सीएम पांच मंत्रियों के साथ पद की ली शपथ

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** श्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को पांच मंत्रियों के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद थे। श्री सैनी के साथ सर्वश्री कंवर पाल, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह, जयप्रकाश दलाल और डॉ. बनवारी लाल ने मंत्री पद की शपथ ली।

**मनोहर लाल खट्टर ने सीएम पद से दिया था इस्तीफा :** इससे पूर्व मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस्तीफा दे दिया था, जिससे करीब पाँच साल पुराने भाजपा-जननायक जनता पार्टी गठबंधन टूट गया। सूत्रों के अनुसार गठबंधन टूटने से जजपा का लोस चुनाव में दो सीटें मांगना था। अपराह्न तीन बजे श्री सैनी ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। उनके साथ मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके मनोहर लाल खट्टर भी थे। श्री सैनी ने भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर एक्स पर पीएम नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा प्रभारी विप्लव देव और श्री खट्टर का आभार जताया।


## अगले तीन दिनों में चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा तापमान, 16-18 मार्च तक छिटपुट बारिश के आसार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के मौसम में अब गर्मी की दस्तक पड़ चुकी है। तेज धूप के साथ ही लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। आने वाले दिनों में राज्य में गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले तीन दिनों के अंदर तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने 15 मार्च तक राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 34 डिग्री तक पहुंचने की जानकारी दी है, जबकि न्यूनतम तापमान 19 डिग्री तक रहने की संभावना है। इससे लोगों को दिन में अधिक गर्मी का एहसास होगा। हालांकि 13 और 14 मार्च को राज्य के कुछ हिस्सों में आंशिक बादल का असर देखा जायेगा। वहीं 15 मार्च को मौसम साफ रहेगा। जबकि 16 से 18 मार्च तक राज्य के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश के आसार है।

राजधानी रांची की बात करें तो आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा। 15 मार्च को राजधानी का मौसम साफ रहेगा।



### दुमका : सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में मंगलवार को अलग-अलग सड़क दुघर्टना में तीन लोगों की मौत हो गयी और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शिकारीपाड़ा और जामा थाना क्षेत्र की है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में पश्चिम बंगाल की सीमा पर लोरीपहाड़ी गांव के समीप एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# चार आइएएस अधिकारी बदले और चार को सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने चार आइएएस का तबादला किया है, जबकि चार आइएएस को अतिरिक्त प्रभार दिया है। निदेशक एटीआई के. श्रीनिवासन को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसके साथ एटीआई का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। वहीं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर को सचिव नगर विकास विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी कमिश्नर बाल किशुन मुंडा को प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त पलामू बनाया गया है। वहीं राजस्व, भूमि सुधार एवं निबंधन विभाग के विशेष सचिव अंजनी कुमार मिश्र को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी कमिश्नर बनाया गया है। प्रतीक्षारत फैज अक अहमद को बागवानी निदेशक बनाया गया है। उच्च शिक्षा विभाग के अपर सचिव सुनील कुमार को उत्पाद आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार मिला है। जुडको के एमडी वरूण रंजन को खान आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रतीक्षारत हिमांशु मोहन को सीइओ मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की जिम्मेवारी सौंपी गई है। कार्मिक विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया गया है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 61300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76000 रु./प्रति किलो |


**तीसरी आंख**




# 31 मार्च तक देश में एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा कोयला मंत्रालय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, ऊर्जा क्षेत्र में सतत विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में अपनी यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा अथक प्रयास और रणनीतिक पहल की जा रही है। इसके तहत कोयला मंत्रालय 31 मार्च, 2024 तक एक बिलियन टन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर है।

**6 मार्च 2024 तक भारत में कोयला उत्पादन का लक्ष्य 900 मिलियन टन के आंकड़े को पार**




कोयला मंत्रालय के आकड़ों पर नजर दौड़ायें तो 6 मार्च 2024 तक भारत में कोयला उत्पादन का लक्ष्य 900 मिलियन टन के आंकड़े को पार कर चुका है। कोयला मंत्रालय के लिए यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। इस तरह देखा जाय तो कोयला मंत्रालय 31 मार्च, 2024 तक एक बिलियन टन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल कर सकता है। विशेष रूप से वर्तमान वित्त वर्ष यानी 2023-24 के दौरान देश ने 27 दिन पहले ही पिछले वर्ष के 893.19 एमटी कोयला उत्पादन के आंकड़े को पीछे छोड़कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कोयला कंपनियों के पास लगभग 85 एमटी कोयले का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जबकि घरेलू कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों के पास 5 मार्च, 2024 तक 43.28 एमटी कोयले का स्टॉक उपलब्ध था, जिससे देश में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होती है। मंत्रालय की मानें तो पर्याप्त कोयला भंडार और रिकॉर्ड-तोड़ कोयला उत्पादन बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करता है, खासकर चरम खपत की अवधि के दौरान। इससे ऊर्जा क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा मिलता है और आर्थिक विकास को समर्थन मिलता है।

कोयला उत्पादन में भारत की 900 एमटी से अधिक की उपलब्धि न केवल भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करती है बल्कि कोयला आयात पर निर्भरता को भी कम करती है, जिससे विदेशी मुद्रा की काफी बचत होती है।

## देवघर-बासुकीनाथ रोड की फोरलेन योजना को मंजूरी

**एजेंसी**

**रांची।** केंद्रीय पथ परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने झारखंड में 292.65 करोड़ रुपये की लागत की सड़क परियोजना को मंजूरी दी है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दुमका जिला के अंतर्गत नेशनल हाईवे 114-ए में टावर चौक से बासुकीनाथ सेक्शन वाली सड़क को एचएएस मोड़ पर फोरलेन किया जाएगा। श्री गडकरी ने कहा कि यह सड़क परियोजना देवघर और बासुकीनाथ पर्यटन क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण होगी और इसके फोर लेन बनने से आवागमन काफी आसान होगा। अभी यह रोड दो लेन है। श्रावणी मेला में इस रोड में काफी भीड़ हो जाती है। ऐसे में इसके चौड़ीकरण की आवश्यकता थी, जिसे बदलकर फोरलेन किया जाएगा। इसके बनने से पूरे क्षेत्र का आर्थिक विकास संभव हो सकेगा।



## मो. जहूर आलम की एक वेतनवृद्धि पर रोक

रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के अधिकारी मो. जहूर आलम को दंडित किया गया है। उनकी असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि पर रोक का दंड लगाया गया है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। उनके विरूद्ध प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतापपुर चतरा के पद पर रहते 2019 में आरोप लगे थे। प्रतापपुर में उनके विरूद्ध बीडीओ के पद पर रहते हुए सेवानिवृत पंचायत सचिव प्रतापपुर श्यामल कुमार को सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत वृद्धा पेंशन वितरण के लिए दिए गये अग्रिम एवं समायोजित राशि 1074200 रुपये के समयोजन अथवा वापसी के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं की गयी। इस कारण लक्षित समूह को योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो सका। मो .आलम के इस कृत्य से सरकारी राशि का दुरूपयोग हुआ। बताते चलें कि प्रतापपुर में वे दो साल आठ माह तक कार्यरत थे। मामले में दो बार स्पष्टीकरण हुआ। यह बात भी सामने आयी कि एक साथ कई प्रखंड के प्रभार में भी थे। इस वजह से काफी व्यस्तता रही। उनके स्पष्टीकरण की समीक्षा के बाद कार्मिक विभाग ने यह कार्रवाई की है।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Reference No RCD/FSD/AP/RAN/75/23-24 दिनांक 07.03.2024 जिसका पी0आर0न0–322004 Road (23–24) D है में निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि में संशोधन किया गया है, जिसे निम्न प्रकार पढ़ा जाय। शेष शर्तें यथावत रहेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 15.03.2024, 05.00 PM |
| 2- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 01.04.2024, 12.30 PM |
| 3- | Date and Timing of Bid opening | 02.04.2024, 12.30 PM |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer.,**
**Field Survey Division, A.P**
**Road Construction Department, Ranchi**

PR 322305 (Road)23-24*D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम– खुशी परवीन, उम्र– 21 वर्ष,
रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, 02 ईंच,
पहनावा– ब्लु रंग का सलवार सूट, पैर में चप्पल ।

उपरोक्त लापता लड़की खुशी परवीन, उम्र– 21 वर्ष, पिता– मो0 तबरेज, सा0– चौली, पो0– कुम्हारिया, थाना– पिठोरिया, जिला– राँची जो दिनांक– 01.02.2024 को दोपहर 03.00 बजे से लापाता है, जिसके संबंध में पिठोरिया थाना सन्हा संख्या–17/24 दिनांक–02.02.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापाता लड़की कहीं मिलती/दिखती है, तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय म या निम्नलिखत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें ।

पुलिस उपाधीक्षक मु0 01 राँची | 9431706141
थाना प्रभारी पिठौरिया राँची | 9431706186

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 322219 Police(23-24)#D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम– शबाना परवीन, उम्र–34 वर्ष,रंग–गोरी, ऊँचाई–05 फीट, पहनावा– सलवार सूट, गोल्डेन कलर का नकाब,ग्रे कलर का स्कार्प।**

उपरोक्त लापाता महिला शबाना परवीन, उम्र–34 वर्ष, पिता– सयुफ अंसारी, सा0पो0– कटामकुली, थाना– पिठोरिया, जिला– राँची जो दिनांक–03.03.2024 को समय 10:30 बजे सुबह अपने घर से रातु सरकारी अस्पताल अपना ईलाज कराने गई थी, तब से वापस नहीं लौटी, लापाता है। जिसके संबंध में पिठोरिया थाना सन्हा संख्या–07/24 दिनांक–04.03.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है । उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापाता महिला कहीं मिलती/दिखती है, तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें ।

पुलिस उपाधीक्षक मु0 01 राँची | 9431706141
थाना प्रभारी पिठौरिया राँची | 9431706186

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 322227 (Police)23-24*D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा।**
**गृह (कारा) विभाग**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना।**

| क01 | कारा का नाम | मंडल कारा, कोडरमा। |
|---|---|---|
| 2 | विषय | मंडल कारा कोडरमा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार, के खाद्यानों,खस्सी मांस एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण (वार्षिक ई0 निविदा दिनांक–01.04.2024 से 31.03.2025 तक) |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | रूपये 5,000:00 (पाँच हजार) मात्र |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | दिनांक–15.03.2024 से 23.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा Online Upload करने की तिथि | दिनांक–15.03.2024 से 23.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि | दिनांक–26.03.2024 से 27.03.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7 | अग्रधन राशि (EMD) रूपये 2500/– से अधिक होने पर जमा करने की तिथि | दिनांक–26.03.2024 से 27.03.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक–28.03.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में। |

नोट:–
1.उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर केवल **e-tender** के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online** ही स्वीकार की जायेगी।
3.अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। **e-tender** को **Online upload** करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में **Helpline No.9430342752** से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा।

PR.NO.322320 Home, Prison And Disaster Management(23-24):D


# देश के सात राज्यों के आठ शहरों में झारखंड के मजदूरों की मदद करेगा प्रवासन सहायता केंद्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के कुशल मजदूरों को अपने राज्य से बाहर काम करने में अब कोई परेशानी नहीं होगी। झारखंड सरकार ने ऐसे प्रवासी कुशल मजदूरों के लिए देश के सात राज्यों में स्थित 8 शहरों में प्रवासन सहायता केंद्र खोला है। इसकी शुरूआत मंगलवार को होटल रेडिसन ब्लू में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने की। इस अवसर पर श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा मौजूद थे। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राज्य में कई उद्योग खोले जा रहे हैं। जिससे यहां के मजदूरों को काम करने बाहर ना जाना पड़े। फिलहाल श्रमिकों को अगर किसी तरह की परेशानी हुई तो वे इन सेंटर्स पर सरकार से मदद ले सकते हैं। श्रम मंत्री ने कहा कि लेह लद्दाख जैसे क्षेत्र में भी जल्द सरकार प्रवासन सहायता केंद्र खोलने जा रही है। इन जगहों पर बड़ी संख्या में झारखंड के मजदूर काम की तलाश में जाते हैं। इन केंद्रों से मजदूरों का काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रवासन केंद्र के जरिए सरकार को झारखंड के श्रमिकों की विस्तृत जानकारी भी मिलेगी और उन्हें परदेश में सहायता भी मिलेगी। एक प्रवासन सहायता केंद्र में करीब 100 बेड उपलब्ध होंगे जहां अपने माता-पिता के साथ जाने वाले श्रमिकों को ठहरने की सुविधा होगी। मौके पर श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा ने कहा कि कोरोना के समय में मजदूरों को बहुत कठिनाइयां हुई। उनके लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने कई कदम उठाए है। झारखंड सरकार ने प्रवासी मजदूरों की सहायता के लिए एक और नया कदम उठाया है। जिसके तहत जब काम को लेकर कोई भी विभिन्न जगहों में प्रवास करता है तो वहां किसी प्रकार की समस्या ना हो। इसके लिए प्रवासन केंद्रों को खोला गया है। जिसमे एक माह तक रहने और खाने की निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। ये केंद्र काउंसलिंग सेंटर की तरह भी काम करेगा।

इसके साथ झारखंड के लोगों के लिए लोकल गर्डियन का काम करेगा। श्रम विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि झारखंड में रहते हुए झारखंड से जो लोग बाहर रोजगार के लिए जाते हैं एक सपोर्ट सेंटर डेवलप किया गया है। कभी भी कोई बाहर जाता है तो माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर की कोशिश आपको दूर प्रदेश में घर जैसा माहौल देने की होगी। वहां कॉमन रूम से लेकर एलईडी रूम तक की सुविधा है। वहां पुरुष और महिला को अकोमोडेट करने का प्रयास भी किया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग जल्द ही प्रवासन सहायता केंद्र के बारे में हेल्पलाइन नंबर जारी करेगा, जिससे कौन से शहर में कहां यह प्रवासन सहायता केंद्र स्थापित है, उसकी जानकारी मिल सकेगी।

झारखंड सरकार के द्वारा एक साथ देश के सात राज्यों के 8 वैसे शहरों में प्रवासन सहायता केंद्र खोले गए हैं जहां झारखंड के ज्यादा श्रमिक काम करने जाते हैं। जिन राज्यों और शहर में ऑनलाइन ये केंद्र खोले गए हैं उनमें नई दिल्ली, नीमराना (राजस्थान), अहमदाबाद (गुजरात), पुणे (महाराष्ट्र), हैदराबाद (तेलंगाना), बंगलुरू (कर्नाटक), चेन्नई (तमिलनाडु), तिरुप्पुर (तमिलनाडु) शामिल हैं। इन प्रवासन सहायता केंद्र का संचालन स्थानीय एनजीओ के माध्यम से राज्य सरकार करेगी। उद्घाटन मौके पर केंद्र संचालकों द्वारा ऑनलाइन सहायता केंद्र में की गई सुविधा की जानकारी दी गई। कुशल मजदूर के बाद राज्य सरकार का मिशन अकुशल मजदूर जिनकी संख्या करीब एक करोड़ है, उनके लिए भी दूसरे राज्यों में केंद्र खोलने की तैयारी है।

# राष्ट्रपति का समय नहीं मिलना झारखंड के लोगों के लिए दुर्भाग्य : विनोद पांडे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** इंडिया गठबंधन को राष्ट्रपति से मिलने का समय नहीं मिला। इसपर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रतिक्रिया दी है। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को राष्ट्रपति से मिलने का समय नहीं मिलना प्रदेश के लोगों के लिए दुर्भाग्यजनक है। पांडे ने ने कहा कि 4 मार्च को झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा एक पत्र राष्ट्रपति भवन को भेजा गया था, जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं गठबंधन दलों के नेताओं की ओर से राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा गया था, मगर राष्ट्रपति भवन द्वारा आई सूचना के अनुसार, समय अभाव के कारण राष्ट्रपति मिलने में असमर्थ हैं।

### समय नहीं मिलना दुर्भाग्यजनक- झामुमो

विनोद पांडे ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यजनक है कि झारखंड की अस्मिता से जुड़े तीन मामले आरक्षण का दायरा बढ़ाने, सरना धर्म कोड और 1932 खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति को लेकर इंडिया गठबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिलना चाहता था, पर समय नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड झारखंड के आदिवासी समाज का सबसे प्रमुख मांग रहा है और इसको लेकर लंबे समय से आंदोलन किया जा रहा है। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने इस बिल को विधानसभा से पास करके राजभवन भेजा। इसके साथ ही झारखंड के लोगों के बहुत पुरानी मांग 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति का बिल भी हेमंत सोरेन सरकार ने विधानसभा से पास करके राजभवन को भेजा। मगर इस दुर्भाग्य ही कहा जाएगा की राजभवन में लंबे समय से लटकाया और फिर सरकार को वापस भेज दिया गया।

### राजभवन में लौटाए कई बिल

पांडेय ने कहा कि इसके बाद फिर सरकार ने इस बिल को पास करके राजभवन को भेजा गया है। इसी तरह झारखंड में एसटी एससी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण का दायरा बढ़ाते हुए एसटी को 26 से 28, एसी का 10 से 12 और ओबीसी का 14 से 27 प्रतिशत करने का बिल पास करके राजभवन को भेजा गया।

### गठबंधन का खाखा तैयार, जल्द होगी घोषणा

विनोद पांडे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सीटों का खाखा तैयार हो चुका है। बहुत जल्द सीट और प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है। कौन सीट पर क्या पेंच है। यह मीडिया के ऊपज है, सारा कुछ तय हो चुका है बस थोड़ा सा इंतजार करें।

## कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले

रांची। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों की मंजूरी दी गयी।

- झारखंड भवन नई दिल्ली के निर्माण के लिए पुर्नरीक्षित राशि की स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गिरीडीह, चतरा में पथ निर्माण की स्वीकृति।
- सरकारी गैर सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के वर्ग 1 से 8 में पढने वाले विद्यार्थियों के मूल्यांकन की स्वीकृति दी गई।
- परिवहन भत्ता में संशोधन लेवल वन और टू श्रेणी के कर्मियों को मिलेगा लाभ।
- खूंटी सहित 8 नये पॉलिटेक्निक संस्थान का संचालन प्रेझा फॉउडेशन के द्वारा की जाने की स्वीकृति।
- पथ प्रमंडल रांची के डीएवी पुदांग से हेहल तक 4 लेन सड़क के लिए राशि की प्रशासनिक स्वीकृति।
- सरकारी सेवकों के आवास किराया भत्ता के अनुमान्य की स्वीकृति।
- पंचम विधानसभा के बजट सत्र के सत्रावसान की स्वीकृति।
- वन क्षेत्र पदाधिकारियों की सेवा अवधि विस्तारित करने की स्वीकृति। एक-एक वर्ष विस्तार के साथ अधिकतम तीन साल तक विस्तार होगा।
- सहायक वन संरक्षकों की सेवा अवधि विस्तार की स्वीकृति. एक-एक वर्ष विस्तार के साथ अधिकतम तीन साल तक विस्तार होगा।
- राज्य के प्राइमरी स्कूल में जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा की पढाई के लिए घंटी आधारित शिक्षकों से पढाई होगी। प्रत्येक घंटी 200 रुपये और अधिकतम 600 रुपये तक प्रतिदिन शिक्षकों को मिलेंगे। अधिकतम कार्यदिवस 25 दिन प्रति माह होगा।
- बंदगांव में डिग्री महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 25 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति।
- राज्य सरकार के कर्मियों को महंगाई भत्ता बढा। 1 जनवरी 2024 से होगा प्रभावी. पेंशनभोगियों को भी मिलेगा लाभ। अब 50 फीसदी मिलेगा महंगाई भत्ता।
- पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक से हेल्पडेस्क में काम लिया जायेगा। ग्राम सभा के अनुशंसा के आधार पर एक साल से कार्य अवधि बढ़ाई जा सकेगी। 2500 रु. प्रतिमाह मिलेगा भत्ता।

# ऐसे ही नहीं पड़ा अंबा के यहां छापे...

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** अवैध खनन सहित कई मामलों की जांच कर रही इडी ने मंगलवार को विधायक अंबा प्रसाद सीओ शशिभूषण सिंह के कई ठिकानों पर दबिश दी। विधायक के रांची स्थित आवास, हजारीबाग के हुरहुरू स्थित आवास सहित करीबियों के ठिकानों पर रेड मारा। बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के खिलाफ इडी के रांची जोनल आफिस में मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर इडी के डिप्टी डायरेक्टर स्तर के अधिकारी ने पुलिस से अंबा प्रसाद के खिलाफ दर्ज सारे एफआईआर की जानकारी मांगी थी। इसके बाद पुलिस ने विधायक के खिलाफ दर्ज कांडों की सूची इडी को सौंपी। अंबा प्रसाद पर हजारीबाग के केरेडारी (37/18), बड़कागांव (113/21) और कटकमदाग (96/21) और (217/21) थाना में मामला दर्ज हैं। केरेडारी में दर्ज केस में पुलिस ने चार्जशीट दायर हो चुकी है।

**जमीन हेरफेर सहित कई आरोप है शशिभूषण सिंह पर :** कटकमदाग अंचल के पूर्व प्रभारी अंचल अधिकारी शशि भूषण सिंह, अंचल निरीक्षक दिलीप कुमार गुप्ता, हल्का कर्मचारी राजकेश्वर राम के खिलाफ पंजी-2 में छेड़छाड़ करने और फर्जी दस्तावेज के आधार पर 84 डिसमिल जमीन का म्युटेशन करने के आरोपी में हजारीबाग के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत के आदेश पर जून 2023 में कटकमदाग थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। कटमकदाग के लुप्ता गांव निवासी सूरज कुमार ने सीजीएम के यहां परिवाद पत्र दाखिल किया था। इसकी सुनवाई के क्रम में अदालत ने जमीन के दस्तावेजों में छेड़छाड़ करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था। एक साथ 23 वर्षों का लगान निर्गत करने का आरोप शशिभूषण सिंह पर है।

### जिस राजू साव के ठिकाने पर इडी ने दी दबिश, जा चुका है जेल

रांची। झारखंड में अवैध खनन सहित कई मामलों की जांच कर रही इडी ने मंगलवार को विधायक अंबा प्रसाद और उसके करीबी के ठिकानों पर दबिश दी। इनमें राजू साव का भी नाम शामिल है। फरवरी 2020 में हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र स्थित एनटीपीसी के अधिकारियों को शराब के नशे में अपने अन्य साथियों के साथ गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में हजारीबाग पुलिस ने राजू साव सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया था। राजू साव पर उग्रवादी संगठन के सरगना होने का आरोप लगा था। बताया जाता है कि कांग्रेस के विधायक और झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की मंत्री पद की कुर्सी राजू साव के वजह से ही चली गई थी। राजू साव हजारीबाग जिले के ओबीसी के उपाध्यक्ष भी रहे है। राजू साव पर झारखंड बचाओ रक्षा आंदोलन उग्रवादी संगठन के सरगना होने का आरोप लगा था। एक दूसरा उग्रवादी संगठन झारखंड टाइगर ग्रुप जिसका मेन्टॉर बनने का आरोप योगेंद्र साव पर लगा था, उसके सरगना राजकुमार गुप्ता ने पुलिस को बयान दिया था कि योगेंद्र साव ने जो हथियार उन लोगों को उपलब्ध कराए थे। उसे चलाने का प्रशिक्षण भी राजू साव ने ही दिया था। सोशल मीडिया पर तत्कालीन सीएम रघुवर दास के साथ उग्रवादी संगठन का सरगना बनने का आरोपी राजू साव का फोटो भी वायरल हुआ था। इससे पहले हेलीकॉप्टर में राजू साव की तस्वीर योगेंद्र साव के साथ वायरल हुई थी।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
**जिला परियोजना कार्यालय**
**प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, समाहरणालय परिसर, गुमला पिन–835207**
**ईमेल : ssa09gumla@gmail.com**

**आम सूचना**

**जिला के उत्कृष्ट विद्यालयों (CBSE बोर्ड से मान्यता प्राप्त) में नामांकन हेतु आवेदन प्राप्त करने के संबंध में :–**

गुमला जिला के 03 उत्कृष्ट विद्यालयों (CBSE बोर्ड से मान्यता प्राप्त) में शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में निम्नांकित रिक्त सीटों के विरूद्व नामांकन परीक्षा के आधार पर लिया जाना है। जिसका ब्यौरा निम्नवत् है :–

| CLASS | CM SOE KGBV GUMLA | CM SOE S.S. GIRLS HIGH SCHOOL GUMLA | CM SOE S.S. HIGH SCHOOL GUMLA | TOTAL |
|---|---|---|---|---|
| VI | 25 | 40 | 80 | 145 |
| VII | 0 | 2 | 15 | 17 |
| VIII | 0 | 48 | 30 | 78 |
| IX | 0 | 27 | 20 | 47 |
| **TOTAL** | **25** | **117** | **145** | **287** |

गुमला जिला में निवास करने वाले इच्छुक अभिभावक/माता–पिता अपने बच्चों के नामांकन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय/संबंधित विद्यालय से विहित नामांकन प्रपत्र प्राप्त करते हुए भरा हुआ आवेदन पत्र संबंधित विद्यालय में दिनांक 10.03.2024 तक निर्धारित था।

परंतु प्रशासी पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के कार्यालय पत्रांक ME/01/1267/2024/903 दिनांक 11.03.2024 को प्राप्त निदेश के आलोक में विहित नामांकन प्रपत्र जमा करने की तिथि, स्क्रुटनी तिथि, आपत्ति तिथि एवं परीक्षा तिथि को संशोधित किया गया है। उक्त आलोक में अब संबंधित विद्यालय से विहित नामांकन प्रपत्र प्राप्त करते हुए भरा हुआ आवेदन पत्र संबंधित विद्यालय में जमा करने की अवधि दिनांक 15.03.2024 तक विस्तारित की जाती है।

साथ ही प्राप्त आवेदन का स्क्रुटनी कर दिनांक 19.03.2024 को विद्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जायेगा। उक्त प्रकाशित सूची में कोई आपत्ति हो तो छात्र/माता/पिता/अभिभावक दिनांक 20.03.2024 से 21.03.2024 तक अपराह्न 2:30 बजे तक संबंधित विद्यालय में अपना आपत्ति आवेदन जमा कर सकते हैं। योग्य अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा दिनांक 22.03.2024 को आहूत किया जायेगा। इस हेतु एडमिट कार्ड विद्यालय द्वारा जारी किया जायेगा जिसमें निर्धारित परीक्षा केन्द्र का नाम एवं समय सारणी अंकित रहेगा।

PR 319615 Jharkhand Education Project Council (23-24) D

जिला शिक्षा पदाधिकारी
गुमला

PR 322302 Jharkhand Education Project Council(23-24).D


### के श्रीनिवासन ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव का पदभार ग्रहण किया



**रांची।** के श्रीनिवासन ने मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के 18 वें सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर निवर्तमान सचिव चंद्रशेखर ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पदभार लेने के बाद सचिव के श्रीनिवासन ने सभी पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात की और उनका परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, विशेष सचिव राजेश कुमार राय सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## खबर एक नजर में


### शशिकर सामंत बने पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ आठ आइएफएस को अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने आठ आइएफएस (भारतीय वन सेवा) को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वन विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया। निदेशक बंजर भूमि विकास बोर्ड के पद पर पदस्थापित शशिकर सामंत को पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एफडीए के पद पर पदस्थापित विश्वनाथ साह को निदेशक झारपार्क्स का अतिरिक्त पर्भार सौंपा गया है। क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक दुमका के पद पर पदस्थापित सतीश चंद्र राय को वन संरक्षक देवघर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया ह। वहीं प्रतीक्षारत सत्य प्रकाश नेगी को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्य नियोजना की जिम्मेवारी सौंपी गई है। डीएफओ देवघर के पद पर पदस्थापित राजकुमार साह को सामाजिक वानिकी प्रमंडल देवघर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उपनिदेशक पीटीआर के पद पर पदस्थापित कुमार आशीष को डीएफओ मेदिनीनगर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विकास उज्जवल को डीएफओ सिमडेगा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं रांची डीएफओ श्रीकांत वर्मा को सामाजिक वानिकी प्रमंडल रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### लोस चुनाव को लेकर 6 अवर सचिव की मंत्रिमंडल निर्वाचन में प्रतिनियुक्ति

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के 6 अवर सचिव स्तर के पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में की गई है। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मनोज कुमार सिंह प्रधान मुख्य संरक्षक कार्यालय में कार्यरत संजय कुमार सिन्हा, राजस्व परिषद के घनश्याम प्रसाद, जल संसाधन विभाग से विनोद कुमार, उद्योग विभाग से संतोष कुमार चौबे, कृषि विभाग से विभाग चंद्र सिंह की प्रतिनियुक्ति लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में की गई है।

### वाहन कोषांग के प्रभारियों को सीईओ ने दिया ऑनलाईन प्रशिक्षण



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सूबे के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा है कि वे आसन्न लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर पारदर्शी एवं मितव्ययी वाहन प्रबंधन के लिए वाहन प्रबंधन प्रणाली के सार्थक एवं प्रभावी उपयोग के लिए सभी तैयारियां समय पूर्व पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा विकसित वीएमएस सॉफ्टवेयर के उपयोग से चुनाव के लिए प्रयुक्त किये जाने वाले वाहनों के लिए अधिग्रहण से लेकर प्रचालन, अग्रिम भुगतान, ईंधन की उपलब्धता से लेकर वाहन मालिक सहित पेट्रोल पंप मालिकों के लिए पारदर्शी तरीके से ऑनलाईन भुगतान संभव हो सकेगा। इस लेकर मंगलवार को राज्य के सभी जिलों के वाहन कोषांग के प्रभारी पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों का ऑनलाईन प्रशिक्षण सत्र सम्पन्न हुआ।

# झारखंड को मिली एक और ट्रेन की सौगात

## पीएम ने रांची-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची से बनारस के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन को रवाना करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को संबोधित किया और नई ट्रेन के लिए बधाई भी दी। रांची से खुलने वाली यह तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है। इस ट्रेन की यात्रा का स्कूली बच्चों ने भी लुत्फ उठाया। रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित इस समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन समेत मंत्री, सांसद, विधायक और रेलवे अधिकारी समेत बड़ी संख्या में जनता उपस्थित रहे। बता दें कि पूरे देश में मंगलवार को 10 नई वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत की गई। जिसमें रांची से बनारस के लिए भी एक ट्रेन की शुरूआत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद रांची स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों और नेताओं ने ट्रेन को बनारस के लिए रवाना किया। वंदे भारत ट्रेन से लोग अब महज 7 घंटे में ही रांची से बनारस तक का सफर कर पाएंगे। इस ट्रेन का रंग केसरिया है।

**रांची-बनारस वंदे भारत लोहरदगा-डालटेनगंज रूट से चले : आदित्य साहू**



राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि जो लोगों का सपना था, आज उसे पीएम मोदी पूरा कर रहे हैं। देश को विकास की जरूरत थी, लेकिन इस पर किसी ने चिंता नहीं की। लोगों को केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाने की चिंता थी, लेकिन पीएम मोदी ने देश की जरूरत को समझा। इसलिए रेलवे के क्षेत्र में विकास करने के लिए वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी। सांसद आदित्य साहू आगे कहते हैं कि पीएम मोदी ने गरीबी को देखा है। इसलिए वह जानते हैं कि गरीबी का दर्द क्या होता है। वह चुनाव जीतने के बाद वादे को नहीं भूलते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस रूट से कई ट्रेनें बनारस को जाती है। इसलिए पीएम मोदी से मेरा आग्रह है कि रांची-लोहरदगा-डाल्टेनगंज होकर जाने वाली रूट पर इस ट्रेन का संचालन हो। चूंकि हमारी परंपरा है, हम अस्थियों को लेकर बनारस जाते हैं। इसलिए इस ट्रेन का संचालन इस रूट से किया जाए।

### पीएम मोदी ने जो वादा पूरा किया : समीर उरांव

सांसद समीर उरांव ने कहा कि पीएम मोदी को पता था कि देश को विकास के लिए रेल के क्षेत्र में भी आगे आना होगा। आज स्टेशनों का विकास हो रहा है, ट्रेनों का उत्थान हो रहा है। पीएम मोदी ने जो वादा किया था वह आज पूरा किया। मोदी की गारंटी पूरी हुई।

### देश की तरह झारखंड भी बढ़ रहा प्रगति के पथ पर : बिरुवा

मंच से मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि मैं रांची सांसद संजय सेठ का शुक्रिया कहता हूं जिन्होंने वादा किया था कि झारखंड को जल्द ही तीसरे वंदे भारत की सौगात मिलेगी। मैं पीएम मोदी और रेल मंत्री को भी धन्यवाद कहता हूं जिन्होंने झारखंड को यह सौगात दी है। देश की तरह ही झारखंड भी प्रगति की राह में आगे बढ़ रहा है। जिस तरह से देश में रेल पटरियों की जाल बिछायी जा रही है और उसपर ट्रेनें, उसी तरह रांची मुख्यालय से हर गांव को जोड़ने और उसपर बस सेवा शुरू करने का काम राज्य सरकार कर रही है।

## खबर एक नजर में

### 5 आईएएस और झाप्रसे के एक अधिकारी को मिला अतिरिक्त प्रभार, अधिसूचना जारी

**रांची।** महानिदेशक कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान झारखण्ड रांची के पद पर पदस्थापित सुखदेव सिंह अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मुख्य स्थानिक आयुक्त, झारखण्ड भवन, नई दिल्ली के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। सचिव खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव डॉ अमिताभ कौशल अतिरिक्त प्रभार-सचिव, आपदा प्रबंधन प्रभाग, अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग झारखण्ड के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। मुख्यमंत्री के सचिव के पद पर पदस्थापित अरवा राजकमल अतिरिक्त प्रभार सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची आपदा प्रबंधन प्रभाग को छोड़कर अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ स्थानिक आयुक्त, झारखण्ड भवन, नई दिल्ली के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वहीं, प्रभारी सचिव, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पद पर पदस्थापित मुकेश कुमार, अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रभारी सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। प्रबंध निदेशक झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, रांची के पद पर पदस्थापित सत्येन्द्र कुमार अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ निदेशक, नगरीय प्रशासन, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रांची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इनके अलावा जियाडा आदित्यपुर प्रक्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन को अगले आदेश तक जेटीडीसी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### सीएम से मिले रश्मि ग्रुप के अध्यक्ष एसके पटवारी



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से को झारखंड मंत्रालय में रश्मि ग्रुप, कोलकाता के अध्यक्ष एसके पटवारी ने मुलाकात की। भेंटवार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री को उन्होंने रश्मि ग्रुप, कोलकाता द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया तथा राज्य में स्टील तथा कोल माइंस के क्षेत्र में निवेश करने की इच्छा जताई।

### डबल मर्डर मामले में रांची पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने डबल मर्डर मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पिछले महीने फरवरी माह में अपराधियों ने पंडरा ओपी इलाके में डबल मर्डर की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था। अपराधियों ने पति-पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी थी और फरार हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बिरसा मुंडा और उसकी पत्नी सोनी मुंडा घर में ही कुर्सी पर बैठे हुए थे, उसी दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाश उनके घर पहुंचे दरवाजा खटखटाया, दरवाजा खुलते ही अपराधियों ने गोलियां चला दीं। पांच गोलियां बिरसा को और कुछ गोलियां उसकी पत्नी को लगी थी। फायरिंग के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अंजनी ने किया प्रमंडलीय आयुक्त का पदभार ग्रहण



रांची। अंजनी कुमार मिश्र मंगलवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के 27वें आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2011 बैच के अधिकारी हैं। इससे पूर्व वे राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत थे। इस मौके पर आयुक्त के सचिव जुल्फिकार अली, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी गौतम कुमार भगत, परिवहन आयुक्त समेत आयुक्त कार्यालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### 210 दिनों की ट्रेनिंग के बाद 489 पुलिसकर्मियों के पारण परेड में डीजीपी हुए शामिल



**रांची।** 210 दिनों की ट्रेनिंग के बाद 489 पुलिसकर्मियों के पारण परेड में डीजीपी शामिल हुए। मंगलवार को साहेबगंज स्थित जैप-9 के परेड मैदान में 2021-24 सत्र के प्रशिक्षुओं का पारण-परेड समारोह आयोजित किया गया। साहेबगंज एसपी और जैप-9 के समादेष्टा कुमार गौरव ने प्रशिक्षुओं को शपथ ग्रहण कराया। इस दौरान आठ प्रशिक्षु जवानों को डीजीपी ने मेडल ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस पारण परेड समारोह में झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिला, वाहिनी, इकाई के 378 पुरुष एवं 111 महिला प्रशिक्षु समेत 489 प्रशिक्षु शामिल हुए। इनका बुनियादी प्रशिक्षण 6 दिसम्बर 2021 को प्रारंभ हुआ था। इनका प्रशिक्षण अवधि 210 दिनों का था। इस समारोह में मुख्य अतिथि डीजीपी अजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि एडीजी प्रशिक्षण सुमन गुप्ता, जैप एडीजी प्रिया दुबे, आईजी प्रोविजन पंकज कम्बोज, जैप डीआईजी मयूर पटेल कन्हैया लाल, रेंज के डीआईजी संजीव कुमार सहित कई अन्य अतिथि शामिल हुए।

### झारखंड के आदिवासी मूलवासी संगठन आज निकालेंगे न्याय मार्च

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश की तहत फंसाए जाने के विरोध में विभिन्न आदिवासी मूलवासी संगठनों द्वारा 13 मार्च बुधवार को न्याय मार्च निकाला जायेगा। इसकी जानकारी केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने दी। उन्होंने बताया कि आदिवासियों के लोकप्रिय हेमंत सरकार को अस्थिर करने वाली ताकतों के खिलाफ जन-जन में आक्रोश है। यह आक्रोश वृहत रूप ले चुका है।

इससे आगे कहा कि आदिवासियों को निशाना बनाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। आदिवासी आक्रोश मार्च 13 मार्च को सुबह 11 बजे भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल में माल्यार्पण करते हुए, लालपुर चौक, शहीद चौक, कचहरी चौक होते हुए राजभवन पहुंचेगा। समस्त आदिवासी मूलवासी अपने परंपरागत वेशभूषा में और हरवे हथियार के साथ रहेंगे। इस कार्यक्रम में रांची ही नहीं झारखंड के तमाम आदिवासी मूलवासी संगठनों के लोग हिस्सा लेंगे।

### बाइक चोरी के मामले में चार गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी डेली मार्केट थाने की पुलिस ने की है। डेली मार्केट थाने में मोटर साइकिल चोरी को लेकर लिखित शिकायत की गई थी कि जिसके बाद डेली मार्केट थाने की पुलिस ने छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

### बंद समर्थकों को पुलिस ने खदेड़ कर पीटा

**रांची।** मोरहाबादी में भगत सिंह का स्टेच्यू न लगाने देने के विरोध में राष्ट्रीय युवा शक्ति ने मंगलवार की सुबह से ही उत्पात मचाने लगे। मंगलवार सुबह पांच बजे ही बंद समर्थकों ने न्यू मार्केट चौक पर टायर जलाया। बंद के दौरान वहां मौजूद ऑटो में भी तोड़फोड़ की। तोड़फोड़ की सूचना पर सुखदेवनगर थाना प्रभारी न्यू मार्केट चौक पहुंचे और वहां से लोगों को खदेड़ना शुरू कर दिया। पुलिस को देख बंद करा रहे नेता भी वहां से भागने के लिये मजबूर हुए।

## ग्रामीण कार्य विभाग के 67 इंजीनियरों का तबादला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग के 67 इंजीनियरों का तबादला किया गया है। मंगलवार को ग्रामीण कार्य विभाग ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है।

**कौन कहां गए**

अनिल कुमार- साहू विशेष प्रमंडल बोकारो, दीपक कुजूर- विशेष प्रमंडल, लातेहार, दिनेश मुंडा- ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, रांची, एजाज अहमद- विशेष प्रमंडल साहिबगंज, संजीव कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, रांची, परमानंद पासवान- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रांची, गोपाल पासवान- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर, अभय कुमार दास- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल ,गढ़वा, आनन्द कुमार तिवारी- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू , राम लोचन शरण ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर, कामेश्वर बाखला- ग्रामीण विकास विशेष अंचल, पलामू , सुभाष चंद्र- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहिबगंज, मृत्युंजय कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, रांची, रिशु उरांव- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जामताड़ा, विमल कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जामताड़ा, प्रदीप कुमार रजक- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पाकुड़, रूपेन्द्र कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चाईबासा, आलोक कुमार- चौधरी ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा, संजीत भगत- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कृष्ण गंझु- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा, संतोष कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर, सिद्धार्थ कुमार- आर्य ग्रामीण विकास प्रमंडल गोड्डा, अमर रविदास- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चाईबासा, चलचित कुमार महतो- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू, शंभू कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहिबगंज, अमृत घेरमा- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला, प्रफुल कुमार महतो- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार, मुकेश कुमार ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद, महेन्द्र मुर्मू- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं-2. गढ़वा, ब्रजकिशोर महतो- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो, सुनील भगत- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार, अमरेन्द्र भारती- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कृष्ण खलखो- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं-2. गढ़वा, सुरेश उरांव- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा, कौशल किशोर भगत- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चाईबासा, आलोक कुमार दास- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पाकुड़, अरुणोदय कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रांची, मंजीत कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका, मिथिलेश कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका, जम्मूनाथ सिंह- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सरायकेला, सुरेन्द्र कुमार सारेन- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा, अजय कुमार कुजूर- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा, मिखाईल किस्कू- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा, बलराम पासवान- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल चाईबासा, लव कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग, सुमन चन्द्र पटेल- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा, प्रवीण कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूंटी, शिवनाथ एस.- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला, ज्योतिष कुमार उरांव- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर, विनोद कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग, दिनेश कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रांची, राजीव रंजन सिंह- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा, जितेन्द्र कुमार जैसल- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल कोडरमा, सत्यदेव पासवान- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह, श्यामल हॉसदा- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चाईबासा, सत्येन्द कुमार पाल- ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, रांची, नकुल ठाकुर- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल जमशेदपुर, हरिन्द्र कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल गुमला, सजय कुमार दास- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल गिरिडीह, प्रेम कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल साहिबगंज, अरविंद कुमार- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रांची, भुवन दास- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग, रुस्तम आजाद- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रांची,राज कुमार भारती- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़, बसंत मुंडा- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल गुमला, सुनील कुमार सिन्हा- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल जामताड़ा, सूरज प्रकाश चौधरी- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल लातेहार शामिल है।

## राजधानी में अगले आदेश तक धारा 144 लागू हुआ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कई जगहों पर धारा 144 लागू कर दिया गया है। यह धारा अगले 2 महीने व अगले आदेश तक लागू रहेगा। सरकारी काम-काज में व्यवधान उत्पन्न होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बाधित होने एवं विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने तथा लोक परिशांति भंग होने की संभावना को लेकर धारा-144 लागू किया गया है। दोपहर 12 बजे से अगले तारीख 10 मई या अगले आदेश तक जो पूर्व लागू हो तक रहेगा। धारा लागू होने के बाद दलों द्वारा धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली नहीं कर सकते हैं।

### निम्नलिखित जगहों पर धारा 144 लागू है

- मुख्यमंत्री आवास मोराबादी के चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में
- पुराना मुख्यमंत्री आवास कांके रोड के चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में।
- राजभवन के चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में (जाकिर हुसैन पार्क को छोड़ कर।
- झारखंड उच्च न्यायालय के चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में।
- नये विधान सभा के चाहरदीवारी से 500 मीटर की परिधि में।
- प्रोजेक्ट भवन, नेपाल हाउस के चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में।
- प्रोजेक्ट भवन, एच.ई.सी. धुर्वा के चाहरदीवारी से 200 मीटर की परिधि में।

## केन्द्रीय सरना समिति ने मनाया 54 वां स्थापना दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति ने अपना 54 वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर कचहरी रोड में आरआईटी बिल्डिंग स्थित कार्यालय में समारोह का आयोजन हुआ। बाबा कार्तिक उरांव के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस मौके पर सदस्यों ने मांदर की थाप पर सरहुल एवं फगुआ गीत की प्रस्तुति दी। सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने पूरे भारत में आदिवासियों को एकजुट करने के लिए अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद का गठन किया था। जो धार्मिक और राजनीतिक मामले में काम करती थी। धार्मिक एवं सांस्कृतिक मामलों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए केन्द्रीय सरना समिति का गठन किया गया, तब से लेकर अभी तक समिति धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कुछ सालो में आदिवासियों की जमीन और जंगलों को छिना जा रहा है। आदिवासियो को लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है सरकार इस पर गम्भीरता से ले। उन्होंने कहा कि आदिवासी ना सनातनी है ना ही ईसाई हैं आदिवासी प्राकृतिक पूजक है। उन्होंने ने सरना धर्म कोड पर चर्चा करते हुए अपनी पहचान का हक अधिकार की बात कहते हुए कहा कि केंद्र सरकार सरना धर्म कोड नहीं देती हैं तो हमलोग गांव गांव जाकर वोट देने से मना करेगें। संजय तिर्की ने कहा कि कुछ लोग केंद्रीय सरना समिति का राजनीतिकरण कर बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। स्थापना दिवस के मौके पर प्रमोद एक्का, नीरा टोप्पो, विनय उरांव, पंचम तिर्की, सत्यनारायण लकड़ा, अजय लिण्डा, संजय, लोहरदगा सरना समिति जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, झारखंड सरना मसना विकास समिति के अध्यक्ष माधो उरांव, नंदा उरांव आदि लोग शामिल हुए।

## सशक्त ग्रामीण महिलाओं की कहानियों को संकलित कर विकसित महिला दिवस विशेषांक प्रेरणा पुस्तिका का विमोचन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पलाश झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी जेएसएलपीएस एवं राज्य पोषण मिशन द्वारा संयुक्त रूप से सखीमंडल से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को सशक्तिकरण और समावेशन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट भवन सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह 2024 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास सचिव मनोज कुमार ने कहा कि महिलाएं देश की आधी आबादी है और उनकी सहभागिता के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है। महिलाओं के लिए सही पोषण मिले इस हेतु सखी मंडल की महिलाएं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साथ मिलकर कार्य कर रही है जिससे बदलाव आ रहा है। राजेश्वरी बीए महानिदेशक राज्य पोषण मिशन ने कहा कि महिलाओं को किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहना है। सशक्त महिला से ही सशक्त झारखंड का निर्माण संभव है। सरकार आज विभिन्न परियोजनाओं एवं पहल जैसे आंगनबाड़ी केंद्र आशा दीदी एएनएम दीदी जैसे बड़े वर्क फोर्स तैयार कर महिलाओं को सही पोषण को लेकर जागरूक कर रही है। महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण में सखी मंडल एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुई है। संगठित होकर यह महिलाएं एक दूसरे तथा अपने परिवार की सहायता कर रहीं हैं। उन्होंने फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के बारे में कहा कि इस अभिनव पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं हड़िया दारू का निर्माण और बिक्री छोड़ सम्मानजनक आजीविका से जुड़ रहीं हैं। कार्यक्रम में समावेशन से प्रोत्साहन विषय पर पलाश ;जेएसएलपीएसद्ध अंतर्गत सशक्त ग्रामीण महिलाओं की कहानियों को संकलित कर विकसित महिला दिवस विशेषांक. प्रेरणा पुस्तिका और राज्य पोषण मिशन के स्वास्थ्य पोस्टर का विमोचन किया गया। इसके अलावा श्समूह के जरिए महिला सशक्तिकरण पर एक लघु फिल्म भी दिखाया गया और खूंटी से आई नुक्कड़ नाटक टीम ने डायन कुप्रथा के विरुद्ध श्गरिमा परियोजना पर प्रस्तुति देकर इस कुप्रथा के खिलाफ जागरूक किया। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से अच्छे कार्य से महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश करने वाली महिलाओं सामुदायिक संगठनए सामुदायिक कैडर आदि को सम्मानित किया गया।

## बाइक चोर गिरोह का खुलासा तीन गिरफ्तार, छह बाइक बरामद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चोरी की छह बाइक साथ तीन चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में सूरज कुमार, कौशलेन्द्र कुमार और तौफिक आलम शामिल हैं। मंगलवार को इसकी जानकारी एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि डेली मार्केट थाना क्षेत्र में एन्टी क्राइम चेकिंग के दौरान तीन संदिग्ध वाहन चालकों को उनके वाहन सहित पकड़कर पूछताछ की गई। उनसे वाहन संबंधित कागजात की पुलिस ने मांग की. इसपर वे कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाये।

**यू- ट्यूब पर चोरी का तरीका सीख मारवाड़ी कॉलेज का स्टूडेंट गिरोह बना कर उड़ाता था बाइक :** बिहार निवासी गिरोह के सरगना सूरज कुमार ने यू-ट्यूब पर बाइक चोरी का तरीका सीखा। इसके बाद गिरोह बना कर विभिन्न इलाकों से बाइक उड़ाने लगा। आरोपी मारवाड़ी कॉलेज का स्टूडेंट्स है। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के गया जिले के बाराचप्ती भगहर निवासी सूरज कुमार, नालन्दा के तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र स्थित छज्जापुर निवासी कौशलेन्द्र कुमार, रामगढ़ जिले के बासल थाना क्षेत्र स्थित गेदगा निवासी तौफिक आलम, चुटिया थाना क्षेत्र निवासी बिप्तू कुमार और आदित्य शर्मा के नाम शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### अपहृत युवक खड़गपुर से बरामद

**रांची।** रांची पुलिस ने अपहरण मामले में युवक को खड़गपुर से सकुशल बरामद कर लिया है। धुर्वा थाना क्षेत्र से एक युवक का अपहरण का मामला दो दिन पहले दर्ज कराया गया था। इस मामले में रांची पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### जेपीएससी ने जारी किया एडमिट कार्ड, 17 को पीटी

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। एडमिट कार्ड जारी करने से पहले शनिवार को जेपीएससी में अधिसूचना जारी कर 12 मार्च को एडमिट कार्ड जारी करने की बात कही थी। सिविल सेवा की परीक्षा 17 मार्च को है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा 10 से 12 बजे तक, वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दो से चार बजे तक होगी। जेपीएससी के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए यूजर आईडी जैसे रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी और पासवर्ड डालना होगा।

### परिवहन मंत्री से मिले आंदोलनकारी मोर्चा के संयोजक



**रांची।** राज्य के कल्याण एवं परिवहन मंत्री, दीपक बिरुआ से मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के संयोजक एवं आजसू के पूर्व अध्यक्ष विमल कच्छप ने शिष्टाचार मुलाकात की। लगभग आधे घंटे तक चले इस वार्ता में विमल कच्छप ने झारखंड आंदोलकारियों के हित के लिए योजनाओं की मांग की। साथ ही झारखंड राज्य स्तर पर आदिवासियों के कल्याण के लिए चलाई गई योजनाओं में हुए अवरोध को दूर करने की भी मांग की। मौके पर कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुआ ने यह आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस पर सकारात्मक पहल की जाएगी। इस दौरान विमल कच्छप के साथ झारखंड राज्य किसान महासभा के संरक्षक अजीत मिंज एवं सतीश कुमार मौजूद थे।

### 80 सीएम उत्कृष्ट विद्यालयों में परीक्षा शुरू

**रांची।** झारखंड के 80 जिला स्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में मंगलवार से 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है। सीबीएससी से मान्यता प्राप्त इन 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में पहली बार सीबीएससी के मानकों के अनुरूप वार्षिक परीक्षा ली जा रही है। 22 मार्च तक परीक्षाएं चलेंगी। 30 मार्च तक परीक्षा परिणामों का प्रकाशन और रिपोर्ट कार्ड का वितरण कर दिया जाएगा। इसके बाद 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो जाएगा।

### एबीवीपी ने आरयू के प्रशासनिक भवन में ताला जड़ा

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय मुख्य प्रशासनिक भवन में ताला जड़ दिया। ताला जड़ने आए लोगों का कहना था कि मारवाड़ी कॉलेज में स्नातक सत्र 2021-24 में पढ़ने वाले सभी छात्रों को प्रमोट कर दिया गया है। छात्रों का आरोप है कि एक घंटा पहले मारवाड़ी कॉलेज में धरना दे रहे थे, वहां के कर्मचारियों ने छात्रों के साथ बदसलूकी की। इससे नाराज होकर छात्र विश्वविद्यालय पहुंचे और अपनी मांग को लेकर विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन में ताला जड़ दिया। मौके पर पहुंचे परीक्षा नियंत्रक आशीष झा ने छात्रों से कहा कि मारवाड़ी कॉलेज ने छात्रों का डाटा नहीं भेजा है। इसलिए सारे छात्र फेल कर गए हैं। डेटा मिलते ही रिजल्ट सुधार कर जारी कर दिया जायेगा। धरना पर बैठे छात्रों की मांग है कि दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# मैनुअल तरीके से होगी पुलिस की बहाली, अधिसूचना जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मैनुअल तरीके से पुलिस की बहाली होगी. इसे लेकर झारखंड गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के मुताबिक, पुलिस सेवा के लिए भर्ती पद्धति 2014 के नियम में बदलाव किये गए हैं। अब झारखंड राज्य पुलिस नियुक्ति (संशोधन) नियमावली 2024 कहलाएगा। इस बदलाव के बाद बिना तकनीक इस्तेमाल किये मैनुअल तरीके से पुलिस की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। सिपाही भर्ती में पारदर्शिता लाने और धांधली रोकने के लिए तकनीक अपनाया गया था। डिजिटल तरीके से किसी भी तरह की गड़बड़ी और हर अभ्यर्थी की गतिविधि पर नजर रखे जाने के लिये तकनीक का इस्तेमाल किया जाता था। ताकि भर्ती प्रकिया में पारदर्शिता बरती जा सके। लेकिन इसमें बदलाव किया गया है।



**क्या थे नियम जिसमें किये गये हैं बदलाव :** वर्तमान में पुलिस बहाली में दौड़ के लिये रेडियो फ्रीक्वेन्सी आइडेन्टीफिकेशन चीप टाइमिंग टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाता है। लेकिन अब रेडियो फ्रीक्वेन्सी आइडेन्टीफिकेशन चीप टाइमिंग टेक्नोलॉजी की उपलब्धता और आपूर्ति पर निर्भर करेगा। पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने और आपूर्ति में विलंब होने पर भी दौड़ को पूर्ण किया जाएगा। ऊंचाई एवं सीने की माप के लिए स्टेन्डर्ड डिजिटल हाइट वेट डिवाइस विथ डिस्पले मॉनिटर्स का प्रयोग किया जाता है। संशोधन के बाद स्टेन्डर्ड डिजिटल हाइट वेट डिवाइस विथ डिस्पले मॉनिटर्स की उपलब्धता और आपूर्ति पर निर्भर करेगा।

पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने और आपूर्ति में विलंब होने पर इन डिवाइस के बिना भी ऊंचाई एवं सीने की माप की जाएगी। आवेदन की पहचान के लिए बायोमेट्रिक डिवाइस का प्रयोग किया जाता है। संशोधन के बाद इसकी उपलब्धता और आपूर्ति पर निर्भर करेगा। विलंब होने पर आवेदक की पहचान आवेदन में दिये पहचान चिन्ह से मिलान कर की जायेगी। सीसीटीवी टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर सभी संचालन का वीडियोग्राफी किया जाता है।

### आइएमए जमशेदपुर अध्यक्ष पर कार्रवाई हो : सरयू

#### विशेषाधिकारी हनन की स्पीकर को सौंपी सूचना

**रांची।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए)की जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष और मानद सचिव पर विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई करने के लिए विधायक सरयू राय ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर विशेषाधिकार हनन की सूचना सौंपी। उल्लेखनीय है कि गत दिनों आइएमए की जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष और मानद सचिव ने सरयू राय के विधानसभा में प्रश्न पूछने के अधिकार पर औचित्य खड़ा किया था। इस बाबत प्रेस कान्फ्रेंस कर मिथ्या आरोप लगाते हुए उनकी निंदा की थी। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक सरयू राय को आश्वस्त किया कि वे विशेषाधिकार हनन की सूचना पर विधिसम्मत कार्रवाई करेंगे।

### 93वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ

**रांची ।** श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में खाटूनरेश की आराधना के साथ रुद्रावतार हनुमान जी की अरदास में मंगलवार को 93 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया गया। सुनील मोदी आशा मोदी बलराम मोदी एवं शिखा मोदी द्वारा अखंड ज्योति प्रज्वलित की गयी। पुष्पा देवी पोद्दार ने प्रसाद सेवा, प्रत्यूष अग्रवाल द्वारा फल प्रसाद सेवा एवं मुकेश मित्तल ने गिरी गोला सेवा अर्पित की। पाठ वाचक मनीष सारस्वत तथा ओम शर्मा एवं अन्य ने साज बाज के साथ श्री गणेश वंदना कर हनुमान चालीसा पाठ के बाद सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि अवसर विशेष के उपलक्ष्य में राजस्थान के खाटूधाम मंदिर और रांची स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम प्रभु का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। खाटूनरेश को नवीन (बागा )पोशाक पहनाई गई एवं पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया। बाबा का केशर चंदन तिलक श्रृंगार मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा ने किया।

## आदिवासी, मूलवासी और खतियान नीति विरोधी है यह सरकार : शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो पर पलटवार करते हुए कहा कि वह सिर्फ चुनाव के समय आदिवासी, मूलवासी, एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के लिए घड़ियाली आंसू बहाती है। अगर झामुमो पिछड़ों के आरक्षण के लिए गंभीर थी तो उसने पंचायत चुनाव बिना पिछड़ों के आरक्षण के क्यों करवा लिया। वह तो नगर निकाय चुनाव भी बिना पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना करने जा रही थी पर सर्वोच्च न्यायालय के फटकार के बाद ये रुका। उन्होंने कहा कि झामुमो ने सवा चार वर्षों के बाद भी पिछड़ों की आरक्षण सीमा को बढ़ाने के लिए ट्रिपल टेस्ट की शुरूआत तक नहीं की। यही इनकी असलियत है। प्रतुल ने कहा कि ये सरकार सवा चार वर्षों से शासन कर रही है, परंतु 1932



उनके लिए एक चुनावी झुनझुना से ज्यादा कुछ नहीं रहा है। वे 1932 के खतियान को सिर्फ एक सरकारी संकल्प से जारी कर सकते थे। पर विधानसभा भेज कर लटकाने का काम किया। हाल में जूनियर इंजीनियर की परीक्षाओं में 70% बाहरी उम्मीदवारों की इसी हेमंत सोरेन पार्ट 2 सरकार के कार्यकाल में नियुक्ति हुई। यही इनका स्थानीयता प्रेम है। प्रतुल ने कहा कि भाजपा दर्जनों बार अपना स्टैंड क्लियर कर चुकी है कि वह हजारों वर्षों से अपनी मूल परंपरा को जीवित रखने वाले आदिवासियों को हक देने के लिए उठाए जाने वाले हर कदम का साथ देगी। जिस सरकार को आर्च बिशप ने क्रिसमस गिफ्ट बताया था, उनसे यहां की परंपरा को जीवित रखने वाले आदिवासियों के हित में कुछ अपेक्षा नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा कि आज तो झामुमो का कांग्रेस के साथ गठबंधन में है। कांग्रेस के एक प्रमुख नेता बाबा कार्तिक उरांव जी ने तो लोकसभा में प्राइवेट मेंबर्स बिल लाकर धर्म बदलने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को आरक्षण से बाहर करने का प्रस्ताव किया था। इस सरकार का एससी समुदाय विरोधी नजरिया इस बात से स्पष्ट हो जाता है कि पिछले 2 वर्षों से इस सरकार के कैबिनेट में एक भी एससी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाला मंत्री मौजूद नहीं है।

### सीएए लागू होने से भारत का विश्व में सम्मान बढ़ा : डॉ. रविंद्र

**रांची।** देश में सीएए लागू होने से भारत का विश्व में सम्मान बढ़ा है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश के नेता एवं झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता डॉ रविंद्र कुमार ने कही। केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने से विश्व में मानवाधिकार की रक्षा का भारत का संकल्प और मजबूत हुआ है। सीएए - 2019 के तहत पात्रता वाले व्यक्तियों का भारतीय नागरिकता आवेदन देकर नागरिक बन सकते है। और उक्त लोगों के साथ प्रवासियों जैसा व्यवहार नहीं होगा। भारत के उनके अवैध प्रवेश के संबंध में उनके खिलाफ सभी कानूनी कार्रवाई बंद कर दी जाएगी सीएए लागू होने पर अधिवक्ता प्रशांत कुशवाहा, सतीश कुमार, बंदिश कुमार,अशोक नाग, सचिन कुमार, नीरज कुमार चंदन राम, आदि ने खुशी जाहिर की है।

## पंचायती राज निदेशक निशा उरांव पर 14 माह तक टेंडर लटकाने का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आरटीआई एक्टिविस्ट और सोशल वर्कर सर्वेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव 14 महीने से मैन पावर की निविदा को अनावश्यक रूप से टाल रही हैं। सर्वेश ने कहा कि पंचायती राज विभाग ने मैनपावर उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों के चयन के लिए जनवरी 2023 में निविदा निकाली थी। विभाग को उसके मन मुताबिक एजेंसी नहीं मिले और टेंडर रद्द कर दिया गया। इसके बाद फिर से अक्टूबर 2023 में टेंडर निकला, लेकिन वह भी अभी तक निष्पादित नहीं हुआ है।



सर्वेश सिंह ने कहा कि विभाग के मंत्री के लोगों का सेलेक्शन नहीं होने के कारण टेंडर फाइनल होने में देर हो रही है। अगर यह टेंडर निष्पादित हो जाता तो 1500 बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार मिल जाता। उन्होंने कहा कि जो टेंडर 3 महीने में फाइनल हो जाना चाहिए था, उसे निशा उरांव 14 महीने में फाइनल नहीं करवा पाई हैं। सर्वेश ने सीएम से आग्रह किया है कि जब निशा उरांव एक टेंडर करवाने में सक्षम नहीं हैं तो तत्काल उनकी सेवा कार्मिक विभाग को वापस कर दिया जाए।

### वैश्य मोर्चा ने सीएम समेत चार मंत्रियों को सौंपा मांग-पत्र दिया

## ओबीसी को 27% आरक्षण और वैश्य आयोग के गठन करने की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के नेतृत्व में मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर नौ सूत्री मांग-पत्र दिया। यही मांग-पत्र की कॉपी ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को भी एक बार फिर सौंपा गया। वैश्य मोर्चा ने नौ सूत्री मांग-पत्र सौंप कर ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना कराने, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफ करने, वैश्य समाज के लोगों की लूटी गयी जमीन वापस दिलाने, ऑनलाइन मार्केटिंग पर रोक लगाने, वैश्यों पर हो रहे हमलों, हत्या, रंगदारी, लूट की घटनाओं पर रोक लगाने तथा वैश्य समाज को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। इस प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, उप प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, संगठन महासचिव रोहित शारदा, संगठन सचिव अनिल वैश्य, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, महिला मोर्चा चतरा जिला अध्यक्ष प्रीति कुमारी साहा, कुलदीप साहु, सुबोध कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

## छत्तीगढ़ के नेता प्रतिपक्ष पहुंचे मां छिन्नमस्तिका मंदिर, टेका मत्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉ चरण दास महंत एवं उनकी धर्मपत्नी सह लोकसभा सांसद कोरबा ज्योत्सना महंत मंगलवार को रजरप्पा छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। पूर्वाहन 10 बजे सेवा विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका स्वागत प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव,अभिषेक साहू,कुमुद रंजन, मेहुल दूबे ने झारखंडी अंग वस्त्र देकर एव बुके देकर स्वागत किया। बिरसा मुण्डा एअरपोर्ट से डॉ चरण दास महंत सपरिवार रजरप्पा पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे अपनी पत्नी बच्चों सहित, कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव और अभिषेक साहू भी रजरप्पा गये। सभी ने मां छिन्नमस्तिका के दरबार मे माथा टेका और आशीर्वाद लिया। झारखण्ड राज्य, छत्तीसगढ़ राज्य एवं देश की खुशहाली, तरक्की, सद्भावना, भाईचारगी, सुख समृद्धि के लिए मां से कामना की। कांग्रेस नेता आलोक दूबे ने बताया कि चरण दास महंत का आज का रांची आगमन निजी एवं पारिवारिक कार्यक्रम था।

## पेयजल संकट दूर करना प्राथमिकता : चंद्रशेखर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरीय अधिकारी चंद्रशेखर ने मंगलवार को निवर्तमान सचिव अरवा राजकमल से पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जुडको और ग्रेटर रांची विकास प्रधिकार के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का भी पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर ने कहा की शहरी नागरिको को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करना उनकी प्राथमिकता है। गर्मी का मौसम आरंभ हो रहा है। इसलिए पेयजल की उपलब्धता पर विशेष बल दिया जायेगा। जल्द ही पेयजल से संबद्ध पदाधिकारियो की बैठक बुलाई जाएगी और इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

पदभार ग्रहण करने के बाद सचिव ने नगर विकास एवं आवास विभाग, सुडा तथा जुडको के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओ के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर विभाग के अपर सचिव मनोहर मरांडी, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव ज्योत्सना सिंह, जुडको के परियोजना निदेशक ( तकनीकी ) गोपालजी , परियोजना निदेशक ( प्रशासन) अरविन्द कुमार, परियोजना निदेशक (वित्त) अमित चक्रवर्ती तथा विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी विजय कुमार ने सचिव को बुके देकर स्वागत किया। विभाग का कर्मचारियो ने भी सचिव से मुलाकात की।

### 14 आरक्षियों को हवलदार रैंक में मिलेगी प्रोन्नति

**रांची।** 14 आयुधिक आरक्षी को आयुधिक हवलदार कोटि में प्रोन्नति मिलेगी। यह निर्णय आईजी मुख्यालय की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक में हुआ। पुष्कर कृष्ण, ईश्वर राम, सरोज राम, दिलीप कुमार, राधाकांत प्यारेलाल, परमा राम, लाल सिंह मुंडा, रमाशंकर रजक, विवेक कुमार चौधरी, सोहन लाल, मनोज कुमार, विजय रजवार, अर्जुन राम और विनोद कुमार दास शामिल हैं।

## नीरजा सहाय में नारी शक्ति का सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी कैंपस में मंगलवार को नारी शक्ति को सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में कई कार्यक्रमों यथा गायन, खेल, कविता, अभिभाषण, नृत्य, संस्मरण आदि का आयोजन किया गया। प्राचार्या किरण यादव ने समाज के विकास एवं सुधार में नारी की प्रयोजनीयता पर विचार प्रकट किया। वहीं 'वैदिक चेतना सह चरित्र निर्माण शिविर' के अंतर्गत ब्रम्हाकुमारी निर्मला ने कहा कि जिस प्रकार शरीर की शोभा आभूषण होते हैं वैसे ही आत्मा का आभूषण शिक्षा होती है। शिक्षित व्यक्ति सदा से ही समाज को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत रहता है ।

दूसरी ओर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लॉ कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संगीता लाहा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। अभिभावक एवं समस्त विद्यालय परिवार इस मौके पर उपस्थित रहा तथा नारी के सम्मान का हिस्सा बनते हुए गौरवान्वित महसूस किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अनुभवी शिक्षिका श्रीमती अनामिका हर्षवर्धन तथा श्रीमती अलका सिन्हा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं के सशक्तिकरण और महिला सम्मान को बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से मिलीं राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी

## लोकसभा और विधानसभा चुनाव पर चर्चा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से एचईसी आवासीय परिसर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस क्रम में श्री सहाय ने आगामी लोकसभा व विधानसभा



चुनाव के मद्देनजर महागठबंधन को मजबूत करने के लिए रानी कुमारी को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। रानी ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए अभी से ही जनसंपर्क अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। रानी कुमारी ने चुनाव में महागठबंधन की सफलता के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू करने का आश्वासन दिया।

### रानी कुमारी को महिला आयोग का चेयरमैन बनाने की मांग

रांची। राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की चतरा जिला अध्यक्ष व लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता शारदा देवी ने राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी को झारखंड राज्य महिला आयोग का चेयरमैन बनाने की मांग की है।

# टीआरएल संकाय में शोधार्थी संघ का गठन युवराज अध्यक्ष और श्रीकांत बने महासचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के शोधार्थियों की बैठक संकाय परिसर स्थित पद्मश्री डॉ रामदयाल मुण्डा अखड़ा में हुई। इस बीच संकाय के शोधार्थियों का एक संघ बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता नागपुरी भाषा के विजय आनन्द, जबकि संचालन खोरठा विभाग के शोधार्थी अजय कुमार दास द्वारा किया गया। प्रस्तावक के रूप में कुं ड़ुख विभाग के सुखराम उरांव रहे। टीआरएल संकाय के शोधार्थी संघ के नवनियुक्त



पदाधिकारियों में युवराज कुमार साहु को अध्यक्ष, माणिक कुमार, सरिता कुमारी को उपाध्यक्ष, श्रीकांत गोप को महासचिव, सुखराम उराँव को सचिव, सेरोफिना हेम्ब्रम को संयुक्त सचिव, नीरज कुमार महतो को उप-सचिव, बब्लू कुमार, श्याम सुन्दर यादव को कोषाध्यक्ष, सोनू सपवार को मिडिया प्रभारी, कुमार चाणक्य, अजय कुमार दास, पाडू राम हाइबुरु को प्रवक्ता एवं विक्की मिंज को सोसल मिडिया प्रभारी बनाया गया। इनके अलावा प्रियंका उरांव, शिला उरांव, चंचला कुमारी, जगदीश उरांव, नेहा कमारी व मोहित सेठ को कार्यकारी सदस्य के रूप में चयनित किया गया।

टीआरएल संकाय के समन्वयक डॉ हरि उरांव ने सभी चयनित पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी। साथ ही चयनित पदाधिकारियों को शोधार्थियों की समस्याओं के प्रति जागरूक रहने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि शोधार्थी संघ बनने से शोधार्थियों की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने व गुणवत्तायुक्त शोध कार्य के सफल संचालन में बल मिलेगा। संघ नवनिर्वाचित अध्यक्ष युवराज कुमार साहु ने कहा कि शोधार्थियों की हर समस्याओं का समाधान संघ के माध्यम से करने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर टीआरएल संकाय के नवो भाषाओं के शोधार्थी मौजूद थे।

## सीएमपीडीआइ में मना विश्व महिला दिवस




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई रांची में विविधता, सशक्तिकरण और आर्थिक असमानताओं के महत्व को उजागर करने के लिए इस वर्ष की थीम महिलाओं में निवेश: प्रगति में तेजी जाएं और अभियान थीम इंस्पायर इंक्जूजन के साथ मंगलवार को विश्व महिला दिवस मनाया गया। कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यदि मजबूत अर्थव्यवस्था और एक स्वस्थ प्लानेट बनाना चाहते हैं तो लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को पहले से अधिक महत्ता प्रदान करना होगा। सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार, निदेशक अजय कुमार, सतीश झा, अच्युत घटक, महिला सभा की सदस्य श्रीमती सुषमा भारती, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि डॉ साक्षी सिंह प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं में आम स्वास्थ्य समस्याओं और महिला के कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा डॉ रमन बल्लभ-कारपोरेट ट्रेनर ने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वित्तीय प्लानिंग और प्रबंधन तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया। समारोह में सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची तथा इसके क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के लगभग 170 महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ शिल्पी स्वरूप-मुख्य चिकित्सा अधिकारी/विप्स समन्वयक, महाप्रबंधक (सीपी) आभा प्रसाद एवं विभागाध्यक्ष (आईएडी) श्रीमती स्वप्नाली बसु की भूमिका अहम रही।

स्पीड न्यूज

### मधुमक्खी के काटने से पंचायत सेवक घायल



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को सुबह लगभग सवा दस बजे मुरतो पंचायत के पंचायत सेवक दशरथ महतो को मधुमक्खी काटने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सुदर्शन प्रसाद गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया।जहां डा सुमित्रा कुमारी की देखरेख में इलाज किया गया। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह सवा दस बजे प्रखंड कार्यालय गेट के अंदर प्रवेश किया तो अचानक मधुमक्खियों ने पंचायत सेवक पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया। ज्ञात हो कि प्रखंड कार्यालय के बिल्डिंग में मधुमक्खी के कई छत्ते हैं।

### चलती ऑटो से गिर कर महिला घायल



**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर भाजपा कार्यालय के समीप मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे एक महिला बेड़ो पंडा मसिया निवासी 40 वर्षीय गीता देवी पति बिशु उरांव गिरकर गंभीर रूप घायल हो गई। घायल गीता ने बताया कि वह अपने गांव से ऑटो के किनारे वाले सीट में बैठकर बेड़ो आ रही थी।इस दौरान भाजपा कार्यालय के समीप ऑटो के तेज गति होने के कारण ऑटो असंतुलित हो गया और वह गिरकर घायल हो गयी। ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो लाया गयाएजहां डा सुमित्रा कुमारी ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### पुरियो गांव से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरियो गांव में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बेड़ो पुलिस ने मंगलवार की दोपहर को बरामद किया है। इधर शव के मिलने से ग्रामीणों का कहना है कि इस व्यक्ति को पिछले तीन.चार दिनों से पुरियो समेत आसपास के गांव में इसे भटकते हुए देखा गया था। इसके बाएं पैर के जांघ व बाएं हाथ के हथेली में पुराने जख्म के निशान है। वही पुरियो गांव में मिले शव की पहचान को लेकर बेड़ो पुलिस जुटी हुई है। इधर शव की पहचाने देर शाम तक न होने के बाद बेड़ो पुलिस ने 100 के पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया।

### ओरमांझी के जयडीहा में डाक मेला आज

**ओरमांझी।** डाक विभाग द्वारा प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव जयडीहा में बुधवार को डाक मेला का आयोजन किया गया है। इस डाक मेला में डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ लोगों का आधार में नये मोबाइल नंबर की इंट्री सहित कई योजनाओं की सेवा दी जाएगी। इसकी जानकारी उतरी डाक अनुमंडल के डाक अधिदर्षक यषवंत शाहदेव ने दी, और लोगों को डाक मेला में आने व डाक सेवा का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# बेड़ो में पहान सम्मान समारोह सह प्रार्थना सभा

## धर्म-संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने पर की चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** महादानी मैदान में मंगलवार को सरना समिति बेड़ो के तत्त्वावधान में 21वां वार्षिक पहान सम्मान सह सरना प्रार्थना सभा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सरना धर्मावलंबी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना और धार्मिक गान के साथ हुई। कार्यक्रम में सामाजिकए पारम्परिक सांस्कृतिक रीति रिवाज को अक्षुण्ण बनाये रखने पर परिचर्चा की गई। सम्मेलन में बेड़ो सरना समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा आदिवासी पंरपरा और संस्कृति को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा धर्म व संस्कृति पूर्वजों की देन है। इसको जीवंत रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान समिति द्वारा सुका महतो, जतरु पहान, सुका उरांव, मंगल पहान, जयजीत पहान, सुदर्शन भगत, जल्ही महतो, बिरसा पहान, सुकरा उरांव, फगुवा उरांव, नरूवा उरांव, ठुलो पहनाई, रिस्सा पुज्जर व मुखिया सुशांति भगत को पगड़ी पहना कर व साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल उरांव ने किया।



बेड़ो में सामूहिक प्रार्थना करते सरना धर्मावलंबी।

### समारोह को सफल बनाने में किया सहयोग

समारोह को सफल बनाने में अनिल उरांव, आशा एक्का, जल्ही महतो, चारो उरांव, बसंत भगत, चुमानी उरांव, सुकरा भगत, बन्नु भगत, बुधवा पहान, जिगुवा भगत, सुकेन्द्र उरांव, पुनिता उरांव, पूनम तिर्की, बसंती उरांव, संजय उरांव, विनय टोप्पो, सरोज टोप्पो, मंगरी उरांव, मालती उरांव, रितु उरांव, सुखमनी उरांव, आकृति उरांव, अनुकृति उरांव, सुशीला भगत, शांति उरांव, बंधनी उरांव, बिरसमनी उरांव, लीलावती उरांव, प्रमिला उरांव, गोयंदा उरांव, सुका पहान, समिकला तिर्की, सुमन तिर्की, सुको उरांव, समीरा उरांव, सुभाष उरांव, रमेश उरांव, सोमा उरांव, अनिशा उरांव, निशा उरांव, लक्ष्मण उरांव, सुनील उरांव समेत कई लोग शामिल थे।

### टीएसपीसी ने कही लोकल ग्रामीणों को दें रोजगार

**खलारी।** उत्तरी दक्षिणी सीमान्त जोनल कमेटी कमांडर विजेंद्र जी ऋषिकेश जी ने पत्र जारी कर एनटीपीसी सीसीएल व डंप संचालन समिति लिफ्टरों को हिदायत दिया गया कि संगठन का पूर्व का जो सभी सीसीएल के सभी डम्प से बकाया पैसा है उसे संगठन के पास जमा करें। पैसा जमा नही होने किया जाएगा तो फौजी कारर्वाई किया जाएगा। वही टीएसपीसी ने रैयत व ग्रामीणों को क्षेत्र के संचालित कंपनियों में रोजगार देने की वकालत किया। टीएसपीसी ने सीसीएल से आग्रह किया कि रैयत विस्थापित ग्रामीण रोजगार देने में प्राथमिकता की जाये।

# बुजुर्ग को हाथी ने कुचल कर मार डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बारेंदा गांव में मंगलवार सुबह 6 बजे एक हाथी ने 75 वर्षीय बसंत लाल कोईरी को कुचलकर मार दिया है। घटना के सम्बंध में परिजनों ने बताया कि सुबह शौच के लिये निकले थे। घर से कुछ दूर में ही हाथी ने पीछे से हमला कर कुचल दिया।आनन फानन में सिंगपुर अस्पताल मुरी ले जाया लेकिन इलाज के दौरान ही व्यक्ति की मौत हो गया। घटना की सूचना पर वनपाल प्रभारी दिलीप मुंडा और वनरक्षी करमा होरो घर पंहुच कर पीड़ित परिवार को नगद 50 हजार रुपये अग्रिम मुआवजा राशि दिये। मौके पर उपमुखिया किष्टो बनर्जी, समाजसेवी गौतम सिंह देव, गोकुल सिंह देव नवलकिशोर सिंह देव, विश्वनाथ महतो, बसंत कुमार महतो, धर्मेन्द्र महतो, हाथी मित्र तापस कर्मकार, दिनबन्धु महतो, सोनू, चंद्रकांत महतो, मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश सिंह मुंडा आदि मौजूद थे। इधर पूरे सोनाहातू ओर राहे प्रखंड में हाथियों के उत्पात से लोग परेशान है। रात में किस गांव में हाथी हमला होगा कोई नहीं जानता। हर दिन कुछ न कुछ नकसान हो रहा है।



### जनवरी से अब तक पांचवी मौत



5 जनवरी को राहे प्रखंड के बेहराजरा गांव 56 वर्षीय दुखीराम महतो का मौत हाथी के हमले से हुआ था। 6 जनवरी को राहे प्रखंड के हुसिरबेड़ा गांव के 62 वर्षीय माड़राय सिंह मुंडा को हाथी दिन दहाड़े पटक कर मार डाला था। 13 जनवरी को सोनाहातू के गाड़ाडीह में सुखदेव गोराई का हाथी के हमले से मौत हुआ था। 23 जनवरी को सोनाहातू के हारिण के मनोरंजन महतो की हाथी के हमले से मृत्यु हुआ था।

# मेकॉन कॉलोनी में डालटेनगंज के ठेकेदार ने की खुदकुशी

## रेडमा गांव का था विकास तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सिमलिया नयांटोली स्थित मेकॉन कॉलोनी में डालटेनगंज रेडमा के 34 वर्षीय विकास कुमार तिवारी ने अंदर से कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे की कड़ी में फंदा बना उस पर झूल खुदकुशी कर ली। वह संतोष तिवारी का पुत्र था। फ्लैट का कमरा पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के भाई के नाम से है। विकास कुमार पेशे से ठेकेदारी था। तीन दिन पहले ही रांची आया था। उसके परिवार में माता-पिता के अलावा पत्नीए एक पुत्र और भाई है। वह दो भाइयों में बड़ा था। कमरे से दुर्गंध आने के बाद सोसाइटी के लोगों ने थाने को खबर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ फंदे पर झूलते शव को नीचे उतार पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। मामले को लेकर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। आत्म हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### गांव में पसरा मातम

विकास कुमार तिवारी के आत्महत्या की खबर जंगल में लगी आग की तरह फैली। देखते ही देखते उसके घर में सैकड़ों की भीड़ जमा हो गयी। घटना के बाद रेडमा में मातमी सन्नाटा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां और पत्नी बार.बार बेहोश हो रही थी। दिवंगत तिवारी परिवार का एक मात्र कमाऊ पुरुष था। वह ठेकेदारी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।

## एक नजर में

### उमेडंडा के दर्जनों घरों में नहीं जला चूल्हा



**बुढ़मू।** रविवार रात में उमेडंडा गांव में स्थित मंदिर में मूर्ति खंडित किये जाने के बाद उमेडंडा में दर्जनों घरों में चूल्हा तक नहीं जला। मंगलवार को दिन भर दुकानें स्वतरू बंद रहीण ग्राम प्रधान संतोष पाहन की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुईण बैठक में निर्णय लिया गया की अगर प्रशासन अपने आश्वासन एवं तय अवधि में दोषियों को गिरफ्तार नहीं करती हैए तब उमेडंडा महामंडल के अंतर्गत आनेवाले 84 मौजा के सभी 108 गांवों के ग्रामीण सड़क जाम, थाना घेराव के साथ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### हिस्सेदारी को लेकर सीआईएसएफ और लिफ्टर में जमकर भिड़ंत

**खलारी।** केडीएच कोल डंप से रेजिंग के नाम पर अवैध वसूली बंद हो जाने के बाद सीआईएसएफ व लिफ्टरों में जम कर कोल डंप में उत्पात मचाया। सुबह से लिफ्टरों व सीआईएसएफ जवानों में भिड़ंत हो गया। दोनो तरफ से बहस बाजी व नारेबाजी जम कर किया गया। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले एक ट्रक का शीशा तोड़ दिया गया। उसके बाद मंगलवार की सुबह सीआईएसएफ ने एक लिफ्टर को पीट दिया। जिसके बाद लिफ्टरों ने सीआईएसएफ से आरपार की लड़ाई में मैदान में उतर गये। मामला बढ़ते देख केडीएच के डंप कमिटी सदस्य सीआईएसएफ के अधिकारी खलरी पुलिस स्थानीय मजदूर नेता ने मामला को शांत कराया। जिसके बाद शुचारु रूप से कार्य जारी किया गया।

### उग्रवादियों के खिलाफ चला सर्च अभियान

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र में उग्रवादियों के विरुद्ध सर्च अभियान चलाया। इस क्रम में थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने बगदा बेंती मुरेठा मेड़ी पतरातू आदि गांवों के जंगलों में सघन अभियान चलाया। विदित हो कि दो दिनों पूर्व बड़कागांव क्षेत्र में पुलिस व टीएसपीसी के उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। उक्त घटना को लेकर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी विनीत कुमार ने कहा कि भविष्य में भी उग्रवादियों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा।

### सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने किया विकास योजनाओं का शिलान्यास

**अनगड़ा।** पूर्व टिप्टी सीएम और सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने अपने विधान सभा क्षेत्र में सोमवार को विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस क्रम में उन्होंने राजकीय मध्य विद्यालय में दो कमरा का भवन निर्माण बांध टोली से टाटी स्कूल भाया गुटीडीह तक 1.40 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में चहार दीवारी निर्माण कार्य तथा गोला पुरबडीह पथ से वन बखाडीह तक 1200 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया । इस मौके पर जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा विक्रम ठाकुर सहित मुखिया पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

### मधु कोड़ा ने एनएम पब्लिक स्कूल का किया उद्घाटन

**तमाड़।** प्रखंड के सलगाडीह में मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने एनएम पब्लिक स्कूल का फीता काट कर उदघाटन किया। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र मे आमजनता भी लगातार नये प्रयास कर रहे है कि कैसे बच्चो को बिना अधिक बोझ डाले नये तरीके से खेल-खेल में शिक्षित किया जाये। इसके लिये क्षेत्र में नये विद्यालय खोले जा रहे है। इन्ही मे एक नाम आता है एनएम पब्लिक स्कूल का जिसका आज मेरे द्वारा उदघाटन किया गया। इन्हीं बच्चों में कुछ किसानए कुछ अधिकारीए कुछ व्यवसायी बनते और यह सब उनकी शिक्षा के असर से होता है। अतः बचपन की शिक्षा बहुत मायने रखती है।

# पांच दुकानें जल कर राख, 20 लाख का नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** मंगलवार के सुबह लगभग 3 बजे नामकुम बाजार चैक स्थित हनुमान मंदिर से सटे दुकानों में लगी आग से लगभग पांच दुकाने जलकर राख हो गयी। इस दौरान दुकानों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि जले दुकानों में विधवा महिला पूनम देवी का लाउंड्री और पूजन सामग्री,शंकर रजक का फल एंव पूजन सामग्री की दो दुकानें तथा सतेंद्र यादव का जनरल स्टोर और चाय दुकान तथा स्टोर जलकर पूरी तरह जलकर राख हो गया। सुबह लगभग तीन बजे आसपास के लोगों ने जब दुकानों से आग की लपटे निकलती देखी तो दुकानदारों को इसकी सूचना दी जिसके बाद सभी दुकानदार और उनके परिजन मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया मगर आग की लपटे इतनी तेज थी कि वह बुझने का नाम ही नही ले रही थी इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी जिसके बाद मौके पर पहुंचे दो दमकल वाहनों ने आग को बुझाया पर तबतक सभी दुकाने जलकर राख हो चुकी थी। पीडित शंकर रजक ने बताया कि उनके दुकानों में पूजन सामग्री और फल का स्टाक रखा था अगलगी में उनका लगभग दस लाख रुपए का सामन जलकर राख हो गया है। बताया जा रहा है कि लगभग पंद्रह दिन पूर्व शंकर की दुघर्टना में हाथ की हड्डी टूट गयी थी और पैरों में भी चोट लगा था इधर दुकान जल जाने से पूरा परिवार सड़क पर आ गया है। वहीं पूनम देवी ने बताया कि उनके लाउंड्री और पूजन सामग्री की दोनो दुकानों को मिलाकर कुल पांच लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया है। वहीं सत्येन्द्र यादव ने बताया कि उनकी दुकान में कुल पांच लाख रुपए की क्षति हो गयी है।



### पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, मुखिया अनीता तिर्की और पंस सदस्य सुषमा हेमरोम अंचल अधिकारी से मिलकर घटना की जानकारी दी जिसके बाद राजस्व कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी सभी आमजन और जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर से गरीबों पीडितों को अविलंब क्षतिपूर्त देने की मांग की ताकि वे पुनः अपना दुकान शुरू कर अपने बच्चों का लालन पालन कर सकें।

# 4.56 करोड़ की कई योजनाओं का शिलान्यास

## लोगों में हर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** गांवों की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करना हमारी पहली प्राथमिकता है। उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने मंगलवार को कई योजनाओं का शिलान्यास कर समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। विधायक ने देर शाम तक तेंतला पंचायत के बड़ाईकटांड़ से गाड़ाडीह तक डेढ़ कि मी सड़क निर्माण जिसकी लागत राशि 1 करोड़ 68 लाख जामुदाग रोड से एदेलडीह गांव होते हुए इड़कू तक लगभग 2 किलोमीटर सड़क 1 करोड़ 90 लाख तथा दुलमी से मगनडीह तक 2 कि0 मी0 90 लाख राशि से निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। विधायक सुदेश कुमार महतो ने सम्बोधन में कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास स्टूडेंट्स बस सेवा लाइब्रेरी आदि की सुविधा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। हमारा लक्ष्य जेनरेशन को विकसित करना है।



# बेड़ो के ग्रामीणों को मिला लाह की खेती का प्रशिक्षण

**बेड़ो।** कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग द्वारा स्वीकृत लाह खेती योजनांतर्गत झास्को लैम्पस की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत भवन में मंगलवार को हरिहरपुर जामटोली लैम्पस के 100 किसानों को लाह उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त वरीय तकनीकी पदाधिकारी एसबी आजाद ने लाह की खेती करने वाले समूह को नई तकनीक से खेती करने का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि नई तकनीक से खेती कर किसान कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उन्होंने किसानों को बेरए कुसुम व पलाश पेड़ में लाह बीज को छोड़ने, लाह फसल को बीमारियों से बचाने के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। वही मेकनिकिंग विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि हाल के दिनों में लाह उत्पादों की मांग बढ़ने के साथ साथ सरकार की ओर से लाह की खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साल में दो बार की जाने वाले इस खेती के लिए बीज जून-जुलाई और अक्टूबर-नवंबर महीने में छोड़ा जाता है, लेकिन इसकी तैयारी पहले से की जाती है। मार्च महीने के भीतर बीज लगाने के लिए पलाश व पेड़ों की कटाई-छंटाई कर लेनी चाहिए।

### अस्थायी मजदूरों से बायोमीट्रिक हाजरी बनवाना गलत : ध्वजा राम

**खलारी।** कोल फील्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय संगठन सचिव ध्वजा राम धोबी ने इलेक्ट्रॉनिक बायोमेट्रिक मशीन से हजारी बनाना अस्थायी मजदूरों के बीच एनके एरिया में सौतेला व्यवहार करने कार्य किया जाएगा। उक्त बातें कोल्ड फिल्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय संगठन सचिव ने कही। उन्होंने कहा कि सीसीएल अपने कामगरों को आठ घंटे का कार्य का हिसाब-किताब कर लेगा, लेकिन सीसीएल के कामगारों के कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले अस्थायी मजदूर ट्रकए हाइवा के चालक, उपचालक सहित अन्य वर्कर 15 से 20 घंटे तक का कार्य करते रहते हैं। इन अस्थायी कामगारों को एनके एरिया के सभी परियोजनाओं में बायोमेट्रिक सिस्टम किया जाये।

### बालू लदे छह ट्रकों को पुलिस ने पकड़ा

**पिठोरिया।** सुबह पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार राय के नेतृत्व मे पुलिस गश्ती दल द्वारा ढाकुरगाव पिठोरिया मुख्य पथ पर बालू झुलाई कर रहे 6 बालू लदा टर्बो को पड़कर पिठोरिया पुलिस थाना ले आई, जिससे क्षेत्र के बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। विदित हो कि कई महीनो से चली आ रही अवैध बालू ढुलाई पर आज पिथोरिया पुलिस द्वारा अंशिक कार्रवाई से लोगों में कई तरह की चचाएं आम है। नए थाना प्रभारी के आते ही बालू माफियाओं पर कर्रवाई होते देख सभी सकते में हैं।

### अंतिम व्यक्ति तक खुशी पहुंचाना हमारी पहली जिम्मेवारी : बीडीओ

**बेड़ो।** विकास योजनाएं ही प्रखंड की तस्वीर बयां करतीं हैं। इन्हीं योजनाओं के सहारे जहां एक ओर ग्रामीण विकास की गाथाएं लिखी जाती हैंए तो दूसरी ओर समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर खुशियों के आसार नजर आते है। इसलिए यह जरूरी है कि विकास योजनाओं की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक जरूर पहुंचे यही हमारा लक्ष्य एवं उद्देश्य है। उक्त बातें प्रखंड के नये बीडीओ राहुल उरांव ने मंगलवार को अपनी पहली समीक्षात्मक बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने मनरेगा, 15वीं वित, अबुवा आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि, पशुपालन सहित अन्य विकास की योजनाओं के सदर्भ संबंधित विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा कि पंचायत में सभी विभाग से संबंधित फाइल और पंजी अपडेट रहना अनिवार्य है। उन्होंने सभी पंचायत भवनों में निश्चित रूप से प्रज्ञा केंद्र का संचालन किया जाय। पुरानी एवं लंबित योजनाओं को पूर्ण करने और बंद करने की हिदायत दी है। विकास योजनाओ में एक सप्ताह के अंदर कार्य में प्रगति लाने की निर्देश दिया। मौके पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, बीपीओ संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन दुर्गा टाना भगत सुरेश लिंडा आदि मौजूद थे।

# फुटबॉलर दिव्यानी लिंडा का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

## युवक-युवतियां ढोल-नगाड़े की थाप पर खूब झूमे

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारतीय टीम के फुटबाल खिलाड़ी प्रखंड के चंदरा की बेटी दिव्यानी लिंडा के गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। चार देशों के बीच आयोजित चैंपियनशिप प्रतियोगिता खेल कर मंगलवार वह जैसे ही गांव पहुंची। लोग फूलों की वर्षा करने लगे। माला पहनाने व स्वागत करने वालों की लाइन लगी थी। गांव की वीटिया की उपलब्धी से गांव वाले फुले नही शमा रहे थें। गांव की कई महिलाएं दिव्यानी को गले लगाकर चूम रहे थें। वहीं उसके विद्यालय के छात्र-छात्रों के साथ सदमा के अन्य विद्यालय के बच्चे भी फूलों की वर्षा कर स्वागत कर रहे थे। उसके साथ खिलाड़ी गले लगा रहे थें। इससे पूर्व सदमा चैक पर आदिवासी 22 पड़हा समिति द्वारा फुल के गुच्छे व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। ढोल नगाड़े की थाप पर उसके साथ खेलने वाली युवतियां व युवा झुम रहे थें। वहीं दिव्यानी लिंडा को कांधे में उठा कर गांव में घुमते हुए उसे उसके घर तक ले जाया गया। घर के पास भी लोग झुम रहे थें। वहीं हांथों में तिरंगा लिए दिव्यानी लोगों से मिले स्वागत स्नेह व अभिनंदन के प्रति अभार प्रकट कर रही थी। दिव्यानी की उपलब्ध पर जैसे पूरा गांव में उत्साह का माहौल था। वहीं दिव्यानी के साथ पहुंचे कोच अनुरूल हक व अन्य गांव वालों के उत्साह देख चकित हो मुस्कुरा रहे थे।



फुटबालर वीटिया दिव्यानी का स्वागत करते लोग।

### स्वागत करने वालों में ये लोग थे शामिल

दिव्यानी को स्वागत करने वालों जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, मुखिया सीमा तिर्की, 22 पड़हा समिति के अध्यक्ष बाबूलाल महली, पूर्व मुखिया रमेशचंद्र उरांव, करमचंद उरांव महासचिव, वार्ड सदस्य अनमोल मुंडा, भगत उरांव, लोकान मुंडा, ललिता मुंडा, प्रदीप मुंडा, रवि मुंडा, गीता कच्छप, रामकुमार तिर्की, सूकरा उरांव, दिनेश उरांव, मतिया उरांव, कल्लू मुंडा, जेठू मुंडा, धनेश्वर मुंडा, खुदन मुंडा, कुलदीप उरांव, विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं व ग्रामीण शामिल थे।

# गलत दिशा

हम जिस विनिवेश या निजीकरण की शोर से परेशान है वह मात्र शोर ही है या उसमें कुछ विकास कर पाने का दम भी है। सच यह है कि सभी सरकारों का यह एक शोर है जिससे वे अपनी निजीकरण की पॉलिसी को मजबूत होते रहने का दावा करना चाहता है। सही में किसी विनिवेशीकरण का देश में बोलबाला होगा ऐसा सोचना बेईमानी है। बैंक जिसे अपनी परिसंपत्ति मानते रहे हैं असल में वे इनकी देनदारियां हैं। मसलन, इन बैंकों की तमाम जगहों पर शाखाएं हैं जो आज के तकनीक-संचालित बैंकिंग दौर में गले का फंदा ही साबित होती हैं। उनके कर्मचारियों के मामले में भी यही बात लागू होती है। इन बैंकों के करीब 80 फीसदी कर्मचारियों की उस समय कोई जरूरत ही नहीं रह गई है जब कृत्रिम मेधा (एआई) पहले ही काम को अंजाम देने लगी है।

एक शब्द में कहें तो इनमें से अधिकांश बैंकों के पास पूंजी की भारी कमी है और उन पर ऋण का भारी बोझ है। उनके लिए इस स्थिति से आजाद हो पाना खासा मुश्किल होगा, लिहाजा उनकी ब्रिक्री के अलावा कोई चारा नहीं होगा। आरबीआई इस बात को अरसे से समझता रहा है और यही कारण है कि वर्ष 1994 के बाद गठित विभिन्न समितियों की तरफ से इनकी बिक्री के बारे में दी गई अनगिनत सलाहों को दरकिनार करते हुए उसने एक बैंक के दूसरे बैंक में विलय को ही वरीयता दी है। सच तो यह है कि बैंकों को बेचने के अलावा कोई और विकल्प कभी रहा ही नहीं है। कल्पना करें कि अब सेल जैसी कंपनियों को जो हर दिन तकनीकी के मामले में पिछड़ती जा रही है वहां और कुछ निजीकरण की संभावना शेष है क्या? आखिर निजीकरण की शर्तो को गंभीरता से समझने और उसके पालन होने की बिंदुओं पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता है जिससे हमारी निष्ठा स्थापित हो।

# कोई न हो बेघर

मोदी सरकार का महत्त्वपूर्ण हस्तक्षेप अचल संपत्ति क्षेत्र में किया गया। सरकार शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 18,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि मुहैया कराएगी। इससे इस क्षेत्र में स्थिरता आएगी। सरकारी अनुमानों के मुताबिक इससे 78 लाख रोजगार तैयार होंगे। सरकार आयकर अधिनियम में संशोधन कर ऐसे मामलों में राहत प्रदान करेगी जहां लेनदेन सर्किल दर से नीचे हुआ हो। अंतर को 10 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी किया जाएगा। यह बात अहम है क्योंकि आर्थिक मंदी के चलते अचल संपत्ति कीमतों में काफी कमी आ गई है। यह कमी स्थानीय सरकारों द्वारा तय सर्किल दर में परिलक्षित नहीं हुई। माना जाना चाहिए कि इससे देश में अनबिके मकानों की तादाद कम होगी। अन्य घोषणाओं के अनुसार सरकार राष्ट्रीय निवेश एवं बुनियादी ढांचा फंड में इक्विटी डालेगी। इससे फंड बढ़ाने और मध्यम अवधि में बुनियादी ढांचा योजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद मिलेगी। सरकार पीएम गरीब कल्याण रोजगार योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि मुहैया कराएगी। इसका इस्तेमाल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत रोजगार देने में किया जाएगा। ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना इस वर्ष कारगर रही है और इसने देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान घरों को लौटे प्रवासी श्रमिकों को जरूरी सहायता मुहैया कराई। सरकार ने पहले इस योजना के आवंटन में 40,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की थी। कुल मिलाकर सरकार ने वित्तीय गतिरोध के बावजूद आर्थिक गतिविधियों की मदद की गुंजाइश निकालकर अच्छा किया है। इस दिशा में शहरों के विस्तार और बेघरों को घर देने का एक बड़ा अभियान चलाने की आवश्यकता है जो सिर्फ केन्द्र के भरोसे नहीं चल सकता। इससे विकास की गति दोगुनी हो सकती है।

# अविरल गंगा देश-दुनिया के हित में है





-अरुण तिवारी

**गौरतलब है कि शासन ने ऐसा सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह याद दिलाने के बावजूद किया कि चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, एक निमार्णाधीन परियोजना है और परिपत्र के मानक यहां भी लागू होते हैं। इतना ही नहीं, चारधाम परियोजना को शासन के मनचाहे तरीके से निर्मित कराने के लिए कमेटी अध्यक्ष हस्ताक्षरित रिपोर्ट पर गौर करने की बजाय, कुछ सदस्यों द्वारा अलग से रिपोर्ट पेश कराने का खेल खेला गया।**

**नदियों** के अविरल-निर्मल पक्ष की अनदेखी करते हुए उनकी लहरों पर व्यावसायिक सवारी के लिए जलमार्ग प्राधिकरण। पत्थरों के अवैध चुगान व रेत के खनन के खेल में शामिल खुद शासन-प्रशासन के नुमाइंदे। गंगा की जमीन पर पटना की राजेन्द्र नगर परियोजना। लखनऊ में गोमती के सीने पर निर्माण। दिल्ली में यमुना की जमीन पर विद्युत संयंत्र, अक्षरधाम, बस अड्डा, मेट्रो अड्डा, रिहायशी-व्यावसायिक इमारतें आदि आदि। प्रकृति विरुद्ध ऐसे कृत्यों के दुष्परिणाम हम समय-समय पर भुगतते रहते हैं; बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा खुद अपने तथा समय-समय पर अदालतों द्वारा तय मानकों, कानूनों, आदेशों व नियमों की धज्जियां उड़ाने के काम जारी हैं। इसकी ताजा बानगी दो खास सड़क परियोजनायें हैं: चारधाम और गंगा एक्सप्रेस-वे।

**चारधाम ऑल वेदर रोड : मानकों की अनदेखी**

बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा के मुख्य तीर्थ यही हैं। ये चारों धाम क्रमशः अलकनंदा, मंदाकिनी, भगीरथी और यमुना के उद्गम क्षेत्र में स्थित हैं। चारों धामों को आपस में जोड़ने वाली सड़कों पर वाहनों की गति तेज करने के लिए चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना नियोजित की गई है। परियोजना के नियोजक, परियोजना की सड़कों को 12 मीटर चौड़ा करने की जिद्द पर अड़ें हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित रवि चोपड़ा की अध्यक्षता वाली हाईपावर कमेटी ने चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना की सड़कों की चौड़ाई को 5.5 मीटर तक सीमित करने की सिफारिश की है। इस सिफारिश का आधार, केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा 23 मार्च, 2018 को जारी एक परिपत्र है। जबकि केन्द्र सरकार ने अपने ही परिपत्र को यह कहते हुए नकार दिया है कि परिपत्र भविष्य की परियोजनाओं पर लागू होता है, चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना पर नहीं।

**हिमालयी हितों पर भारी निजी हित**

पूछने लायक सवाल है कि यदि परिपत्र में दिए मानकों का मंतव्य पर्यावरणीय क्षति को न्यून करना है तो फिर उन्हे लागू करने के लिए वर्तमान और भविष्य में भेद करने का औचित्य ? ऐसे में सत्तारुढ़ दल पर किसी खास के हितों के लिए पर्यावरणीय हितों की अनदेखी का आरोप लगे तो क्या गलत है ?

गौरतलब है कि शासन ने ऐसा सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह याद दिलाने के बावजूद किया कि चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, एक निमार्णाधीन परियोजना है और परिपत्र के मानक यहां भी लागू होते हैं। इतना ही नहीं, चारधाम परियोजना को शासन के मनचाहे तरीके से निर्मित कराने के लिए कमेटी अध्यक्ष हस्ताक्षरित रिपोर्ट पर गौर करने की बजाय, कुछ सदस्यों द्वारा अलग से रिपोर्ट पेश कराने का खेल खेला गया।....और अब शासन, संवैधानिक कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए हाईपावर कमेटी के संचालन में लगातार अनैतिक हस्तक्षेप कर रहा है। उत्तराखण्ड शासन भी पर्यावरण संबंधी मानकों व वैज्ञानिक आधारों की बजाय, बहुमत-अल्पमत आधारित राय का राग अलाप रहा है, मामला विचाराधीन होने के बावजूद निर्माण कार्य को जारी रखे हुए है। श्रीनगर गढ़वाल से मुनि की रेती तक के नदी तटीय क्षेत्रों पर कुछ प्रतिबंध संबंधी अधिसूचना जारी कर जरूर दी गई है, किंतु निमार्ता एजेन्सियां भी निर्माण के दौरान मलवे को नदी भूमि पर डंप करने से नहीं चूक रही। वन कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए दरख्तों को काटने से भी उन्हे कोई परहेज नहीं है। जल-विद्युत परियोजनाओं के निर्माण तथा संचालन के दौरान हिमालयी हितों की अनदेखी पहले से जारी है ही।

यह उत्तराखण्ड की सरकार ही है, जो अपने ही प्रदेश में जन्मी यमुना-गंगा को जीवित मानने वाले अपने ही प्रदेश के हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। क्या प्रकृति हितैषी कदमों को दलों के आने-जाने अथवा कारपोरेट स्वार्थों से प्रभावित होना चाहिए ? नहीं, किंतु भागीरथी घाटी को पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील घोषित करने वाली अधिसूचना के मूल मंतव्य की अनदेखी कर तैयार जोनल मास्टर प्लान इसी रवैये का प्रदर्शन है। राज्य के एकमात्र शिवालिक हाथी रिजर्व संबंधी लागू अधिसूचना को भी रद्द करने की तैयारी की खबरें भी अखबारों में है। क्या हम यह बर्दाश्त करें कि ये सभी न तो वर्ष उत्तराखण्ड आपदा-2012 के कारण हुए भयावह नुकसान के कारणों से कुछ सीखने को राजी हैं और न ही भूगर्भीय प्लेटों में बढ़ती टकराहटों से संभावित विध्वंसों की आहटों से तिस पर मजाक करता यह बयान कि शासन गंगा की अविरलता-निर्मलता सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध है !!

दुःखद है कि गंगा का उपहास सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। गोमती किनारे लखनऊ के बाद, अब मथुरा में राया नगर बसाने के बहाने यमुना रिवरफ्रंट योजना को क्या कहें ? गोमुख की चाहे एक बूंद, प्रयागराज न पहुंचती हो, लेकिन राजनैतिक बयान गोमुख से प्रयागराज को सड़क मार्ग से जोड़ने के शासकीय इरादे पर अपनी पीठ ठोंक रहे हैं। इस इरादे को पूरा करने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना को जमीन पर उतारने का काम शुरू हो गया है।

**पुनः प्रस्तुत गंगा एक्सप्रेस-वे**

गौर कीजिए कि गंगा एक्सप्रेस-वे का प्रस्ताव पहली बार वर्ष 2007 में अस्तित्व में आया था। तब इसका रूट नोएडा से बलिया तक 1047 किलोमीटर लंबा था। सर्वप्रथम इसे उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ रोकने के उपाय के रूप में प्रस्तावित किया गया था। विरोध होने पर लोक निर्माण विभाग ने इसे सड़क के रूप में प्रस्तावित किया था। गंगा-यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण बाद में अस्तित्व में आया। कर्जदाता विश्व बैंक ने इसमें खास रुचि दिखाई। कालांतर में गंगा एक्सप्रेस-वे को गंगा के लिए नुकसानदेह मानते हुए उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा इसकी पर्यावरणीय मंजूरियों को रद्द कर दिया गया। इसके साथ ही इसका काम ठ्प्प पड़ गया।

अब योगी सरकार ने गंगा से 10 कि.मी. की दूरी पर निर्मित करने के बदलाव के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना को पुनः प्रस्तुत कर दिया है। मुआवजा राशि को भी पहले से कई गुना ज्यादा कर दिया गया है।

## खास बात

### ममत को झटका

**पश्चिम** बंगाल सरकार की कलकत्ता हाईकोर्ट के ऑर्डर के आदेश के खिलाफ याचिका को खारिज कर दिया है। 5 जनवरी को कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली मामले में जांच कर रही एऊ टीम पर हमले की जांच को उइकको सौंपने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ पश्चिम बंगाल की सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई।

बता दें कि केंद्रीय जांच एजेंसी टीएमसी सांसद शाहजहां शेख से जुड़े मामले में कई परिसरों की जांच करने गई थी, जिस दौरान उसपर हमला कर दिया गया था।

क्यों नहीं किया गया शाहजहां को गिरफ्तार?

सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई जस्टिस बीआर गवई और संदीप मेहता की बेंच कर रही थी। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से पूछा कि शेख को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया है।

सुनवाई के दौरान बेंच ने पश्चिम बंगाल पुलिस को लीड कर रहे सीनियर वकील जयदीप गुप्ता से कई सवाल किए और पूछा कि ळटउ के निलंबित नेता शाहजहां शेख को 5 जनवरी के हमले के बाद क्यों तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया और मामले की जांच में विलंब क्यों हुआ?

हाईकोर्ट की टिप्पटियों को हटाया

सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखालि में एऊके दल पर हमले के मामले में उइक को जांच ट्रांसफर करने का आदेश देते हुए पश्चिम बंगाल सरकार, पुलिस के खिलाफ की गई हाईकोर्ट की टिप्पणियों को हटाया।

बेंच ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की इस दलील पर गौर किया कि अगर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (उइक) को जांच ट्रांसफर करने के अंतिम आदेश को बरकरार रखा जाता है, तो उन्हें टिप्पणी हटाए जाने से कोई आपत्ति नहीं है। राजू ने कहा कि अगर जांच उइकको नहीं सौंपी जाती तो राज्य पुलिस द्वारा जांच मजाक बनकर रह जाती।

क्या थी पश्चिम बंगाल सरकार की कलकत्ता हाईकोर्ट के खिलाफ दलील?

पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा था कि हाईकोर्ट का आदेश अवैध और मनमाना है और इसे निरस्त किए जाने की तुरंत जरूरत है।

# शिव तत्व

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**लिंग** पूजा का विधान शिव के साकार विग्रह की उपासना से भी अधिक प्राचीन है।शिवलिंग परमशिव का प्रथम व्यक्त प्रतीक है। जब संसार में कुछ नहीं था, तब निराकार ने स्वयं को लिंग रूप में प्रकट किया। अतः शिवलिंग संसार का प्रथम दैवीय प्रतीक, ईश्वरीय प्रतीक माना गया है। भूलना नहीं कि शिव और शिवा एक हैं, जैसे लकड़ी में अग्नि छुपी रहती है वैसे ही शिव तत्त्व में शिवा तत्त्व छुपा है। जैसे जल में तरलता है, वैसे ही शिव तत्त्व में शिवा तत्त्व है। ये दोनों एक-दूसरे से भिन्न नहीं हैं। जैसे शरीर में बल है, लेकिन छुपा है, जब आवश्यकता होती है, तब शरीर में बल प्रकट होती है। उगर एक गिलास उठाना हो, तो गिलास उठाने के लिए जितनी शक्ति चाहिए, प्रकट होगी। अगर एक टेबल को उठाना हो तो टेबल उठाने के लिए शक्ति शरीर में, मांसपेशियों में प्रकट होगी। अगर अलमारी को हिलाना हो तो अलमारी हिलाने के लिए जितनी शक्ति चाहिए, उतनी प्रकट होगी। शक्ति हमेशा शरीर के भीतर सूक्ष्म रूप से विद्यमान रहती है। उसी प्रकार शिव तत्त्व के भीतर शिवा तत्त्व सूक्ष्म रूप में हमेशा विद्यमान रहता है। यह शिवलिंग उसी शिव और शक्ति के स्वरूप का परिचायक है। लिंग जिस पर स्थापित है, उसे अर्घा या पीठ कहते हैं। वह अर्धा शक्ति का स्वरूप है। लिंग नाम क्यों दिया गया है? लिंग साक्षात परमशिव का प्रतीक है और लय का अधिष्ठान होने के कारण उसको लिंग कहते हैं। जब सारी सृष्टि विलीन हो जाता है, समाप्त हो जाती है।

**भाजपा,** युवा मोर्चा, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल द्वारा बेरोजगार न्याय मार्च निकाला गया। बेरोजगारी, पेपर लीक, झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार महिलाओं के व्यभिचार व्यवहार जैसे मामलों पर यह मार्च निकाला गया।


**– संजय सेठ, सांसद, रांची**

## आपके ट्वीट

**राज्यसभा** चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ. सरफराज अहमद जी के नामांकन के दौरान पार्टी एवं सहयोगी दलों के कई नेताओं के साथ उपस्थित रहा। उन्हें जीत की अग्रिम शुभकामनाएं।

**. – चंपई सोरेन सीएम**





**जिनके** दिल में राष्ट्रहित सर्वोपरि है, जिनमें लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्धता है, ऐसे युवाओं से मेरा आह्वान है कि वो आगे आएं और बीजेपी के माध्यम से देश की सेवा में जुट जायें।

**–नरेन्द्र मोदी**

# क्या शिक्षक पात्रता परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए ठगी है

**प्रियंका सौरभ**

## सामयिक

**देश** भर में शिक्षकों की भर्ती के लिए पिछले डेढ़ दशक से शिक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाता है, इस परीक्षा की खास बात ये है कि केंद्रीय शिक्षक पात्रता के अलावा सभी राज्य सरकारें अपनी तरफ से अलग-अलग राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करवाती है। केंद्रीय पात्रता परीक्षा तो साल में दो-दो बार आयोजित की जाती है. मगर इन पात्रता पास अभ्यर्थियों में से मुश्किल से एक प्रतिशत को लम्बे इंतजार के बाद शिक्षक बनने का मौका मिल पाता है। आखिर ये बेरोजगार युवाओं को लूटने का तरीका बंद क्यों नहीं होता? नई शिक्षा नीति में इस लूट प्रथा पर नकेल क्यों नहीं लगाई गई?

आखिर क्यों केंद्रीय शिक्षक पात्रता पास युवाओं को राज्य में भी अलग से पात्रता उत्तीर्ण करनी पड़ती है। मकसद साफ है परीक्षा के नाम पर पैसों की लूट। राजस्थान राज्य सम्भवत एक ऐसा राज्य है जो शिक्षक पात्रता परीक्षा तभी लेता है जब वहां शिक्षकों की भर्ती निकलती है। उसी आधार पर वहां पात्रता परीक्षा आयोजित होती है और कट ऑफ निर्धारित होती है। कितना अच्छा तरीका है ये आखिर केंद्र और अन्य राज्य इस राजस्थानी पद्धति को नहीं अपनाते? बाकी राज्यों के अभ्यर्थियों को बार-बार परीक्षाओं के नाम पर क्यों ठगा जाता है?

जाहिर है हरियाणा में हर साल लगभग पांच पांच लाख अभ्यर्थी शिक्षक पात्रता परीक्षा में हर पेपर के लिए एक हजार रुपए की फीस भरकर बैठते है। नतीजन सरकार को अरबों की कमाई होती है। लेकिन सरकार को तो कमाई होती है, इसके बदले युवाओं के सपने बिक जाते है। हरियाणा में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती हुए लगभग दस साल हो गए है. बाकी शिक्षक भर्तियों का भी यही हाल है। जब सरकार को भर्ती ही नहीं करनी तो क्यों सरकार बार-बार ये परीक्षा करवाकर बेरोजगारों को शिक्षक बनाने के नाम पर ठग कर रही है।

बार-बार शिक्षक पात्रता परीक्षा का शिक्षकों की भर्ती के अभाव में क्या औचित्य है? सच में ये बेरोजगार युवाओं को लूटने का सरकारी धंधा बन गया है। हरियाणा में दस-दस बार शिक्षक पात्रता परीक्षा पास कर चुके युवाओं को अभी तक नौकरी की कोई आस नहीं है। इस बात का सबसे बड़ा सबूत ये है कि सरकार को भर्ती के अभाव में इनकी पात्रता को मजबूर होकर पांच साल से सात करना पड़ा। हरियाणा में आगामी शिक्षक पात्रता परीक्षा का बेरोजगारों को लूटने के अलावा कोई औचित्य नहीं है। अगर सरकार को शिक्षकों कि आवश्यकता ही है तो पहले से उत्तीर्ण युवाओं को नौकरी क्यों नहीं दी जा रही। कोरोना के चलते जब भर्ती परीक्षाओं को रोक दिया है तो शिक्षक पात्रता करवाने के पीछे लूटने के अलावा कौन सी मंशा है। युवाओं को इसका एक सुर में विरोध करना चाहिए। मेरा मकसद इन परीक्षाओं की रोक का कतई नहीं है. ये परीक्षा ली जाये और पारदर्शी तरिके से ली जाये। मगर तभी ली जाये जब भर्ती आ जाये। भर्ती घोषणा के उपरांत सरकार पात्रता परीक्षा ले ताकि उत्तीर्ण युवा भर्ती में भाग ले सके। या फिर सरकार इस बात की गारंटी दे की दो साल में एक बार शिक्षक भर्ती अवश्य होगी। और उत्तीर्ण प्रतिशत भी भर्ती के एक अनुपात में हो ताकि प्रतिभाशाली युवा शिक्षक बन सके। मगर हरियाणा जहां हर साल शिक्षक पात्रता परीक्षा ली जाती है वहां उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की पांच साल की पात्र अवधी दो-दो बार समाप्त हो चुकी है मगर भर्ती नहीं आई। ऐसे में इस परीक्षा का क्या औचित्य है ?राज्यों को इसलिए शिक्षक पात्रता अवधि नेट की तरह आजीवन करने कि सख्त जरूरत है।

## कॉर्टून वर्ल्ड



## लेटर टू एडिटर

### सबका हो विश्वास

**सबका** साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सरकार का मंत्र होना चाहिए। सरकार अपने नागरिकों को सबल बनाने के लिए गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अशिक्षा को मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास करे। बिहार ही नहीं, देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को मुफ्त में वैक्सीन उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। **–रोहित शर्मा, रांची**

### मिलावट और त्योहार

**त्योहारों** के मौसम में खाद्य पदार्थों में मिलावट का कारोबार, खासतौर पर मिठाइयों में, ज्यादा जोर पकड़ता है। इसके लिए आम लोगों को जागरूक होना चाहिए। खाद्य पदार्थों में मिलावट के मुख्य कारण एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है। दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाता।**–शिवकुमार, गढ़वा**

# विनिवेश से राजस्व मिलने की उम्मीद गलत है

**श्रीनिवास-राघवन**

## आर्थिक

बजट बनाने का वक्त आ गया है। पिछले दो दशकों की तरह इस साल भी वित्त मंत्रालय अपने प्रावधान तैयार करते समय विनिवेश से प्राप्त राजस्व का आकलन जरूर रखेगा।

सरकार ने वर्ष 2020-21 के बजट में 2.1 लाख करोड़ रुपये के विनिवेश राजस्व का लक्ष्य रखा था लेकिन बढ़ते खर्चों के बीच उसे अपनी हरेक परिसंपत्ति से आय पर नजरें टिकानी होंगी। वित्त मंत्री ने अपने 'आत्मनिर्भर' पैकेज की घोषणा के समय कहा था कि रणनीतिक महत्त्व वाले क्षेत्रों में भी चार से अधिक सार्वजनिक उपक्रम नहीं रहेंगे। हम मान लेते हैं कि बैंकिंग क्षेत्र को भी रणनीतिक महत्त्व का दर्जा दिया जाएगा। इसका मतलब है कि मौजूदा समय के सात बड़े बैंकों एवं पांच छोटे बैंकों में से कई को बेचा जाएगा।

लिहाजा अर्थव्यवस्था पर एक चर्चा के दौरान मैंने पूछा कि क्या कोई कंपनी इन बैंकों को खरीदना चाहेगी और अगर हां तो फिर किन बैंकों को खरीदना चाहेगी? दुर्भाग्य से इसका जवाब है किसी को भी नहीं। वे तो सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को ही खरीदना चाहेंगे जो कि बिकने वाले बैंकों में शामिल ही नहीं है। हर किसी को पता है कि इसकी तीन बड़ी वजहें हैं। हर कोई दूसरे के कामकाज में दखल देता है जिससे समस्या और बिगड़ती जाती है। पहला, इन बैंकों के पास परिसंपत्तियों से अधिक तो देनदारियां हैं। इसका मतलब है कि उन्हें अधिक रकम चुकाई जानी है लेकिन उनमें से आधी से अधिक राशि लौटने ही नहीं वाली है।

आप इस समस्या की गंभीरता को उस मूल्य से आंक सकते हैं जिस पर वे कारोबार कर रहे हैं। यह काफी हद तक नकारात्मक है। यहां तक कि एसबीआई भी 210 रुपये से थोड़ा ऊपर ही कारोबार कर रहा है जो कि उसके लिए खासा निचला स्तर है। इसके उलट निजी क्षेत्र के बैंकों के शेयरों का मूल्य कहीं अधिक है। मसलन, एचडीएफसी लॉकडाउन के ठीक पहले करीब 883 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था और पिछले शुक्रवार को यह 1,308 रुपये प्रति शेयर के भाव पर पहुंच चुका था। शेयर बाजार को गणित के बारे में बखूबी पता है।

बैंकों की बहुतेरी देनदारियां खुद उनसे भी छिपी हुई हैं। यहां पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का जिक्र करना ठीक नहीं होगा जिसने बैंकों की निगरानी के मोर्चे पर काफी शिथिलता बरती है। ये बैंक पिछले 20 वर्षों से 'रचनात्मक लेखांकन' के काम में लिप्त रहे हैं। और अब पिछली हरकतों के नतीजे भुगतने का वक्त आ गया है।

असल में, सरकारी एयरलाइन एयर इंडिया सार्वजनिक उपक्रम की बिक्री का कहीं बेहतर विकल्प रहा है। यही कारण है कि सरकार ने इसे 'उद्यम मूल्य' पर ही बेचने का लगभग फैसला कर लिया है। एयर इंडिया की अपनी पूंजी पूरी तरह खत्म हो चुकी है और वह बिक्री से मिलने वाली राशि से खुद पर बकाया करीब 23,000 करोड़ रुपये के कर्ज का ही भुगतान कर सकता है।

ऐसे में सवाल उठता है कि अगर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और एयर इंडिया की कीमत कबाड़ जैसी हो गई है तो बाकी सार्वजनिक उपक्रम बिक्री से कितनी रकम जुटा सकते हैं? इसमें एक और पेच यह है कि इन उपक्रमों के पास की हजारों एकड़ जमीन को भी नहीं बेचा जा सकता है क्योंकि किसी को भी नहीं मालूम कि उन जमीन का स्वामित्व किसके पास है?


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### निमार्णाधीन भवन में अनियमितता का आरोप

**टंडवा।** जिला परिषद से 49 लाख की लागत से अस्पताल परिसर टंडवा में बन रहे सामुदायिक भवन में अनियमितता का आरोप है। ठेकेदार के द्वारा नियमित पानी न पटाना और इंट जोड़ाई में सिमेट का प्राक्कलन के आधार पर मिश्रण नहीं करने का आरोप है। इससे गुणवत्ता प्रभावित होने की संभावना है।

### सुहानी राज वस्त्रालय का पूर्व जिप अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**कोडरमा।** बाजार स्थित सब्जी मंडी रांची-पटना रोड में सुहानी राज वस्त्रालय का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के द्वारा किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठान खुलने से स्थानीय ग्राहकों को काफी सुविधा होगी। खास कर त्योहार और लग्न में लोगों को कोडरमा बाजार में ही सभी तरह के कपड़े मिल पाएगी। वहीं प्रतिष्ठान के संचालक अवनीश कुमार ने बताया कि हमारे यहां बच्चे, लेडिस व जेंस के लिए हर तरह का रेडीमेड व थान के कपड़े उपलब्ध हैं। मौके पर पूजा कुमारी, मनीष पांडेय, धीरज कुमार, सोनी देवी, सुहानी कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### प्रशिक्षण में घटिया खाना देने की शिकायत, बीस सूत्री अध्यक्ष ने लगाई फटकार



**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में सहिया साथी का जिला स्तरीय पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।आवासीय प्रशिक्षण का निरीक्षण करने गिद्धौर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान पहुंचे।जहां प्रशिक्षण में उपस्थित सहीया साथी ने घटिया खाना देने की शिकायत 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान से किया। शिकायत के आलोक में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष ने प्रशिक्षण में खाना मुहैया कराने वाले को जमकर फटकार लगाया। साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित सहिया साथी को गुणवता पूर्ण खान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खाना में अगर सुधर नहीं हुआ तो इसकी लिखित शिकायत उपायुक्त से करने की बात कही। मौके पर प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव उपस्थित थे।

### उपायुक्त आमजनों की समस्याओं से हुई रूबरू



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। वहीं जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मकान बनाने में बांधा पहुंचाने, बेसहारा पुत्री-पुत्र के पढ़ाई लिखाई हेतु सहायता,अबुआ आवास का लाभ देने, हाथियों द्वारा घर तोड़ने, सहिया के चुनाव में अनियमितता, बिजली का मीटर लगवाने का आदेश देने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

### युनियन बैंक ने मृतक के पुत्र को बीमा की 6.25 लाख का किया भुगतान



**टंडवा।** युनियन बैंक की इंडिया फर्स्ट लाभुक जीवन बीमा प्लान के तहत मृतक नागेश्वर साव के पुत्र लीलू कुमार को 6.25 लाख का भुगतान किया गया। शाखा की मैनेजर रितिका सिंह ने घटना के दो माह के अंदर बीमा की यह राशि उसके खाते में ट्रांसफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मगध से प्रभावित सराढू पंचायत के कुंडी निवासी नागेश्वर साव ने युनियन बैंक गाड़ीलौंग शाखा में नवम्बर 2023 में पांच लाख का जीवन बीमा प्लान लिया था। इधर जीवन बीमा के एक माह के अंदर नागेश्वर साव आकस्मिक निधन कर गये। लिहाजा बैंक के शाखा प्रबंधक रितिका सिंह के प्रयास से घटना के दो माह के अंदर 6.25लाख उसके पुत्र को दिये गये। मैनेजर ने बताया कि बीमा के तहत मौत होने पर सवा लाख का डेथ क्लेम भुगतान किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस बीमा के तहत 20साल पुरा होने पर लाभुक को 17.50लाख का भुगतान किया जाता है।

### चांद दिखने के बाद रोजा शुरू

**मरकच्चो (कोडरमा)।** चांद के दीदार के साथ इस्लाम धर्म का सबसे पाक माह शुरू हो चुका है। भारत में रमजान का पहला रोजा 12 मार्च को रखा गया। ज्ञात हो कि रमजान मुस्लिम समुदाय का विशेष त्योहार माना जाता है। रमजान में पूरे एक माह का रोजा रखा जाता है। सोमवार की शाम चांद दिखते ही उत्सव का माहौल हो गया। घरों में रोजा रखने की तैयारी तेज हो गई। रात से मस्जिदों में तरावीह भी शुरू हो गई है। लोगों ने प्रखंड की अलग-अलग मस्जिदों में कहीं छह, कहीं ढाई तो कहीं दो पारा तरावीह सुनी। वहीं मरकच्चो जामा मस्जिद के इमाम मो. जसीम उद्दीन ने बताया कि रमजान का महीना बहुत ही रहमतों व बरकतों का महीना है। इस माह में एक नेकी के बदले 70 नेकियों के बराबर सवाब मिलता है।

### एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो सह शक्तिकरण परियोजना के अन्तर्गत सृजन महिला विकास मंच के द्वारा मंगलवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर खरखार पंचायत के लहरियाटांड में आयोजित किया गया। वहीं शिविर में अलग अलग काउंटर लगाए गए थे। इस दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में नेत्र जांच, बीपी जांच, सर्दी, जुकाम, शुगर, दस्त, टीबी जैसे विभिन्न बीमारियों का ईलाज किया गया। शिविर में कुल 170 मरीजों का ईलाज के उपरांत निःशुल्क दवाईयां वितरण किया गया।

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को सांसद अन्नपूर्णा देवी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## रांची से वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का कोडरमा में ठहराव

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 85 करोड़ रुपए से अधिक रेल परियोजनाओं की आधारशिला व लोकार्पण किया। इसमें वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों सहित अन्य सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इसी कड़ी में कोडरमा स्टेशन में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को सांसद अन्नपूर्णा देवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व कोडरमा स्टेशन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि यह बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भारत द्वारा स्वर्ण निर्मित हाई स्पीड ट्रेन है। उन्होंने कहा कि लगातार उनके द्वारा लोकसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को धरातल पर लाकर पूरा करने में सफलता पाई है, आने वाले समय में जनता की और भी अपेक्षाएं हैं, उसे पूरा करने का प्रयास उनके द्वारा किया जाता रहेगा। वहीं समारोह को बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह दिन जिले वासियों के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने सांसद द्वारा रेल क्षेत्र के लिए किए गए प्रयास की सराहना करते हुए बधाई दिया। समारोह में स्वागत भाषण देते हुए मंडल रेल प्रबंधन कमल किशोर सिंहा सांसद का स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ भेंटकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, रेल सलाहकार समिति के सदस्य कांति देवी, रमेश सिंह, चन्द्रभूषण साव, अरशद खान, लक्ष्मण यादव के अलावा धनबाद रेल मंडल के कई अधिकारी व रेल कर्मी सहित सैकडो लोग मौजूद थे।

### 20 सूत्री प्रखंड़ अध्यक्ष ने किया पीडीएस दुकान की जांच



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत में स्थित सलगा गांव में लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह पीडीएस दुकान का 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान ने मंगलवार को जांच किया। इस दौरान पीडीएस दुकान में उपस्थित राशन कार्ड धारीयों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। राशन कार्ड धारीयों ने बताया कि पीडीएस दुकान संचालक के द्वारा सही मात्रा में अनाज दिया जा रहा है। वहीं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान ने समय से अनाज उठाव कर समय से अनाज का वितरण करने का निर्देश पीडीएस दुकान संचालक को दिया है। मौके पर 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष रामदेव यादव, पीडीएस दुकान संचालक सहित राशन कार्ड धारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री अनुजा निगम ऋण योजनाओं के लाभार्थियों से करेंगे ऑनलाइन जनसंवाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** 13 मार्च दिन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनुजा निगम ऋण योजनाओं के लाभार्थियों से ऑनलाइन माध्यम से जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

जिला कल्याण पदाधिकारी विजय दास ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के द्वारा दिनांक 13 मार्च को शाम 4:00 बजे राष्ट्रीय निगमों (अनुसूचित जाति वर्ग, सफाई कर्मचारी वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) के लाभार्थियों से प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से कलक्टरेट सभागार (कॉन्फ्रेंस हॉल), चतरा में जनसंवाद किया जायेगा तथा एक लाख लोगों की उक्त मेगा ऋण मेले में प्रधानमंत्री द्वारा ऋण स्वीकृत राशि उनके खाते में हस्तान्तरित की जायेगी। इस आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ भारी संख्या में लाभार्थी शामिल होंगे।

## झामुमो कार्यकताओं ने निकाला न्याय पदयात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी व केंद्र सरकार के षड़यंत्रपूर्ण कार्यशैली के विरोध में झामुमो के कार्यकताओं ने मंगलवार को मरकच्चो अस्पताल से सैकड़ो की संख्या में न्याय पदयात्रा निकला। पद यात्रा अस्पताल मैदान से चलकर बन्धन चैक, कलाल मुहल्ला, बड़ा अखाड़ा, लालनगर, दरगाह मुहल्ला, तुरिया टोला होते हुए ब्लॉक चैक पहुंच कर नुकड़ सभा में तब्दील हो गयी। वहीं सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी साढे 18 वर्षों तक झारखंड में सत्ता पर काबिज रही और भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में सिर्फ खनिज संपदा को लूटने का काम किया। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड में तीन-तीन मुख्यमंत्री बने, लेकिन इन लोगों के नेतृत्व में झारखंड में कहीं समुचित विकास नहीं हुआ। जब पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी तब से भारतीय जनता पार्टी के लोगों को पेट दर्द शुरू हो गया और तब से सरकार गिराने के लिए एन केन प्रकारेन के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठा केस में फंसा कर जेल में डालने का काम किया, मगर आज हजारों हेमंत रोड पर हैं। जब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रिहा नहीं हो जाते हैं तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा। न्याय पद यात्रा में भारतीय जनता पार्टी मुदार्बाद, केंद्र सरकार हाय हाय, जब जब मोदी डरता है ईडी-ईडी करता है आदि नारे लगा रहे थे। वहीं अन्य वक्ताओं ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव महागठबंधन के नेतृत्व में 14 लोकसभा जीतेंगे और विधानसभा चुनाव भी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में पुनः सरकार बनेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी व संचालन मो. खलील ने किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, जिला सचिव श्यामदेव यादव, बैजनाथ मेहता, रवि शंकर सिंह, मो जावेद, निर्मला तिवारी, बसंती देवी, बेबी देवी, राखी देवी, दिलीप गुप्ता, अशोक कुमार, प्रदीप चैधरी, फैयाज अहमद, बसंत पासवान, सुनीता देवी, सहदेव यादव, कामेश्वर भारती, गोविंद प्रसाद बिहारी, संतोषी देवी, माला देवी, शांति देवी, महावीर राणा, इतवारी साव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### बंगाली एसोसिएशन ने मनाया स्वामी रामकृष्ण परमहंस का जन्मोत्सव



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा बंगाली एसोसिएशन ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस का 189वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अड्डी बंगला रोड स्थित रविंद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में पंडित हरि भट्टाचार्य ने मां काली व स्वामी रामकृष्ण परमहंस की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की एवं महाप्रसाद का भोग लगाया गया। पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच भोग का प्रसाद वितरण किया गया। वहीं पूजा अर्चना कार्यक्रम में शामिल महिलाओं द्वारा स्वामी जी पर आधारित भक्ति गीत ह्लभव सागर तारण कारण हे, रविनंदन बंदन खंडन हे, शरणागत किंकर भीतमने, गुरु देव दया करो दिनोजने.... जैसे भजन प्रस्तुत कर पूरा माहौल को भक्तिमय बना दिया। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. ओमियो विश्ववास ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर डॉ. सीमा विश्वास, चंद्रानी सरकार, सोमा सरकार, पद्मा बनर्जी, चैताली चटर्जी, गायत्री दत्ता, मृदुला मजूमदार, उर्मिला दास, माला चटर्जी, रीना भट्टाचार्य, नयना बनर्जी, बलाका दासगुप्ता, इंद्राणी मुखर्जी, बनानी घोष, सपना चटर्जी, सुनील देवनाथ, उत्तम दास पाल, सुधन्य घोष, विमल चटर्जी, आलोक सरकार, कमल दत्ता, सपन डे, तन्मय बनर्जी, असित भट्टाचार्य, अनूप चटर्जी, पिंटू मजूमदार सहित काफी संख्या में बंग समाज के लोग मौजूद थे।

# सीटू ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, जुलूस निकाल किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** सीटू के नेतृत्व में झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन ने अम्बेडकर पार्क कोडरमा से जुलूस निकालकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, साथ ही मांगों के समर्थन में समाहरणालय पर प्रदर्शन कर मांग पत्र सौंपा। जिसमें महिला दिवस जिन्दाबाद, समान काम का समान वेतन देना होगा, महिला आरक्षण लागू करो, महिलाओं पर अत्याचार बंद करो, आवाज दो हम एक हैं आदि जोशीले नारे लगाए जा रहे थे। समाहरणालय पर मंजू मेहता की अध्यक्षता में हुई सभा को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, जिला सचिव रमेश प्रजापति, आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, जिला सचिव वर्षा रानी ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया। मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से देशभर में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है, सबसे ज्यादा महिलाओं का रोजगार छिना गया है। महिलाओं को आज भी दोयम दर्जे का नागरिक समझा जाता है, ऐसे में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और एकजुट एकजुट होना होगा।

वहीं जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का कानून बन गया, मगर यह लागू 2029 में होगा। मोदी सरकार ने महिलाओं को बेवकूफ बनाया। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि केन्द्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। आंगनबाड़ी केंद्र में पिछले 7 माह से पोषाहार राशि का आवंटन नहीं दिया है, अब उधार लेकर केन्द्र चलाना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन उपरांत 6 सूत्री मांग पत्र डीएसडब्लूओ को दिया गया। कार्यक्रम में वर्षा रानी, मंजू मेहता, बेबी देवी, संध्या बर्णवाल, विमला देवी, नीलम यादव, सुनीता देवी, कुमारी अनामिका, सरवरी प्रवीण, सफीना खातुन, मनोरमा देवी, राधा देवी, संजीता देवी, पिंकी, कांति देवी, संजु, प्रभा, लक्ष्मी, विद्या कुमारी, गुड़िया कुमारी, कोमन रानी, उषा, ललीता देवी, उषा देवी, रेखा देवी, बबीता, पुनम, बबीता, ललीता, गीता कुमारी, दमयन्ती, अनीता, साजदा खातुन, नाजरा प्रवीण, गीता, रीता, मंजु, वीणा, अनीता, संगीता, सविता, चंचला, प्रमीला, पुनम, रीता देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### पशु सेड नहीं मिलने से क्षुब्ध होकर युवक गाय लेकर पहुंचा प्रखंड कार्यालय




**गिद्धौ।** मनरेगा से पशु शेड नहीं मिलने से क्षुब्ध युवक मंगलवार को अपनी गाय के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंच गया।यहां उसने प्रखंड कार्यालय में ही अपनी गाय बांधकर अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया। युवक घंटो प्रखंड कार्यालय में जमा रहा। इस दौरान गिद्धौ गांव के युवक प्रदीप दांगी ने बताया कि, वर्ष 2021–22 में गव्य विकाश से मेरी पत्नी के नाम से दो गाय खरीदने की सरकारी राशि मिली थी। गाय के रख रखाव के लिए इस योजना के तहत मनरेगा से गाय शेड देने की बात कही गई। गव्य विकाश पदाधिकारी ने बीडीओ को पत्र लिखकर इसकी अनुशंसा भी किया। पत्र तात्कालीन बीडीओ व वर्तमान बीपीओ को दिया। लेकिन आज तक टाल मटोल करते रहे। घर की किल्लत होने से पशुओं को रखने में परेशानी हो रही है। बाध्य होकर यह कदम उठाना पड़ा। इस सम्बंध में बीपीओ रामकुमार सिंह ने कहा कि, मामला पंचायत का है। पंचायत कार्यकारिणी ही शेड की प्रसाशनिक स्वीकृति देगी।

### आठ साल की माहिरा ने रमजान का पहला रोजा रख मांगी दुआ



**कोडरमा।** रमजान का पवित्र माह शुरू हो चुका है। रोजा रखकर सभी अल्लाह से दुआएं मांग रहे हैं। कुछ ऐसा ही कोडरमा जिले के झुमरीतिलैया भादोडीह के रहने वाले एडवोकेट मुमताज अंसारी की आठ वर्षीय बेटी माहिरा मुमताज भी कर रही है। आठ वर्षीय माहिरा मुमताज ने मंगलवार को रमजान का पहला रोजा रखा और अल्लाह से अपने, जिले, राज्य व देश के साथ साथ पूरी दुनिया में सुख शांति लिए दुआएं मांगी। माहिरा ने बताया कि पूरी दुनिया में अमन चैन बनी रहे, लोग एक दूसरे से कभी नफरत ना करें, यही मेरे मजहब और हमारा ईमान कहता है। वहीं उसके पिता एडवोकेट मुमताज अंसारी का कहना है कि माहिरा हर दिन रोजा रखना चाहती है, लेकिन उसकी उम्र अभी कम है। साथ ही बताया कि इस महीने में हमारा पवित्र कुरान नाजिल हुआ था और इस महीने में जन्नत का दरवाजा खोल दिया जाता है। अल्लाह रोजा रखने वाले की दुआएं कबूल करते हैं। इस पवित्र महीने में गुनाहों को माफ करते हैं।

### कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा की ओर से किसानों को दी गई जानकारी



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत भवन में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा चतरा जिला स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हुई। वहीं गिद्धौर सिंगल विंडो एटीएम दीनदयाल कुमार एवं बीटीएम अरमेन्द्र पांडेय ने किया। प्रशिक्षण में दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।जहां वैज्ञानिक के द्वारा बतलाया गया कि किसान अपने खेतों में सामूहिक रूप से डीप बोरिंग करवा सकते हैं। पानी की खपत कम हो और बेहतरीन खेती हो इसके लिए अपने-अपने खेतों में ड्रिप लगवाएं साथ ही साथ खेती ऑर्गेनिक तरीके से करें ताकि कम पानी में बेहतरीन खेती हो। आगे वैज्ञानिक ने बतलाया कि हमारे पूरे झारखंड प्रदेश में पानी की स्तर बहुत कम है और पानी बचाना अति आवश्यक है। हम लोग खेती करते हैं लेकिन फसल को जरूरत से ज्यादा पानी देकर फसल के साथ पानी का भी नुकसान करते हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती परमेश्वर रविदास किसान मित्र प्रसादी पासवान प्रदीप यादव संजय यादव सुनील पांडेय आशा देवी रजनी देवी बीना देवी नाजिया देवी एवं दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

### महागठबंधन का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय में महागठबंधन का धरना मंगलवार को समाप्त हो गया। बतातें चलें कि पिछले 9 मार्च को प्रखंड में बालू ट्रैक्टर चालकों के धड़ पकड़ समेत विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर महागठबंधन के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा था। वहीं मंगलवार को सीओ ओम प्रकाश बड़ाईक धरना स्थल पर पहुंचकर महागठबंधन के कार्यकताओं के साथ घंटो बातचीत किया। वहीं बालू उठाव के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा सरकारी योजनाओं में अनुशंसा करने पर सीओ के द्वारा आदेश दिया जाएगा। आदेश के बाद प्रशासन के द्वारा उक्त वाहन नहीं पकड़ा जाएगा तथा दाखिल खारिज, ऑनलाइन, रसीद जमाबंदी आदि समस्याओं को धरना स्थल पर ही समस्या का समाधान का आश्वासन दिया। वहीं मनरेगा योजनाओं में बीडीओ के द्वारा कड़ाई बरते जाने की बात कही गई। उपरोक्त बातों को संतुष्ट होकर सीओ ने जूस पिलाकर अनिश्चितकालीन धरना को समाप्त कराया। मौके पर अजीत यादव, उपेंद्र कुमार, अमर कुमार, उत्तम सिंह, रामोवतार चैधरी, विजय कुमार, मो. इरशाद अहमद, इंद्रदेव यादव, विकास कुमार, मुन्ना कुमार, विकास मंडल समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर पोलिंग पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज के निर्देशन में सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय में लोकसभा चुनाव 2024 में लगाए जाने वाले, पोलिंग पदाधिकारियों का छठे दिन का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में बैंक कर्मी, स्वास्थ विभाग कर्मी, नवोदय विद्यालय कर्मी एवं शिक्षा विभाग के कर्मी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डीडीसी ने कर्मियों से चुनाव के संबंध में विभिन्न प्रश्न किये। उन्होंने सभी कर्मियों से ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने की हिदायत भी दी और प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने की बात कही। इसके अलावा मॉक पोल प्रक्रिया को बहुत ही गंभीरता से सीखने की बात कही। मौके पर ट्रेनर के रूप में सुदीप सहाय, अश्विनि तिवारी, मनोज चैरसिया, राजेश्र्व पाण्डे, उमेश सिन्हा, रामचंद्र ठाकुर, उदय सिंह, नरेश यादव, रवि कांत रवि, विवेक रंजन, माधव कुमार, दिलीप कुमार, संजय सुमन उपस्थित थे।

### स्वागत सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**चन्दवारा (कोडरमा)।** प्रखंड मैदान स्थित चन्दवारा पूर्वी पंचायत सचिवालय के समीप मंगलवार को हजारीबाग सदर विधायक सह हजारीबाग लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का स्वागत सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, हजारीबाग जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह मौजूद थे। वहीं मनीष जायसवाल ने कहा कि जो 60 वर्षों से विकास नहीं हुआ वह पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में काफी विकास हुआ है। इस बार 400 पार का नारा दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, राम मंदिर समेंत कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि राज्य सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है, आप सभी मोदी जी को तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपना बहुमूल्य वोट बीजेपी को दें।

# गोपाल मैदान में 17 वें स्वदेशी मेला का उद्घाटन आज, तैयारी पूरी

- मेले में कुटीर उद्योग के 290 से अधिक स्टॉल लग रहे
- दिन के 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक खरीदारी कर सकेंगे ग्राहक
- 17 मार्च को मेले में होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, सुरेंद्र शर्मा होंगे आकर्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर का प्रतिष्ठित स्वदेशी मेला दिनांक 13-21 मार्च, 2024 तक गोपाल मैदान बिस्टुपुर में आयोजित होने जा रहा है। यह शहर का 17वाँ मेला है जिसमें झारखंड सहित पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बंगाल, तमिलनाडु, गुजरात, बिहार, असम सहित कई राज्यों से स्टॉल धारकों की सहभागिता होगी। इस मेले में विभिन्न क्षेत्रों से जैसे हैंडीक्राफ्ट, लघु एवं कुटीर उद्योग के उत्पाद ,एजुकेशन, रियल स्टेट, ऑटो इंडस्ट्रीज, टेक्सटाइल, हैंडलूम, एफएमसीजी, इलेक्ट्रॉनिक्स, हेल्थ, फर्नीचर, सामाजिक क्षेत्र के लगभग 290 स्टॉल्स देखने को मिलेंगे। मेले में शहरवासियों के लिए आकर्षक फूड स्टॉल एवं बच्चों के लिए झूलों का भी प्रावधान किया गया है। मेले का विधिवत उद्घाटन समारोह दिनांक 13 मार्च को संध्या 5 बजे होगा जिसमें बतौर अतिथि जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो और पूर्व मंत्री एवं विधायक सरयू राय सहित कुछ अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहेगी। मेला प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से रात्रि के 10.00 बजे तक रहेगा। प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी मेला में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। उक्त जानकारी मेला संयोजक अशोक गोयल ने मेला स्थल पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी।



मेला संयोजक अशोक गोयल संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए। साथ में बायें से श्रीमती राजपति देवी, बंदेशंकर सिंह, मुरलीधर केडिया और राजकुमार साह।

गोयल ने बताया कि मेले में प्रतिदिन हर वर्ग के लिए प्रतियोगिता जैसे सीट एंड ड्रॉ, विचार पिच प्रतियोगिता, योग प्रतियोगिता, महापुरुषों की वेशभूषा, भारत को जानो पर क्विज, रंगोली एवं योग प्रतियोगिता के साथ-साथ विभिन्न विषयों जैसे परिवार-समाज एवं राष्ट्र निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका, चुनाव में नव/ युवा मतदाताओं की भूमिका, स्टार्टअप टॉक, नई शिक्षा नीति, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा मुक्त समाज, स्वास्थ्य पर परिचर्चा, आदि विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन होगा।

राजपति देवी ने बताया कि मेला का मुख्य आकर्षण प्रतिदिन का सांस्कृतिक संध्या होगा जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा छऊ नृत्य, विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य, कवि सम्मेलन, जादू, गीत एवं गजल का आयोजन होगा। इस वर्ष शहर में नए प्रतिभागियों की खोज हेतु सांस्कृतिक संध्या में गीत एवं नृत्य के लिए खुला मंच का आयोजन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य जमशेदपुर के उभरते हुए कलाकारों को जनता के बीच में लाना है। भारतीय नए उत्पाद एवं सेवाओं के संस्थान को लॉन्च करने हेतु मेले में विशेष व्यवस्था की गई है।

अशोक गोयल ने बताया कि इस बार मेले का मुख्य आकर्षण रविवार, 17 मार्च, को संध्या 7.00 बजे से होने वाला कवि सम्मेलन होगा जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कवि शामिल होंगे। संवाददाता सम्मेलन में सीबीएमडी के निदेशक जेकेएम. राजू, निदेशक मंजू ठाकुर, स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक राजकुमार साह, विभाग के सह संयोजक अमित मिश्रा, जिला संयोजिका राजपति देवी के अलावा स्वावलंबी भारत अभियान जमशेदपुर के पंकज सिंह, मुकेश ठाकुर, अभिषेक बजाज, गुरजीत सिंह व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### सरयू राय का विशेषाधिकार हनन पत्र

**जमशेदपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष और मानद सचिव पर विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई करने के लिए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा में माननीय विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर विशेषाधिकार हनन की सूचना सौंपी। गत दिनों इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष और मानद सचिव ने श्री राय के विधानसभा में प्रश्न पूछने के अधिकार पर औचित्य खड़ा किया था और इस बाबत प्रेस कान्फ्रेंस कर मिथ्या आरोप लगाते हुए उनकी निंदा की थी।

### डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी से मिले कुलवंत बंटी



**जमशेदपुर / चाईबासा।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और खादी बोर्ड के पूर्व सदस्य कुलवंत सिंह बंटी मंगलवार को चाईबासा भाजपा कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने झारखंड के प्रदेश प्रभारी और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सांसद डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेयी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कोल्हान में होने वाली चुनाव संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की और आगे की रणनीति तय की गयी।

### बालेश्वर बने कुशवाहा अभियंता फोरम अध्यक्ष

**जमशेदपुर।** कुशवाहा अभियंता फोरम जमशेदपुर के चुनावी बैठक साकची स्थित कुश भवन में की गयी, जिसकी अध्यक्षता डॉ बालेश्वर प्रसाद ने की। चुनावी बैठक के दौरान सर्वसम्मति से तय निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में डॉ अयोध्या कुमार जी की उपस्थिति में निर्विरोध कुशवाहा अभियंता फॉर्म के लिए पदाधिकारी के नामों की घोषणा की गयी। इनमें अध्यक्ष : ई बालेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष : ई कृष्णा प्रसाद, सचिव : इं कौशल कुमार सहसचिव : इं अनिल सिंह चुने गये।

### आजादनगर थाना में शांति समिति की बैठक

**जमशेदपुर।** मंगलवार को आजाद नगर थाना शांति समिति की एक बैठक महल इन सभागार में हुई। जिसमें मानगो सर्किल ऑफिसर ब्रिजेश श्रीवास्तव, आजाद नगर थाना प्रभारी राकेश सिंह, एसआई मोहम्मद जाफर, एसआई मनीष कुमार राय, एसआई साबिर अली, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान उपस्थित थे। आजाद नगर थाना प्रभारी राकेश सिंह ने अपील की है कि होली शांतिपूर्ण ढंग से मनायें। जो होली नहीं खेलना चाहते हैं या रंग डालना नहीं पसंद करते हैं उनके साथ होली ना खेली जाए और त्योहार को अच्छे से मनाया जाए।

### 8वां भोजपुरी नाट्य महोत्सव 16 मार्च से

**जमशेदपुर।** 8वां भोजपुरी नाट्य महोत्सव आगामी 16 मार्च से 18 मार्च तक तुलसी भवन, जमशेदपुर में आयोजित किया जायेगा। आठवां भोजपुरी नाटक महोत्सव संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से नयी दिल्ली की नाट्य संस्था रंग श्री द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन का विशेष सहयोग है। नाटक देखने के लिए सुग्गा : दी ऑनेस्ट टैक्सी ऐप से पास डाउनलोड किया जा सकता है।

### समता नगर के लोगों का फिल्टर प्लांट में प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** मानगो जवाहर नगर रोड नंबर 15 के वाटर फिल्टर प्लांट के बगल में स्थित समता नगर में विगत दस दिनों से पानी की किल्लत शुरू हो गयी है। स्थानीय लोगों को कहना है मुश्किल से रात्रि 1 बजे के बाद मात्र एक समय दस मिनट पानी की सप्लाई होती है डेढ़ से दो बाल्टी पानी भरने के लिए लोगों को रात भर जागना पड़ता है। इतनी कम मात्रा में पानी मिलने से लोगों को मुश्किल से केवल पीने का ही पानी मिलता है। नदी, नाले बगल में नहीं रहने पर लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सप्ताह भर पूर्व स्थानीय लोग ज्वाहर नगर रोड नंबर 15 स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में स्थित कार्यालय में जाकर जलापूर्ति कम होने की शिकायत की।

# मोहन आहुजा स्टेडियम में 19 से छठा नेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप

- देश भर से 400 पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी लेंगे भाग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** छठी नेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023-2024 का आयोजन 19-23 मार्च, 2024 तक मोहन आहूजा स्टेडियम, जमशेदपुर में किया जायेगा। चैंपियनशिप देश भर के एथलीटों को उनके असाधारण खेल कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। चैंपियनशिप हाल ही में पुनर्निर्मित मोहन आहूजा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जिसका उद्घाटन आज टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट, चाणक्य चौधरी ने वाइस प्रेसिडेंट राजीव मंगल के साथ मिल कर किया।



कायाकल्प के बाद नये रूप में मोहन आहूजा इंडोर स्टेडियम और पुनर्निर्मित मोहन आहूजा स्टेडियम का उद्घाटन करते टाटा स्टील वीपी राजीव मंगल, चाणक्य चौधरी। साथ में श्री प्रभाकर राव, टाटा वर्कर्स यूनियन के महासचिव सतीश सिंह, रुपेश कतरियार व अन्य।

इस आयोजन में विभिन्न राज्यों के विशिष्ट पैरा एथलीट खेल के प्रति अपने कौशल और जुनून का प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय प्रतिभागियों में पैरालिंपियन, विश्व चैंपियन और एशियन पैरा गेम्स के पदक विजेता शामिल हैं। चैंपियनशिप में 20 से अधिक राज्यों के 370 से अधिक विशिष्ट पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी भाग लेंगे।

इस आयोजन के लिए एक विशेष शुभंकर 'आरोहण' डिजाइन किया गया है। आरोहण पैरा-बैडमिंटन बिरादरी में प्रगति और दृढ संकल्प का प्रतीक है, जो बाधाओं पर काबू पाने की भावना का प्रतीक है। एक तरह से यह पैरा-एथलीटों को विपरीत परिस्थितियों से उबरने के लिए प्रेरित करता है।

चैंपियनशिप में एकल, युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में रोमांचक प्रतियोगिताएं होंगी, जहां एथलीट जीत के लिए अपनी गति, चपलता और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करेंगे।

**कायाकल्प के बाद बदल गया मोहन आहूजा स्टेडियम का लूक और विशेषता :** बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करने के लिए मोहन आहूजा बैडमिंटन स्टेडियम में महत्वपूर्ण उन्नयन कार्य किया गया है। नवीनीकरण के मुख्य आकर्षण में नए लकड़ी के फर्श और अत्याधुनिक 700 स्पोर्ट्स एरेना लाइटिंग के साथ तीन बैडमिंटन कोर्ट का नवीनीकरण शामिल है। इन संवर्द्धनों का उद्देश्य खिलाड़ियों को सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। कोर्ट के उन्नयन के अलावा, दर्शकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए एक अतिरिक्त व्यूइंग गैलरी का निर्माण किया गया है। इसके अलावा, मोहन आहूजा स्टेडियम को अब जेआरडी टाटा बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र के साथ एकीकृत कर दिया गया है। यह एकीकरण न केवल दो प्रसिद्ध बैडमिंटन सुविधाओं को एक साथ जोड़ता है बल्कि दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों कोआधुनिक सुविधाएं भी प्रदान करता है।

## सवा लाख जवा फूल से झुंझुनू वाली राणी सती दादी का हुआ अभिषेक

- जय जय दादी मां, बोलो जय जय दादी मां के लगे जयकारे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ स्थित महालक्ष्मी, राणीसती दादी एवं अंजनी माता मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव का धूमधाम से आयोजन हुआ। मंदिर परिसर में आज झुंझुनूं वाली राणी सती दादी का सवा लाख जवा फूल से अभिषेक हुआ। प्रातः में दादी का विशेष पूजा हुई। दादी की महिमा ने भक्तों को खूब झुमाया।



**राजस्थानी परिधान में सज धज कर महिलाएं हुई शामिल :** झुंझुनू वाली रानी सती दादी को राजधानी परिधान में सज धज कर महिलाएं शामिल हुई। चुनड़ी उत्सव, गजरा उत्सव, सिंदूर उत्सव आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। पूरे मंदिर परिसर को दादी भक्तों ने खूब सजाया। वाद्य यंत्रों के साथ मंदिर परिसर के साथ पूरा शहर का माहौल भक्तिमय था। कार्यक्रम श्री राणीसती सत्संग मंडल, हावड़ा (सवा लाख दादी परिवार) के तत्वावधान में आयोजित हुआ।

## चलंत अस्पताल में 11 हजार से अधिक लोगों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन

- टाटा स्टील फाउंडेशन ने पूरे झारखंड में किया 100 मोतियाबिंद सर्जिकल शिविरों का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नोआमुंडी।** टाटा स्टील फाउंडेशन और शंकर नेत्रालय ने झारखंड के प्रमुख जिलों को कवर करते हुए नोआमुंडी में 100वां मोतियाबिंद सर्जरी शिविर लगाया। यह पहल सितंबर 2016 में सिल्डौरी, नोआमुंडी में अपने पहले शिविर के साथ शुरू हुई, और एमईएसयू (मोबाइल आई सर्जरी यूनिट) झारखंड के विभिन्न जिलों से



चलंत आई हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद उतरती एक रोगी।

होकर मांडू ब्लॉक, रामगढ़ जिले और धनबाद जिले के बाघमारा ब्लॉक में संपूर्णता स्तर तक पहुंच गई है। इस पहल ने, वर्तमान में अपने आठवें वर्ष में, झारखंड के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों सहित कई जिलों में लगभग 44,656 लोगों की जांच के बाद, 11,197 से अधिक मोतियाबिंद सर्जरी दर्ज की हैं। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में वंचित समुदायों को गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए टीएसएफ और शंकर नेत्रालय की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस महत्वपूर्ण पड़ाव को संबोधित करते हुए, टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सौरव रॉय ने कहा कि, ह्लहमें इस उपलब्धि को हासिल करने पर खुशी है, लेकिन यहां तक आने के लिए हमें महत्वपूर्ण प्रयास करने पड़े हैं।

# किसानों तक तेजी से पहुंचेगी यूरिया खाद

## हर्ल सिंदरी प्लांट को पीएम ने दी कार्गो टर्मिनल की सौगात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** हर्ल सिंदरी स्थित गतिशक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल अब देश के हर कोने में यूरिया की आपूर्ति करने में सक्षम हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 9 बजकर 35 मिनट पर टर्मिनल कार्गो का ऑनलाइन उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने गुजरात के अहमदाबाद से जैसे ही रिमोट का बटन दबाया, हर्ल सिंदरी प्लांट परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। टर्मनिल कार्गो के उद्घाटन के साथ ही रेलवे लगभग आधे समय के अंतराल पर हर्ल में निर्मित भारत यूरिया का ट्रांसपोर्ट कर सकेगा। देश के किसानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इसे फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ा गया है। हर्ल प्लांट स्थित गतिशक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल सहित 85 हजार करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह को ऑनलाइन संबोधित करते हुए पीएम ने देश में बने दो फ्रेट कॉरिडोर के कंट्रोल की घोषणा की। पीएम ने 10 वंदे भारत ट्रेनों को भी ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। देश के 1500 से अधिक एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल से जोड़ते हुए प्रधानखंता व कतरासगढ़ स्टेशनों का लोकार्पण किया गया। देश के पूरब से पश्चिम को जोड़ने वाले 650 किलोमीटर फ्रेट कॉरिडोर का उद्घाटन भी किया गया। कई जगहों पर 35 रेल कोच रेस्टोरेंट तथा 50 पीएम भारतीय जन औषधि केंद्रों का भी लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने बताया कि अब तक 350 आस्था ट्रेनों से 4.5 लाख लोगों ने अयोध्या में राम लला के दर्शन किए हैं। उद्घाटन समारोह से पहले बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। समारोह में भारतीय रेलवे के धनबाद एडीआरएम विनीत कुमार,धनबाद डीइएन स्टेट राजकुमार सिंह, कार्मिक एसएसई जितेंद्र कुमार, वाणिज्यिक निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा, हर्ल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, एच आर विक्रांत कुमार, सुरक्षा पदाधिकारी होशियार सिंह, सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार उदगता सहित भाजपा व लोजपा के नेता मौजूद थे।

## श्रीकृष्ण के चरित्र से शिक्षा हर परिस्थिति में मुस्कुरायें

**जमशेदपुर।** साकची श्री रामलीला मैदान में चल रहे भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज ने श्रीकृष्ण लीला, श्री गोवर्धन पूजा, झूला उत्सव, छप्पन भोग, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव की कथा का विस्तार से सुंदर प्रसंग कहा। स्वामी सर्वज्ञानंद जी महाराज लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मंगलवार को कथा में नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नंद बाबा के घर पर उत्सव का सुंदर वर्णन करने से आयोजन स्थल का माहौल नंदोत्सव के रंग में रंग गया।

# होटल से निकले कचरे से बनेगा बायोगैस

- जेएचआरए और टाटा स्टील यूआईएसएल ने मिलाया हाथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आखिरकार होटलों से निकलने वाले खाद्य अपशिष्ट (फूड वेस्ट) को निपटान का एक उपयोगी तरीका मिल गया है। टाटा स्टील यूआईएसएल और जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (जेएचआरए) ने बिस्टुपुर स्थित होटल पॉड में झारखंड का पहला बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया है। बायो गैस बायो गैस मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन 13 मार्च 2024 को टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा करेंगे।

इसके साथ ही होटल पॉड एन बियॉन्ड स्मार्ट होटल और होटल मद्रासी बिस्टुपुर बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली प्राप्त करने वाले झारखंड के पहले होटल बन जायेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य जैव-निम्नीकरणीय कचरे को उत्पादन के समय ही संसाधित करना है. यह 150 अरब लोगों के देश में परिवहन, उत्सर्जन, गैस उत्पादकता पर बचत करके अरबों डॉलर की



बचत के मामले में वास्तविक गेम चेंजर होगा।

जेएचआरए के अध्यक्ष रवीश रंजन ने इस क्षेत्र पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रभाव पर जोर देते हुए सहयोग के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि होटल पॉड में इस बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की शुरूआत होटल क्षेत्र में वेस्ट मैनेजमेंट की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इस प्रणाली से शुरूआत में होटल को प्रति माह कम से कम तीन एलपीजी सिलेंडर बचाने की उम्मीद है, जिससे लागत बचत और पर्यावरण संरक्षण दोनों में योगदान मिलेगा।

इस सहयोग का व्यापक लक्ष्य बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम को जमशेदपुर के सभी होटलों तक विस्तारित करना है। प्रणाली का एक अतिरिक्त लाभ यह है कि इसके बाय-प्रोडक्ट का उपयोग पौधों के लिए मूल्यवान खाद के रूप में किया जायेगा।

श्री रंजन के अनुसार, जमशेदपुर के होटल प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में शहरी कचरा उत्पन्न करते हैं, जिसमें जैविक कचरा कुल का 40% है। दुर्भाग्य से, इस कचरे का अधिकांश भाग लैंडफिल में चला जाता है, और इसका अनुमानित मूल्य अक्सर शून्य या नकारात्मक भी माना जाता है। बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम जैविक कचरे की ऊर्जा क्षमता का दोहन करने के लिए एक व्यावहारिक समाधान प्रदान करती है।

## एक नजर में

### पोटका में सीएम चंपई सोरेन का आगमन 15 को



**पोटका।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 15 मार्च को पोटका आयेंगे। वे पोटका के खरियासाई में विधायक संजीव सरदार के पहल पर स्वीकृत डिग्री कालेज का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा पोटका से चार किलोमीटर की दूरी पर नव जागरण समिति बड़ा भूमड़ी के तत्वाधान में आयोजित श्री श्री राधा गोविंद अखंड हरिनाम संकीर्तन एवं कलश यात्रा में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिले के उपायुक्त अनन्या मित्तल, तथा एस एस पी कौशल किशोर के नेतृत्व में वरीय पदाधिकारियों का एक टीम पोटका में शिलान्यास स्थल से लेकर कार्यक्रम स्थल, हैलीपैड तथा बड़ा भूमड़ी में संकीर्तन स्थल का निरीक्षण किया।

### शीतला मंदिर प्रबंधन के नये अध्यक्ष बने रवींद्र झा



**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ने जमशेदपुर साकची स्थित शीतला मंदिर में गंभीर कुप्रबंधन को संज्ञान में लेते हुए न्यास के सदस्य जम्मी भास्कर को मंदिर के विवाद की जांच कर रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी सौंपी थी। उन्होंने मंदिर जाकर सभी पक्षों से बात करने के बाद मंदिर हित में एक रिपोर्ट अध्यक्ष जयशंकर पाठक को सौंपी थी। जिसमें रविंद्र कुमार झा अध्यक्ष, मंगल कालिंदी विधायक उपाध्यक्ष, संजय मिश्रा, उपाध्यक्ष बी डी गोपाल कृष्णा सचिव, विश्वनाथ राय कोषाध्यक्ष, अनिल तिवारी सदस्य बने।

### चांडिल अनुमंडल कार्यालय में मांगों को लेकर धरना



**चांडिल।** अनुमंडल कार्यालय के समक्ष नागरिकों का एक प्रतिवाद धरना दिया गया। इसका आयोजन अनुमंडल स्तरीय सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से किया। इस दौरान एक प्रतिनिधिमंडल ने चांडिल एसडीएम को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसमें श्यामल मार्डी, अम्बिका यादव, डोमन बास्के, बासुदेव आदित्यदेव, भद्रु सिंह मुंडा, सुकलाल मुर्मु शामिल थे।

### कांड्रा में एक स्टेशन-एक उत्पाद का उद्घाटन



**गम्हरिया।** कांड्रा स्टेशन में 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देश पर भारतीय रेल एक मिशन बनाकर काम कर रही है। इसी के तहत प्रधानमंत्री द्वारा पूरे देश में लगभग 6000 रेल परियोजनाओं की सौगात दी गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए इस सौगात से भारत का विकास होगा। मौके पर चक्रधरपुर मंडल के सीनियर डीएमई राजीव रंजन, टाटानगर के स्टेशन डायरेक्टर रघुबंश कुमार, रेल अधिकारी आनंद कुमार झा, मो वकील, संजय गुप्ता, मनोज सिंह, कांड्रा आरपीएफ प्रभारी अस्मित वर्मा, एएसआई नागेंद्र सिंह, प्रमोद दास, पीसी यादव के अलावा भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली, वरिष्ठ नेता रमेश हांसदा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रश्मि साहू, गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव, मनोरंजन नंदी आदि उपस्थित थे।

### होली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक कालिंदी



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड दक्षिण सुसनीगड़िया महिला आजीविका ग्राम संगठन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होने पर महिला समूह ने विधायक को सम्मानित किया इस दौरान विधायक ने उपस्थित सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने शिव चर्चा कमेटी की महिलाओं को ढोलक एवं झाल आदि भी भेंट किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं का विशेष योगदान है। मौके पर जिप सदस्य पूर्णिमा मलिक, बबीता करुवा, नीलम साहू, गगन साहू, सुनीता करुवा थीं।

### डीसी ने मिशन शक्ति जागरूकता रथ और पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी



**जमशेदपुर।** समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी ने मिशन शक्ति जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, हिंसा और खतरे से मुक्त माहौल में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने को प्रेरित किया जाएगा। योजना के तहत महिलाओं पर देखभाल के बोझ को कम करने और कौशल विकास, क्षमता निर्माण, वित्तीय साक्षरता, सूक्ष्म ऋण प्राप्त करने तक उनकी पहुंच बढ़ाकर महिला श्रम बल की भागीदारी को बढ़ाने का भी प्रयास किया जाएगा। मौके पर डीसी ने कुपोषण मुक्त जिला हेतु पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर काम करने की बात कही।

# मुशीर खान का शतक, मुंबई ने विदर्भ को दिया 538 का लक्ष्य

एजेंसी

**मुंबई।** मुशीर खान 136 रन की शतकीय पारी और श्रेयस अय्यर 95 रन, अजिंक्य रहाणे 73 रन तथा शम्स मुलानी के नाबाद 50 रनों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर मुम्बई ने दूसरी पारी में 418 रन का स्कोर खड़ा करते हुए विदर्भ को जीत के लिय 538 रनों का लक्ष्य दिया है। मंगलवार को यहां मैच के दिन का खेल समाप्त होने तक विदर्भ ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 10 रन बना लिए है और उसे जीत के लिए 528 रनों की जरूरत है। अथर्व तायडे नाबाद 3 रन ध्रुव शौरी नाबाद 7 रन क्रीज पर है। मुंबई की दूसरी पारी की शुरूआत खराब रही और उसने सातवें ओवर में पृथ्वी शॉ 11 रन का विकेट गंवा दिया। शॉ को ठाकुर ने बोल्ड आउट किया। भूपेन लालवानी भी 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद मुशीर खान और अजिंक्या रहाणे ने पारी को संभाला। दो विकेट पर 141 रन से आगे खेलते हुए अभी कल के स्कोर में 23 रन जोड़े थे कि अजिंक्य रहाणे 73 रन पर आउट हो गये। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने मुशीर खान के साथ चौथे विकेट लिये 168 रनों की साझेदारी की। मुशीर खान 136 रन और कप्तान अजिंक्य रहाणे 95 रन बनाकर कर आउट हुए हैं। शम्स मुलानी ने नाबाद 50 रनों की पारी खेली। मुंबई ने दूसरी पारी में 130.2 ओवर में 418 रन का स्कोर खड़ा किया। पहली पारी के आधार मिली बढ़त के साथ विदर्भ को 538 रनों का लक्ष्य मिला। विदर्भ की ओर से हर्ष दुबे को 5 विकेट मिले। यश ठाकुर ने 3 विकेट लिए। आदित्य ठाकरे और अमन मोखड़े ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले विदर्भ ने अर्थव तायडे 23 रन, आदित्य ठाकरे 19 रन, यश राठौर 27 रन और यश ठाकुर 16 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं पहुंच सका। मुम्बई की ओर से धवल कुलकर्णी, शम्स मुलानी और तनुष कोटियान ने तीन-तीन विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर को एक विकेट मिला। विदर्भ की पहली पारी 45.5 ओवर में 105 रन पर सिमट गई। विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। विदर्भ अपने कप्तान अक्षय वड़कर के फैसले को सही साबित करते हुए मुंबई को 64.3 ओवर में 224 रन पर ढेर कर दिया। मुंबई की शुरूआत अच्छी रही और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और भूपेन लालवानी की जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 81 रन जोड़े। यश ठाकुर ने भूपेन को 37 रन पर आउट कर विदर्भ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद हर्ष दुबे ने पृथ्वी शॉ को 46 रन पर बोल्ड ऑउट कर पवेलियन भेज दिया। शार्दुल ठाकुर ने मुंबई के लिए 69 गेंदों में 8 चौके और 3 छक्कों की मदद से सर्वाधिक 75 रन बनाये। शम्स मुलानी 13 रन, तुषार देशपांडे 14 रन बनाकर आउट हुए। 5 बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके और पूरी टीम 224 रन पर ऑल आउट हो गई। विदर्भ की ओर से हर्ष दुबे और यश ठाकुर ने 3-3 विकेट लिए। उमेश यादव को दो विकेट मिले। आदित्य ठाकरे ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



# यशस्वी बने प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को फरवरी महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में यशस्वी ने दो दोहरे शतक जमाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे। अब उन्हें आइसीसी ने प्लेयर ऑफ द मंथ के खिताब से नवाजा है। इस खिलाड़ी ने अपने शुरूआती करियर में ही कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

### विलियम्सन को पीछे छोड़ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

जायसवाल ने न्यूजीलैंड के दिग्गज केन विलियम्सन और श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका को हराकर फरवरी 2024 के लिए आइसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता। यशस्वी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की मजबूत शुरूआत की है और आंकड़े साबित करते हैं कि वह आने वाले समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट सलामी बल्लेबाजों में से एक हो सकते हैं। यशस्वी आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के चल रहे मौजूदा चक्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और उन्होंने बैक टू बैक टेस्ट में दो दोहरे शतक जड़े थे। यशस्वी ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 219 रन बनाए और फिर राजकोट में अगले टेस्ट में दूसरी पारी में दोहरा शतक बनाकर भारत को सीरीज में बढ़त बनाने में मदद की। इस युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज ने फरवरी में कई रिकॉर्ड बनाए और अपनी राजकोट पारी के दौरान एक टेस्ट पारी (12) में सर्वाधिक छक्कों के वसीम अकरम के लंबे समय से चले आ रहे टेस्ट रिकॉर्ड की बराबरी की।



### दो दोहरे शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा बल्लेबाज

22 साल और 49 दिन की उम्र में लगातार दोहरे शतक ने उन्हें सर डोनाल्ड ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद टेस्ट में दो दोहरे शतक दर्ज करने वाला दुनिया का तीसरा सबसे युवा बल्लेबाज बना दिया। यशस्वी ने फरवरी का अंत तीन टेस्ट मैचों में 112 की औसत से 560 रन बनाकर किया, जिसमें 20 छक्के शामिल थे। उन्होंने मार्च में भी अपने इस फॉर्म को जारी रखा। वह टेस्ट में हजार रन पूरे करने वाले पारी के हिसाब से दूसरे सबसे तेज और टेस्ट के हिसाब से सबसे तेज 1000 रन पूरे करने वाले भारतीय बने। यशस्वी ने पुरस्कार जीतने के बाद कहा, आइसीसी पुरस्कार हासिल करके मैं वास्तव में खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे और अधिक पुरस्कार मिलेंगे। यह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों में से एक है और यह मेरी पहली पांच मैचों की सीरीज रही है। मैंने इसका लुत्फ उठाया। मैं जिस तरह खेला और हमने 4-1 से सीरीज जीती, यह मेरे सभी साथियों के साथ एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है और मैंने वास्तव में इसका आनंद लिया। यशस्वी ने भी अपनी राजकोट की 214 नाबाद रन की पारी को अपनी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारी करार दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि जब मैंने राजकोट में दोहरा शतक बनाया तो मुझे लगता है कि वह ऐसी चीज थी जिसका मैंने लुत्फ उठाया और महसूस किया। मैं उस लम्हे को जी रहा था।

## रोनाल्डो के गोल के बावजूद एशियाई चैंपियन्स लीग से बाहर हुआ अल नासर

**रियाद (सऊदी अरब)।** महान खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल के बावजूद अल नासर की टीम एशियाई चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ बाहर हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन के खिलाफ पहले चरण के मुकाबले में 0-1 की हार के बाद अल नासर ने दूसरे चरण का मुकाबला 4-3 से जीता। कुल स्कोर पर मुकाबला 4-4 से बराबर होने के बाद पेनल्टी शूट आउट में हालांकि अल नासर को 1-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। शूट आउट में मेजबान टीम की ओर से सिर्फ रोनाल्डो ही गोल कर पाए। रोनाल्डो ने नियमित समय में कई मौके गंवाए। एक बार तो वह सिर्फ दो मीटर की दूरी से गेंद को गोल में डालने में नाकाम रहे जबकि अल ऐन के गोलकीपर खालिद ईसा मैदान पर गिरे हुए थे। नियमित समय में अल नासर के लिए अब्दुलरहमान घरीब (45 प्लस पांच मिनट), एलेक्स टेलेस (72वें मिनट) और रोनाल्डो (118वें मिनट) ने गोल दागे जबकि खालिद ने 51वें मिनट में आत्मघाती गोल किया। अल ऐन की ओर से सोफियान रहीमी (28वें और 45वें मिनट) और सुल्तान अल शम्सी (103वें मिनट) ने गोल किए।

# मुंबई पर जीत से बैंगलोर प्लेऑफ में, एलिस पेरी का ऑलराउंड प्रदर्शन, छह विकेट लेकर बनाया बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्लेयर ऑफ द मैच एलिस पेरी के यादगार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 30 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह बना ली। पेरी ने पहले 15 रन पर छह विकेट लेकर महिला प्रीमियर लीग के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। उसके बाद उन्होंने नाबाद 40 रन भी बनाए। पेरी की बदौलत मुंबई 19 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। जवाब में आरसीबी ने 15 ओवर में तीन विकेट पर 115 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

### पेरी-ऋचा ने 76 रन की साझेदारी की

114 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी के 39 रन पर तीन विकेट गिर गए थे। कप्तान स्मृति मंधाना (11), मोलिन्यूक्स (9), डिवाइन (4) के विकेट गिरने के बाद पेरी का ऋचा घोष ने बखूबी साथ दिया। दोनों ने 53 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की। पेरी ने 38 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 40 रन बनाए, जबकि ऋचा ने 28 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 36 रन बनाए। मुंबई और दिल्ली की टीमें पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं।



### पेरी ने बनाया रिकॉर्ड

इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिस पेरी की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की बदौलत आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 19 ओवर में 113 रन पर समेट दिया। पेरी ने सिर्फ 15 रन पर छह विकेट लिए। वह लीग में छह विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बनीं। इससे पहले लीग में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड दिल्ली की मरिजाने कैप के नाम था। उन्होंने 2023 में गुजरात जाएंट्स के खिलाफ 15 रन देकर पांच विकेट झटके थे। मुंबई का स्कोर एक समय बिना किसी नुकसान के 43 रन था। यहां से पेरी का जादू चला। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर मुंबई को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। हेली मैथ्यूज और सजीवन सजना ने मुंबई को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने 43 रन की साझेदारी, लेकिन पावरप्ले की अंतिम गेंद पर डिवाइन ने मैथ्यूज (26) को आउट कर दिया। उन्होंने 23 गेंद में दो चौके, दो छक्के लगाए। सजना अच्छा खेल रही थीं और पांच चौकों, एक छक्के की मदद से 30 रन बना चुकी थीं। यहां उन्हें पेरी ने बोल्ड कर दिया। अगली गेंद पर पेरी ने कप्तान हरमनप्रीत कौर को बोल्ड कर बड़ा झटका दे दिया।

### 39 रन के अंतराल में गिरे सात विकेट

मुंबई के बल्लेबाजों के पास इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर की तेज गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था। पेरी ने इसके बाद अमेलिया कर (2), अमनजोत कौर (4), पूजा वस्त्राकर (6) और नेट शिवर ब्रंट (10) के विकेट लेकर मुंबई का स्कोर सात विकेट पर 82 रन कर दिया। मुंबई ने 39 रन के अंतराल में ये सातों विकेट गंवाए। सात में से छह विकेट पेरी ने लिए। प्रियंका बाला 19 रन पर नाबाद लौटीं।

## श्रीलंका ने बंगलादेश के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम का किया ऐलान

**कोलंबो।** श्रीलंका ने मंगलवार को बंगलादेश के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा कर दी है। श्रीलंका ने लगातार बढ़िया प्रदर्शन कर रहे तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा की टीम में फिर से वापसी हुई है। इसके साथ ही ऑलराउंडर कामिंडु मेंडिस को भी टीम में मौका दिया गया है। टीम के तेज गेंदबाज दुश्मांता चमीरा और बल्लेबाज शेवन डेनियल टीम का हिस्सा नहीं हैं। चमीरा चोट के कारण इस एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हुए हैं।

## 14वीं हॉकी इंडिया सीरियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप बुधवार से

**नयी दिल्ली।** 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप बुधवार से पुणे के पिंपरी में मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में शुरू होगी। बुधवार से शुरू हो रही चैंपियनशिप में भाग लेने वाली 27 टीमों को आठ पूलों में विभाजित किया गया है। पूल ए में मौजूदा चैंपियन मध्य प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ है। पूल बी में पिछले साल की उपविजेता और इस साल के संस्करण का मेजबान महाराष्ट्र, दिल्ली और केरल है। पूल सी में झारखंड, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश हैं। पूल डी में हरियाणा, पुडुचेरी और असम हैं। पूल ई में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, चंडीगढ़ और गोवा हैं। पूल एफ में पंजाब, हिमाचल, राजस्थान और मिजोरम हैं। कर्नाटक खुद को पूल जी में मणिपुर, उत्तराखंड और दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी के साथ है। पूल एच में बंगाल, तमिलनाडु , गुजरात और तेलंगाना शामिल हैं।

## निशांत देव पेरिस 2024 कोटा से चूके

**बेस्टो अर्सिजियो।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अमेरिका के ओमारी जोन्स हारने के बाद पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने से चूक गये है। सोमवार को यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज पुरुषों की 71 किग्रा भार वर्ग स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमेरिका के ओमारी जोन्स से 4-1 के स्प्लिट डिसीजन से हार का सामना करना पड़ा।

## हॉकी इंडिया ने पुरूष हॉकी प्रशिक्षण शिविर के लिए 28 सदस्यों की घोषणा की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार से 30 मार्च तक भुवनेश्वर में होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित समूह की मंगलवार को घोषणा की। पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारियों के तहत टीम को बेहतर बनाने के लिए उद्देश्य से भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में शिविर आयोजित किया जा रहा है। पुरुष हॉकी टीम एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में सफल प्रदर्शन के बाद शिविर में लौट आई है, जहां वे भुवनेश्वर और राउरकेला चरण में आठ मैचों में 15 अंक हासिल करने के बाद वर्तमान में तीसरे स्थान पर हैं। लीग 22 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में फिर से शुरू होगी। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के मुख्य समूह में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और रक्षकों हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली शामिल हैं। शिविर में बुलाए गए मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह शामिल हैं। जबकि फॉरवर्ड की सूची में आकाशदीप सिंह, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल शामिल हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने आगामी शिविर को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, हम इस शिविर में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण ब्लॉक शुरू करना चाहते हैं और हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम श्रृंखला के लिए जाने से पहले सर्वोत्तम स्थिति में हों।

# बालिका के खो खो में खप्ती टॉफी और बालक में टीम लूजर्स ने खिताब जीता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बालिकाओं के खो खो मुकाबले में टीम खप्ती टॉफी ने बीसीए चजर्स को कड़े मुकाबले में 2 अंकों के मामूली अंतर से पराजित करते हुए खो-खो की बालिकाओं की विजेता बनी। इस टीम के संदीपा उरांव ने अर्पिता गाड़ी कृति ने बेहतरीन खेल का प्रर्दशन करते हुए मैच अपने पाले में कर लिया। बीसीए की अंजली कुमारी, माही कुमारी और अंकिता ने कड़ा मुकाबला किया, पर अपनी टीम को हार से बचा नहीं सकी। बालकों के बीच का फाइनल मुकाबला भी काफी संघर्ष भरा रहा। टीम लूजर्स ने खिताब जीत लिया। टीम के कप्तान दीपक जेना ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने खिलाड़ी तुसार, विनीत गुप्ता के जोरदार खेल के बदौलत यह विजय 3 अंकों से जीता। उप विजेता टीम के कप्तान निखिल आनन्द के बेहतरीन प्रदर्शन होने के बाद भी टीम को हार से बचा नहीं सके। आज के पूरे मैच के निर्णायक भूमिका में तपन राउत, दुर्गा अंजू थे। मंगलवार के फाइनल मुकाबले में निदेशक डॉ वंदना भप्ताचार्य ने खेलाडियो को हौसला अफजाई करते हुए टीम के सभी खेलाडियो को बधाई दी। इस फाइनल मुकाबला में डॉ अमृता प्रियम, डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव, डॉ संजय, डॉ प्रशांत, हरेश्वर प्रसाद, डॉ शिवा, डॉ मानसी, अनामिका कुमारी, सोनी कुमारी, डॉ संदीप नाथ शाहदेव, ऐलिस टोप्पो, शांतनु सिन्हा, मनोज कुमार सहित पूरे सोसाइटी के सदस्यों ने खेलाडियो का हौसला बढ़ाया।



## भारतीय पुरुष हॉकी टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर खिसकी, महिला टीम 9वें स्थान पर

नई दिल्ली : भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को जारी एफआईएच विश्व रैंकिंग में एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई जबकि हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली जर्मनी की टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत के 2761 रैंकिंग अंक हैं। उसने पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर पेरिस ओलंपिक में जगह बना दी थी और इस कारण ओलंपिक क्वालीफायर्स में हिस्सा नहीं लिया।दूसरी तरफ जर्मनी (2786 अंक) ओमान में खेले गए ओलंपिक क्वालीफायर्स में अजेय रहा था, जिससे वह विश्व रैंकिंग में भारत को पीछे छोड़ने में सफल रहा। नीदरलैंड (3060 अंक) पहले की तरह शीर्ष पर बना हुआ है। उसके बाद बेल्जियम (2848 अंक), जर्मनी, भारत और ऑस्ट्रेलिया (2757 अंक) का नंबर आता है। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड (2720 अंक) को पीछे छोड़कर 5वां स्थान हासिल किया। अर्जेंटीना (2524 अंक) और स्पेन (2296 अंक) पहले की तरह 7वें और 8वें स्थान पर बने हुए हैं। फ्रांस (2085 अंक) और न्यूजीलैंड (2025 अंक) शीर्ष 10 में शामिल 2 अन्य टीम हैं।

# लुका नार्दी ने जोकोविच को हराकर किया उलटफेर

एजेंसी

**इंडियन वेल्स।** लुका नार्दी ने अपने बचपन के आदर्श और शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच को बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूनार्मेंट के तीसरे दौर में तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर उलटफेर किया। दुनिया के 123वें नंबर के खिलाड़ी नार्दी ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। इटली के 20 साल के नार्दी ने ऐस के साथ जीत दर्ज की। उन्होंने ह्यलकी लूजर' के रूप में टूनार्मेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। लकी लूजर वह खिलाड़ी होता है जो क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में हार जाता है लेकिन पहले दौर से पूर्व हटने वाले चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर उसे मौका मिलता है। नार्दी ने मुख्य ड्रॉ में दुनिया के 30वें नंबर के खिलाड़ी टॉमस मार्टिन एचवेरी की जगह ली थी और उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। नार्दी ग्रैंडस्लैम या एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर के टूनार्मेंट में जोकोविच को हराने वाले सबसे अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2008 में मियामी में दुनिया के 122वें नंबर के खिलाड़ी केविन एंडरसन ने जोकोविच को हराया था। महिला एकल में कोको गॉफ ने लूसिया ब्रोनजेटी को सीधे सेट में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 20 बरस की होने वाली गॉफ ने लूसिया के खिलाफ 6-2, 7-6 से जीत दर्ज की। उन्होंने 11 में से 10 ब्रेक प्वाइंट बचाए। इस जीत के साथ अमेरिका में गॉफ की जीत का क्रम 18 मैच तक पहुंच गया है जिसमें पिछले साल अमेरिकी ओपन की खिताबी जीत भी शामिल है। दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दूसरी वरीय एरिना सबालेंका ने ऐमा राडुकानु को 6-3, 7-5 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में सातवें वरीय होल्गर रूने ने टूनार्मेंट में पहला मैच खेलते हुए लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 7-6 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी और दूसरे दौर में चोट के कारण मिलोस राओनिक के हटने पर उन्हें तीसरे दौर में प्रवेश मिला। गेल मोनफिल्स ने 2021 के विजेता कैमरन नोरी को तीन घंटे से अधिक चले मुकाबले में तीन सेट में हराया जबकि अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और टॉमी पॉल ने भी सीधे सेट में जीत दर्ज की।



## साई नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति ने छोटानागपुर लॉ कॉलेज के साथ किया एमओयू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची और छोटानागपुर लॉ कॉलेज, के बीच एमओयू साइन किया गया है। एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति- एस. पी. अग्रवाल एवं छोटानागपुर लॉ कॉलेज के प्रिसिंपल-सह-रांची विश्वविद्यालय के विधि विभाग के डीन डॉ. पंकज चतुवेर्दी, लॉ कॉलेज के संकायाध्यक्ष- डॉ. साक्षी पाठक मौजूद थे। इस एमओयू के द्वारा नॉलेज शेयरिंग मिशन की शुरूआत हुई है। एमओयू का उद्देश्य पाठयक्रम के अनुरूप छात्र इंटर्नशिप के साथ-साथ छात्र और संकाय सदस्यों के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करना है साथ ही मूट कोर्ट एवं पुस्तकालय आदान-प्रदान कर विधि के विद्यार्थियों का वकालत कौशल बढ़ाना है। विधि के छात्रों को अदालतो और मुकदमेंबाजी से परिचित करवाया जायेगा। छात्र कानून की विभिन्न धाराओं में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों के लिए भी सीखने और नए खोज करने के लिए एक बेहतर योजना होगी। इसके अलावा मूट कोर्ट, कॉन्फ्रेस, सेमिनार, फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किये जायेगें जो दोनों संस्थानों के लिये लाभप्रद साबित होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति- ने कहा कि इस एमओयू के जरिये कानून का अध्ययन करने से लेकर समाज की वर्तमान चिंता की समस्याओं के साथ सीधे जुड़ाव के माध्यम से प्रयोगात्मक शिक्षा की ओर बदलाव लाना है। इस एमओयू में विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। कुलपति ने मूट कोर्ट की महता को बताते हुए कहा कि मूट कोर्ट विद्यार्थियों को कौशल बढ़ाने का अवसर देता है, ताकि छात्र समाज के हित में कार्य करें।



# अबुआ आवास में धांधली के आरोप में बीडीओ कार्यालय का घेराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** अबुआ आवास में प्रखंड कमीर्यों द्वारा बरती गई अनियमितता से आक्रोशित होकर सैकड़ों महिलाओं ने बीडीओ के कार्यालय में हंगामा करते हुए बीडीओ नंदजी राम तथा आवास समन्वयक अशोक कुमार का दो घंटे तक घेराव किया। इस दौरान आवास समन्वयक के साथ धक्का मुक्की भी की। महिलाओं के आक्रोश को देखते हुए पुलिस को बुलाना पड़ा। अबुआ आवास के शुरूआत से ही ग्रामीणों का हंगामा चालू है। इसी हो हंगामा के बीच पहली किश्त की राशि लाभुकों के खाते में भेज दिया गया है। मंगलवार को भवनाथपुर, बुका, चपरी, मकरी की करीब 50 से अधिक महिलाएं एकजुट होकर बीडीओ से मिलने उनके कार्यकाल पहुंची, लेकिन वे अपने कार्यालय से निकलकर सीओ के कार्यालय में नीचे आ गये। जिससे आक्रोशित महिलाओं ने आवास समन्वयक अशोक कुमार के कार्यालय में पहुंच कर हंगामा करते हुए धक्का मुक्की किया। महिलाओं का आरोप है कि आवास के फाइनल सूची में छेड़छाड़ किया गया है। क्रमवार लाभुकों के नाम में छेड़छाड़ करते हुए जिसका सबसे नीचे नाम था उसको पहले तथा जिसका उपर नाम था उसको नीचे कर दिया गया है। पुलिस को सूचना मिलते ही एएसआई विजय सिंह पहुंचे। मौके पर बीडीओ ने महिलाओं के आरोप की जांच की। जिसमे प्रखंड कर्मी द्वारा बरती गई अनियमितता उजागर हुआ। अंजु देवी, शकुंतला देवी, अमरावती देवी, शशि देवी, कलावती देवी का सत्यापन सूची में पक्का मकान दिखा कर नाम काट दिया गया था। जांच में उक्त सभी का कच्चा मकान साबित हुआ। बीडीओ ने संयुक्त आवेदन देने की बात कही, जिस पर कार्रवाई किया जाएगा। इसके बाद हंगामा शांत हुआ।

**पंचायत सचिव पर आवास दिलाने के नाम पर पैसा मांगने का आरोप**

भवनाथपुर के कपूर्री चैक निवासी पवन कुमार ने बीडीओ को बताया कि आवास सत्यापन में पंचायत सचिव पैसा मांग रहे थे। कहा हमारे घर सचिव विष्णु प्रसाद सत्यापन करने आए थे, कहा दस हजार रुपए दिजियेगा तो आवास दिलवा देंगे। बीडीओ ने सचिव से स्पष्टीकरण मांगने की बात कही है।


बीडीओ के कार्यालय में हंगामा करते ग्रामीण।

## स्पीड न्यूज

### बीडीओ को आवेदन देकर अबुआ आवास की मांग

**केतार।** जन सूचना अधिनियम 2005 के तहत सूचना उपलब्ध कराने को लेकर मंगलवार को पाचाडुमर निवासी रविन्द्र कुमार पासवान ने आवेदन के साथ 50 रुपए का पोस्टल ऑर्डर लगाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह जन सूचना पदाधिकारी केतार से पाचाडुमार पंचायत में चल रहे अबुआ आवास योजनाओं की सूचना मांगी है। जिसमें सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास का कुल कितना आवेदन प्राप्त हुआ, अबुवा आवास के प्राप्त आवेदन में कितना योग्य एवं अयोग्य आवेदन का सत्यापन किया गया, अबुवा आवास का अयोग्य आवेदन का सत्यापन करने वाला पदाधिकारी का नाम व मोबाइल नंबर एवं प्राप्त आवेदन का पूर्ण विवरण की सत्यापित की हुई छायाप्रति, अबुआ आवास में पुनः जांच के लिए कितने आवेदन प्राप्त हुआ, इसका सत्यापन रिपोर्ट का छाया प्रति, एवं अबुआ आवास के क्रम सूची में के आधार पर चयन किस आधार पर किया गया इसका सम्पूर्ण विवरणी का छाया प्रति। इन सभी बिंदुओं की मांग की है। श्री पासवान ने बताया कि अबुआ अवास में काफी अनियमितता बरतने की अंदेशा है। जिसको लेकर उपर्युक्त बिंदुओं को जन सूचना के तहत मांग किया हूं।

# मेरा पंचायत मेरा पहचान एकदिवसीय मुखिया कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पिरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में सोमवार की संध्या शहर के बंधन मैरेज हॉल में मेरा पंचायत मेरा पहचान एक दिवसीय मुखिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, डीपीएम शाहनवाज अंसारी और मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष शरीफ अंसारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान रंका, मेराल, रमना, मझिआंव और गढ़वा के 40 मुखियाओं के बीच जीपीडीपी और जीपीपीएफटी विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही हाई कॉस्ट, लो कॉस्ट और नो कॉस्ट एक्टिविटी पर भी चर्चा हुई। मौके पर पिरामल टीम से कुंतल पल ने कोलाबरेशन, कन्वर्जेंस और कंपटीशन को पंचायत के सर्वांगीण विकास में उपयोगी बताया। प्रोग्राम मैनेजर कमल मिश्रा ने कहा कि पंचायतों का विकास तभी संभव है, जब हम लोग सही प्राथमिकताओं को तय कर काम करेंगे। प्रोग्राम लीडर कामेश कुमार ने एक्टिविटी के माध्यम से सभी मुखिया को बताया कि किसी कार्य के सकारात्मक परिणाम के लिए सभी को साथ मिलकर काम करना पड़ेगा। अकेले एक व्यक्ति से विकास कार्य संभव नहीं है। इस दौरान सभी मुखिया ने एक्टिविटी के माध्यम से अपने पंचायत की सबसे बड़ी समस्या और उसका समाधान ढूढने का प्रयास किया। मुखिया ने कहा शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिससे हम पंचायत के सभी समस्याओं का निदान कर सकते हैं। फिर हमें अपने विकास के लिए सरकार से अबुआ आवास जैसी योजनाओं की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही ग्राम सभा से हम सभी समस्याओं का हल निकाल सकते हैं। कार्यशाला के दौरान सभी मुखिया ने जीपीडीपी. थीम के चयन की महत्वता को समझा और उनमें जीपीडीपी. थीम चयन प्रक्रिया को लेकर बेहतर समझ बनी। इस दौरान सभी 40 पंचायत के मुखिया ने पंचायत को जीरो ड्रॉपआउट बनाने का संकल्प लिया। मौके पर शिल्पा कुमारी, गांधी फैलो, पूजा यादव, जयश्री देशमुख, पिरामल हेल्थ टीम से मजहर, जहीर, इकलाख मो. समेत 40 पंचायतों के मुखिया आदि मौजूद थे।


उद्घाटन करते अतिथि।

# अविश्वास प्रस्ताव के बाद पुन:प्रमुख बनी चंद्रावती


रोड शो करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। जिसको लेकर सोमवार को अनुमंडल कार्यालय नगर उंटारी में बिना चर्चा व मतदान के निरस्त कर दिया गया। वोटिंग के लिए निर्धारित समय पर मात्र चार पंचायत समिति सदस्य ही पहुंचे थे, जो अविश्वास प्रस्ताव लाए थे। बाकी कोई सदस्य प्रमुख के खिलाफ उपस्थित नहीं हुए। जबकि प्रमुख खेमा के सभी सदस्य अनुमंडल कार्यालय के बाहर डेरा जमाए बैठे थे। बताते चले कि वोटिंग के लिए ग्यारह सदस्यों को उपस्थित होना था। लेकिन मात्र चार सदस्यों के अलावे कोई सदस्य उपस्थित नहीं हुए। जिसके कारण अनुमंडल पदाधिकारी ने अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया। अविश्वास प्रस्ताव खारिज होते ही प्रमुख खेमा में खुशी का माहौल हो गया। केतार व पाचाडुमर में प्रमुख चंद्रावती देवी के समर्थको ने जमकर आतिशबाजी एवं रोड शो किया तथा एक दूसरे को लड्डू खिला कर खुशी का इजहार किया। प्रमुख श्रीमती देवी ने कहा कि राजनीतिक परिवेश में उथल पुथल होते रहता है। इससे घबराना नहीं चाहिए। सत्य की हमेशा जीत हुई है और होती रहेगी। हमे किसी से कोई शिकवा शिकायत नहीं है। मैं प्रयास करूंगी कि पंचायत समिति में जितने भी सदस्य हैं, हमारे लिए सभी बराबर हैं और हम सभी लोग मिल कर केतार प्रखंड का विकाश की गति को तेज करेंगे। मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, मिथलेश प्रसाद गुप्ता, योगेंद्र साह, अवध प्रसाद, दीन दयाल गुप्ता, जमुना प्रसाद, इम्तियाज आलम, जमूदीन अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### सारण : सड़क हादसे में युवक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के जनताबाजार थाना क्षेत्र में मंगलवार को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमुना मठिया गांव निवासी कामेश्वर महतो का पुत्र राधेश्याम कुमार (22) मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को कुचल दिया। इस घटना में राधेश्याम कुमार घायल हो गया जिसकी प्राथमिक चिकित्सा के बाद चिकित्सक ने बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। सदर अस्पताल छपरा में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

### पति ने भी तोड़ा दम, एक साथ उठी दोनों की अर्थी

**औरंगाबाद।** कहते हैं पति-पत्नी का रिश्ता, जीवन के हर रिश्ते से ज्यादा मजबूत होता है। यह रिश्ता जन्म-जन्मांतर का होता है। इसमें साथ जीने-मरने की कसम खाई जाती है। कुछ ऐसे ही अजब प्रेम की गजब कहानी बिहार के औरंगाबाद जिले से मंगलवार को सामने आई है। यहां बारूण प्रखंड के कंचनपुर गांव में जैसे ही पत्नी की मौत हुई, उसके थोड़ी देर बाद पति की भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, पहले पूर्व मुखिया उर्मिला देवी की मौत हुई। उनकी उम्र 50 वर्ष थी। उर्मिला देवी की मौत की खबर उनके पति सुनील कुमार यादव को पता चली तो वो सदमा सहन नहीं कर सके। थोड़ी देर के बाद पत्ती ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया।

### सड़क हादसा में 4 युवकों की मौत

**गया।** बिहार में तेज रफ्तर के कहर में एक बार फिर चार युवकों की जान चली गई। गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गया-पटना मार्ग एनएच 83 के खिजरसराय-रामपुर मोड़ के निकट सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। सभी युवक सोमवार की रात एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान हाइवा की चपेट में आने से चारों युवकों की मौत हो गई।हादसे के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गए। एक साथ चार युवकों की मौत से शादी की खुशियों के बीच मातम का भी माहौल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बेलागंज थाना के सिमरा गांव से चाकन्द थाना क्षेत्र के एक गांव में बारात जा रही थी। बारात में शामिल होने के लिए बाइक पर सवार होकर चार युवक चाकंद जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार चारों युवक जैसे ही खिजरसराय रोड से एनएच पर उतरे थे, तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा से टक्कर हो गई। हाइवा ने चारों युवकों को रौंद डाला, जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई।

### नीतीश ने रमजान की शुरूआत पर दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रमजान के पवित्र महीने के प्रारंभ होने पर राज्यवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं। श्री कुमार ने मंगलवार को अपने संदेश में कहा कि रमजान का महीना रहमतों का महीना है। पूरे महीने खुदा की रहमतों की बारिश होती है। खुदा-ए-ताला की नजर में रोजेदारों की दुआयें मकबूल होती हैं। खुदा उनकी इबादत को स्वीकार करते हैं और उसके बदले तमाम आलमे इंसान पर अपनी रहमतों की बारिश फरमाते हैं।

### कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय का 4.81 अरब के घाटे का बजट सीनेट से स्वीकृत

**दरभंगा।** बिहार के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में शुमार कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में कुलाधिपति सह बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित सीनेट की 47वी बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल चार अरब 80 करोड़ 71 लाख 12 हजार 188 रुपये के घाटे के बजट को स्वीकृत कर दिया गया है। प्रतिकुलपति प्रो. सिद्धार्थ शंकर सिंह द्वारा सदन के पटल पर रखे बजट को मूल रूप से सात शीर्ष मद में बांटकर तैयार किया गया है। बजट में छह स्नातकोत्तर विभागों, 31 अंगीभूत महाविद्यालयों, सम्बद्ध 26 शास्त्री व 15 उपशास्त्री महाविद्यालयों यानी कुल 72 महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के अलावा मुख्यालय के पदाधिकारियों व कर्मचारियों के लिये व्यय प्रस्तावित हैं जिसमें वेतन, सेवांत लाभ एवं बकाये की अपेक्षित राशि को समावेशित किया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न विकास मद, छात्रवृत्ति, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है।

### रेल गुमटी पर बनेगा आरओबी : प्रिंस राज

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर के सांसद प्रिंस राज की मांग पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने समस्तीपुर जिले के मुक्तापुर गुमती संख्या-2 पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। सांसद प्रिंस राज ने यहां बताया कि इस आर.बो.बी. के निर्माण से समस्तीपुर- दरभंगा पथ से गुजरने समेत आसपास के लाखों लोगों को जाम की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा।

# अवैध बालू का काला कारोबार कांडी में जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** अवैध बालू का काला कारोबार कांडी प्रखंड में धड़ल्ले से जारी है। बालू खनन पर सरकार के रोक के बावजूद कांडी प्रखंड में अवैध बालू खनन व परिवहन जारी रहने से सरकार को करोड़ों रुपए राजस्व का नुकसान हो रहा है। रात होते ही कोयल नदी में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर अवैध खनन शुरू हो जाता है और बालू माफिया बेखौफ होकर ट्रैक्टरों से बालू का परिवहन व बिक्री करते नजर आते हैं। कोयल नदी के खरौंधा, जयनगरा, कोरगाई, मोखापी, राणाडीह व सोहगाड़ा भंडरिया के बीच सहित अन्य स्थानों से बालू माफियाओं द्वारा बेखौफ व बेधड़क होकर रात भर बालू का खनन व परिवहन किया जाता है। उपरोक्त अवैध बालू घाटों पर आने जाने के लिए बालू माफियाओं द्वारा कई खुश्की रास्ते भी बनाए गए हैं। वहीं अवैध बालू लदे ट्रैक्टर इतने स्पीड से चलते हैं कि अगर कोई वाहन या व्यक्ति गलती से सामने आ गया तो उसका बचना मुश्किल है वहीं तेज रफ्तार अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों के चलने के आवाज से ग्रामीण भी दहशत में रहते हैं।


अवैध बालू लदा ट्रैक्टर।

**बालू माफियाओं का नेटवर्क है तगड़ा :** बालू माफियाओं का नेटवर्क बहुत ही तगड़ा है, रातभर बिना रोक-टोक अवैध बालू का खनन करने वाले बालू माफियाओं को किसी भी छापेमारी की भनक पहले ही मिल जाती है। जिसके परिणामस्वरूप जब कोई टीम छापेमारी करने आती है, तो टीम खाली हाथ लौट जाती है। बालू माफियाओं को सूचना कहां से मिलती है, यह जांच का विषय है। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला खनन पदाधिकारी नंनदेव बैठा ने कहा कि जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

## मुखिया ने की चबूतरे की मरम्मती एवं सुंदरीकरण कार्य की शुरूआत

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत में मंगलवार को वार्ड नंबर 06 में अधूरे चबूतरे का मरम्मती एवं सुंदरीकरण कार्य की शुरूआत मुखिया अनीता देवी ने नारियल फोड़कर किया। मौके पर मुखिया ने बताया कि उक्त चबूतरे की मरम्मती की मांग बहुत दिनों से स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी। यहां पर आस पास के लोगों के साथ-साथ दूर-दूर से भी आने जाने वाले राहगीरों को चबूतरे लाभ मिलेगा। खासकर यहां पर भीड़ सावित्री पूजा के दिन सिलिदाग के साथ रमना से भी लोग काफी संख्या में पूजा करने आते हैं। इस चबूतरे की मरम्मती एवं सुंदरीकरण हो जाने से अब लोगों को यहां पूजा करने में काफी सहुलियत महसूस होगा। पूजा को विशेष ध्यान में रखते हुए इस चबूतरे पर टाइल्स भी लगाया जा रहा है। मुखिया ने बताया कि उक्त चबूतरे का मरम्मती एवं सुंदरीकरण 15वें वित्त मद से किया जा रहा है। जिसकी प्राक्कलित राशि 85 हजार 354 रुपये है। मौके पर उप मुखिया सुनीता देवी, उपेंद्र शर्मा, राकेश चंद्रवंशी, सोमारू बारी, शत्रुधन चंद्रवंशी, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, मृत्युंजय शर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय योग शिविर का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर का समापन योग, प्राणायाम एवं हवन यज्ञ के साथ हुआ। प्रातः कालीन योग की कक्षा का संचालन सत्यनारायण दुबे एवं सोशल राज्य मीडिया प्रभारी संतोष पांडेय ने किया। सत्यनारायण दुबे ने योगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार के साथ-साथ अन्य कई आसान और प्राणायाम के अभ्यास कराए। तत्पश्चात यज्ञ का आयोजन यज्ञ प्रभारी सुशील केषरी के नेतृत्व में किया गया। मुख्य यजमान के रूप में कृषि महाविद्यालय गढ़वा के डीन डॉ अशोक कुमार ने बड़े ही श्रद्धा भाव से संजीवनी यज्ञ में भाग लिया। मौके पर डॉ अशोक कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन इस महाविद्यालय में समय-समय पर किया जाना चाहिए, ताकि बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आये। उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों से प्रतिदिन प्रातः योग करने एवं पढ़ लिखकर महान व्यक्ति बनने की बात कही। मौके पर भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, विवेकानंद पांडेय, सूर्यदेव दुबे, गोपाल मिश्रा, शिवनारायण यादव, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विष्णु राउत, दीपा उरांव, दिव्याश्री, मुकेश कुमार, स्मृति केषरी, जया कुमारी, श्रुति कुमारी, सूरज आनंद, विशाल पांडेय, सोनिया सिंह, ओमकार चंद्र, अजय कुमार, लक्ष्मी टोप्पो, आशुतोष मुंडा, शिखा भारती, पीयूष पाठक, पूर्वी कुमारी, तान्या राज आदि लोग उपस्थित थे।

# सनातन को 'डेंगू-मलेरिया' बताने वाले उदयनिधि की मुश्किलें बढ़ीं, कोर्ट ने जारी किया समन

**एजेंसी**

**आरा।** सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान देने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के स्टालिन के मंत्री बेटे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ यहां की एक अदालत ने समन जारी किया है। आरा की अदालत ने तमिलनाडु के खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ संज्ञान लेते हुए यह समन जारी किया है। तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में एक कार्यक्रम में बोलते हुए सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से की थी। उन्होंने कहा था कि कुछ चीजें हैं, जिन्हें हमें खत्म करना है और हम सिर्फ विरोध नहीं कर सकते। मच्छर, डेंगू, कोरोना और मलेरिया ऐसी चीजें हैं, जिनका हम विरोध नहीं कर सकते, उन्हें खत्म करना होता है। सनातन धर्म भी ऐसा ही है। सनातन का विरोध नहीं, बल्कि उसे खत्म कर देना चाहिए। आरा के अधिवक्ता धरणीधर पांडेय ने उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा था कि उदयनिधि के बयान से धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार झा की अदालत ने परिवादी और अन्य गवाहों की गवाही के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 298 के तहत संज्ञान लेते हुए स्टालिन को समन का आदेश दिया है। साथ ही एक अप्रैल 2024 को अदालत में सशरीर उपस्थित होने का आदेश भी दिया है। एक अप्रैल को मामले की अगली सुनवाई होगी।




**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला योजना)**

**अति अल्पकालीन पुर्न इच्छा की अभिव्यक्ति**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में विशेष केन्द्रीय सहायता मद अन्तर्गत संचालित खूँटी जिला के 100 छात्र–छात्राओं (50 छात्र, 50 छात्रा तथा 05 प्रशिक्षक) को फुटबॉल, हॉकी एवं एथलेटिक्स में प्रशिक्षणरत् खिलाड़ियों को शुद्ध, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजनादि, पेयजल एवं बेड–बिस्तर तकिया आदि की व्यवस्था करने हेतु अति अल्पकालीन पुर्न इच्छा की अभिव्यक्ति के आधार पर इच्छुक तथा अनुभवी फर्म/संस्थान/आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/ व्यक्ति से विभिन्न शर्त्तों के साथ मुहरबंद अति अल्पकालीन पुर्न इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक तथा अनुभवी फर्म/संस्थान/आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/व्यक्ति दिनांक 19.03.2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, विकास भवन, खूँटी में जमा कर सकते हैं, निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 19.03.2024 के अपराह्न 03:00 बजे समाहरणालय, खूँटी के सभागार में जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति अपेक्षित है।

अति अल्पकालीन पुर्न इच्छा की अभिव्यक्ति की अन्य शर्त्ते, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी इत्यादि समाहरणालय, खूँटी के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से निर्धारित तिथि तक डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला योजना कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
जिला योजना पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 322263 District(23-24)D

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (3rd Call)**
**निविदा सूचना संख्या– STATE_PLAN/HZB/DT/14/2023-24 (3rd Call) दिनांक–11.03.2024**
**P.R. No.-319622 Drinking Water and Sanitation (23-24):D**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | Name of Work:- Construction of 125/115 mm dia with 70m/90m/120 mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part-2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine/DTH Rig Machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on turn-key basis under D.W.&S. Division, Hazaribagh for the Year 2023 -24. | | | | | |
| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| 1 | HZB/70 M/DT/06 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 2 | HZB/90 M/DT/18 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| B | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि:– | | | 13.03.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक | | |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय:– | | | 20.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दि0–03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:– | | | 20.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय:– | | | 21.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन | | |
| F | तकनीकी बीड खोलने का स्थान:– | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। | | |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/ पदनाम:– | | | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। | | |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0:– | | | 06546-262291 | | |
| I | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0:– | | | 0651-2480345 | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।;
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,हजारीबाग

PR 322269 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA.**

**Short e-Procurement Tender Notice**
**3rd Call**
**Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2-11/2023-24 Date :- 12-03-2024**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of the work:- Construction of Checkdam on Ketaro Toli Nala Block-Kolebira | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Paper (Rs.) |
| | | 95,17,930.00 | 1,90,400.00 | 10,000.00 |
| 2. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 16-03-2024 (2:00PM.) | | |
| 4. | Last date/Time for submission of Bids (online) | 23-03-2024 (up to 5:00 PM.) | | |
| 5. | Last date for Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (http://jharkhandtenders.gov.in ) 23-03-2024 (up to 5:00 PM.) | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 26-03-2024 ( 02.00 PM) | | |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | EXECUTIVE ENGINEER,MINOR IRRIGATION, DIVISION, SIMDEGA. | | |
| 8(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-procurement Officer | 7004377291 midivsimdg@gmail.com | | |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 | | |

**Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**M.I.Division,Simdega.**

PR 322346 (Minor Irrigation)23-24*D

# भारत शक्ति में धमाकों से गूंजा पोखरण

## करीब एक घंटे तक कई मिसाइलें और गोला-बारूद दागने से युद्ध जैसा माहौल

एजेंसी

**जैसलमेर।** भारत की तीनों सेनाओं ने पश्चिमी सीमा पर मंगलवार को भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक पोखरण फायरिंग रेंज (राजस्थान) में भारत शक्ति अभ्यास करके अपनी युद्धक तथा प्रहार क्षमताओं का प्रदर्शन करके धमाकों से गूंजा दिया। चार्ली रेंज में बनाए गए दुश्मन के प्रतीकात्मक लक्ष्यों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने स्वदेशी हथियारों से बर्बाद करने का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। पिनाका राकेट ने 17 किमी. दूर लक्ष्यों पर सटीक निशाना लगाकर आत्मनिर्भर भारत के स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण की ताकत दिखाई। पोखरण फायरिंग रेंज में करीब एक घंटे तक चले युद्धाभ्यास के लिए 10 से 15 किमी. के दायरे में दुश्मन के प्रतीकात्मक रसद केंद्र, आतंकी ठिकाने, हवाई पट्टी, टैंक और तोपखाना प्रणाली, ब्रिज, ड्रोन, तेल डिपो, कमांड सेंटर बनाए गए थे। इस हाईवोल्टेज हवाई युद्धाभ्यास

- **चार्ली रेंज में प्रधानमंत्री मोदी के सामने स्वदेशी हथियारों ने अदभूत किया प्रदर्शन**
- **प्रचंड ने बमबारी से दुश्मन के ठिकानों को किया ध्वस्त**

भारत शक्ति में तीनों सेनाओं ने स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का समन्वित प्रदर्शन किया। एलएचएस प्रचंड ने बमबारी करके दुश्मन के ठिकानों को नष्ट कर दिया। अभ्यास के दौरान भारत में निर्मित हथियार प्रणालियां, अर्जुन टैंक, धनुष होवित्जर, तेजस लड़ाकू विमान और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपनी मारक क्षमता दिखाई।

रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के इस प्रदर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने भी देखा। त्रि-सेवा लाइव फायर और युद्धाभ्यास के रूप में स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन समाप्त होते ही पोखरण रेंज भारत माता की जय के उद्घोष से गूंज उठा।






**मार्कोस और गरुड़ कमांडो ने घुसपैठ रोकने को किया ऑपरेशन**

भारतीय नौसेना के मार्कोस और भारतीय वायु सेना के गरुड़ कमांडो ने घुसपैठ रोकने का सफल ऑपरेशन किया, जबकि युद्ध के मैदान की निगरानी दूर से संचालित विमान और ड्रोन के जरिये की गई। इसके बाद लंबी दूरी के हथियारों और आर्टिलरी गन से लक्ष्यों पर सटीक निशाना लगाकर उन्हें नष्ट किये जाने का प्रदर्शन किया गया। स्थिर प्रदर्शन में हथियार का पता लगाने वाले रडार स्वाति ने भी दुश्मन के ठिकानों का पता लगाने में भूमिका निभाई।

अभ्यास के दौरान भारत में निर्मित पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, अर्जुन टैंक, धनुष होवित्जर, तेजस लड़ाकू विमान और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर के विभिन्न संस्करण अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया।



## स्पीड न्यूज

### मध्य प्रदेश में जगदंबा ऑटोमोटिव्स की 5.32 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मध्य प्रदेश में पांच जिलों में एएमडब्ल्यू ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड की 5.32 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी कुर्क की है। मध्यप्रदेश के जबलपुर, बांधवगढ़ (उमरिया), रीवा, शहडोल, स्लीमनाबाद, जमीन , वाहन शोरूम / डीलरशिप, आवासीय घर और कारों के रूप में 55 संपत्तियां अस्थाई रूप से कुर्क की गई हैं। ईडी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कंपनी के एडिशनल डायरेक्टर पुष्पेंद्र सिंह के खिलाफ बैंक ऋण में फजीवाड़ा मामले में केस दर्ज हुआ था।

### नवी मुंबई में आठ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** नवी मुंबई के बेलापुर इलाके के शाहबाज गांव में एक फ्लैट में छापा मार कर पुलिस ने 8 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शाहबाज गांव में अवैध तरीके से कुछ बांग्लादेशी नागरिकों के रहने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी के आधार पर सोमवार को पुलिस ने शाहबाज के एक आवासीय परिसर में छापा मार कर आठ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।

### भगवान महाकाल का चांदी से श्रृंगार



**भोपाल।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को फाल्गुन शुक्ल पक्ष की द्वितीया के अवसर पर भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर फलों के रस से बने पंचामृत से कर पूजन किया गया। इसके बाद बाबा महाकाल को चांदी का मुकुट और रुद्राक्ष और पुष्पों की माला धारण करवाई गई। वहीं, प्रसिद्ध अभिनेता गोविंदा मंगलवार को उज्जैन पहुंचे और भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने पूजा-अर्चना और अभिषेक कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

### सीमा पर 19.5 करोड़ की हेरोइन बरामद

**जैसलमेर।** श्रीगंगानगर जिले से लगती पाकिस्तान सीमा के पास दो स्थानों से बीएसएफ के जवानों ने साढे.19 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की। बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर श्रीगंगानगर सीमा इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान खेतों से संदिग्ध हेरोइन के छह पैकेट बरामद किये गये। बरामद संदिग्ध हेरोइन के पैकेट्स पर पीले रंग की टेप लगी हुई थी जिसका वजन लगभग 3 .49 किलोग्राम है।

### मप्र में ट्रक ने पांच बारातियों को रौंदा,

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में सोमवार रात बड़ा हादसा हो गया। भोपाल-जबलपुर रोड पर सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घाट खमरिया में एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर बारात में जा घुसा और बारातियों को रौंदता हुआ निकल गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें पांच लोगों को हालत गंभीर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। साथ ही मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया है।

# दस साल का काम सिर्फ ट्रेलर लंबा रास्ता तय करना है: मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद में एक लाख छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के कई प्रमुख खंड राष्ट्र को समर्पित किए और 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि 10 साल का काम सिर्फ ट्रेलर है, उन्हें लंबा रास्ता तय करना है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरकारों ने सामाजिक कल्याण पर राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता दी। इसका रेलवे क्षेत्र पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ा। सरकार का जोर भारतीय रेलवे को आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल का माध्यम बनाने पर है। उन्होंने कहा

- **प्रधानमंत्री ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के कई प्रमुख खंड राष्ट्र को किया समर्पित**
- **विदेशी दृष्टि व तुष्टिकरण से फैली अतिक्रमण और अव्यवस्था**

कि 10 साल पहले तक 6 पूर्वोत्तर राज्यों की राजधानियों में रेलवे स्टेशन नहीं थे। उनकी सरकार ने रेलवे क्षेत्र का परिदृश्य पूरी तरह बदल दिया। इस क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए हमने औसत रेल बजट को 2014 से पहले के बजट की तुलना में 6 गुना बढ़ा दिया। इन रेलवे ट्रेनों, ट्रैक और स्टेशनों का निर्माण मेड इन इंडिया का एक इको सिस्टम तैयार कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने दहेज में पेट्रोनेट एलएनजी के पेट्रोकेमिकल्स कॉम्प्लेक्स की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए




ये विकास परियोजनाएं सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का मिशन हैं। 2024 के 75 दिनों में 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया गया है। वहीं, पिछले 10-12 दिनों में 7 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का अनावरण किया गया है। देश की विरासत को सहेजने के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को साबरमती में कहा कि जो देश अपनी विरासत नहीं संजो पाता, वो देश अपना भविष्य भी खो देता है। उन्होंने पिछली सरकारों पर विरासत की अनदेखी का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि विदेशी दृष्टि से भारत को देखने और तुष्टिकरण की मजबूरी के चलते अतिक्रमण, अस्वच्छता, अव्यवस्था आदि ने हमारी विरासतों को घेर लिया था। इसके चलते भारत की विरासत, हमारी महान धरोहर ऐसे ही तबाह होती रही।

### जैसलमेर में तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित



**जैसलमेर।** भारतीय वायुसेना का एक तेजस विमान मंगलवार को ऑपरेशनल ट्रेनिंग उड़ान के दौरान जैसलमेर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया है कि दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। जिले की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहे भारत शक्ति युद्धाभ्यास के बीच जैसलमेर में आज यह लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। सूत्रों के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे शहर से 2 किमी दूर भील समाज के छात्रावास पर विमान गिरा। घटना के समय छात्रावास खाली था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फाइटर जेट में एक पायलट था। क्रैश होने से पहले वह एग्जिट हो गया। क्रैश के बाद विमान का मलबा पास के घर पर गिरा। धमाके के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

# भारतीय नागरिकता के लिए पोर्टल लांच

**सीएए के तहत पात्र व्यक्ति इस पोर्टल पर नागरिकता के लिए कर सकते हैं आवेदन**

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने के पात्र लोगों के लिए मंगलवार को एक पोर्टल लॉन्च किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। यह कदम सरकार द्वारा सीएए 2019 के कार्यान्वयन के लिए नियमों को अधिसूचित करने के एक दिन बाद आया है। प्रवक्ता ने कहा कि सीएए-2019 के तहत नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 अधिसूचित कर दिये गये हैं और एक नया पोर्टल लॉन्च किया गया है। प्रवक्ता ने कहा सीएए-2019 के तहत पात्र व्यक्ति इस पोर्टल पर नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीएए के तहत नागरिकता के लिए "https://indiancitizenshiponline.nic.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसमें आवेदक को बताना होगा कि वे किस साल भारत आए थे। पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज न होने पर भी आवेदन कर पाएंगे। मोबाइल ऐप के माध्यम से आवेदन की सुविधा के लिए शीघ्र ही एक मोबाइल ऐप सीएए-2019' भी जारी किया जाएगा। केंद्र ने सोमवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के क्रियान्वयन के लिए नियम अधिसूचित किए। यह कानून पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों- हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान करने की अनुमति देता है।

# जान दे दूंगी, लेकिन डिटेंशन कैंप नहीं बनने दूंगी : ममता

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि यहां रह रहे लोगों की नागरिकता छीन कर डिटेंशन कैंप में रखने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जान दे दूंगी लेकिन बंगाल में कोई कैंप नहीं बनने दूंगी। तृणमूल सुप्रीमो ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि मैंने इस जैसी बेकार पार्टी कभी नहीं देखी। वह महिलाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि असली हिंदू का मतलब यह नहीं होता कि बाहरी लोगों को हिंदू बनाया जाए। उन्होंने सीएए लागू होने को लेकर यह भी कहा कि मुझे संदेह है कि इनकी ओर से लाया कानून वैध भी या नहीं। इसे

**असम में एनआरसी के नाम पर 13 लाख बंगाली हिंदूओं को नागरिकता सूची से बाहर किया**



लेकर केंद्र सरकार की स्पष्टता नहीं है। उन्होंने कहा कि 2019 में असम में एनआरसी के नाम पर 19 लाख में से 13 लाख बंगाली हिंदूओं को नागरिकता सूची से बाहर कर दिया गया था। उसी तरह से बंगाल में भी करने की योजना बना रहे हैं लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने मॉरीशस में पृथ्वीराज सिंह रुपन को रूपे कार्ड भेंट किया

**पोर्ट लुइस।** मॉरीशस यात्रा पर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को मॉरीशस के अपने समकक्ष पृथ्वीराज सिंह रूपन से मुलाकात कर उपहार स्वरूप रूपे कार्ड भेंट किया। इसके साथ भारत तथा मॉरीशस के बीच दीर्घकालिक और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर व्यापक चर्चा की। रूपे कार्ड को हाल ही में मॉरीशस में शुरू किया गया है। मुर्मू दिन में तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर यहां पहुंचीं। इस दौरान वह मंगलवार को देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। भारत के राष्ट्रपति के आधिकारिक हैंडल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रेसिडेंशियल स्टेट हाउस में राष्ट्रपति रूपन के साथ गर्मजोशी से और सौहार्दपूर्ण मुलाकात की।

# आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का टीजर लांच

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म रूसलान का टीजर रिलीज हो गया है। शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह वर्ष 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिमः द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान में नजर आयेंगे।फिल्म रुसलान का टीजर रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी ने रूसलान का टीजर लॉन्च किया है। आयुष शर्मा ने कहा कि एक्शन एक्सपर्ट रोहित शेट्टी के एंडोर्समेंट से मुझे वेलिडेशन का एहसास होता है। वह दर्शकों की नब्ज जानते हैं। यह मुझे बताता है कि हम रुस्लान के साथ कुछ सही



कर रहे हैं। उनका सपोर्ट हमारे लिए बहुत मायने रखता है। करण बुटानी के निर्देशन में बनी रुसलान 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। श्री सत्य साईं आर्ट्स द्वारा निर्मित इसफिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।

# कांग्रेस ने जारी की 43 प्रत्याशियों की दूसरी सूची

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को आगामी लोकसभा चुनावों से जुड़ी उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की है। इसमें 43 नाम हैं। असम से 12, गुजरात से 7, मध्यप्रदेश से 10, राजस्थान से 10, उत्तराखंड से 3 और दमन एवं दीव से एक नाम है। कांग्रेस की ओर से जारी किए गए नामों की सूची इस प्रकार हैं।

**असमः** कोकराझार - एसटी से गर्जन मशहरी, धुबरी से रकीबुल हुसैन, बारपेटा से दीप बायन, दरांग - उदलगुरी से माधब राजबंशी, गुवाहाटी से मीरा बारठाकुर गोस्वामी, डिफू-एसटी से जॉयराम एंगलेंग, करीमगंज से हाफिज रशीद अहमद चौधरी, सिलचर-

**लोकसभा चुनाव**

- **असम से 12, गुजरात से 7, मध्यप्रेदश से 10, राजस्थान से 10, उत्तराखंड से 3 और दमन एवं दीव से एक नाम**
- **जोरहाट लोकसभा क्षेत्र से गौरव गोगोई लड़ेंगे चुनाव**
- **राजस्थान के जालौर से वैभव गहलोत को मिला टिकट**

एससी से सूर्यकांत सरकार, नागांव से प्रद्युत बोरदोलोई, काजीरंगा से रोजेलिना तिर्की, सोनितपुर से प्रेम लाल गंजू और जोरहाट से गौरव गोगोई।

**गुजरातः** कच्छ-एससी नीतीशभाई लालन, बनासकांठा से जेनीबेन ठाकोर, अहमदाबाद पूर्व से रोहन गुप्ता, अहमदाबाद पश्चिम



- एससी से भरत मकवाना, पोरबंदर से ललितभाई वसोया, बारडोली-एसटी से सिद्धार्थ चौधरी, वलसाड - एसटी से अनंतभाई पटेल।

**मध्य प्रदेशः** भिंड- एससी से फूल सिंह बरैया, टीकमगढ़- एससी से पंकज अहिरवार, सतना से सिद्धार्थ कुशवाह, सीधी से कमलेश्वर पटेल, मंडला एसटी से ओमकार सिंह मरकाम, छिंदवाड़ा से नकुलनाथ, देवास-एससी से राजेंद्र मालवीय धार- एसटी से राधेश्याम मुवेल, खरगोन एसटी से पोरलाल खरते, बेतुल-एसटी से रामू टेकाम।

**राजस्थानः** बीकानेर एससी से गोविंद राम मेघवाल, चूरू से राहुल कस्वां, झुंझुनूं से बृजेन्द्र ओला, भरतपुर- एससी संजना जाटव, टोंक- सवाई माधोपुर से हरीश चन्द्र मीना, जोधपुर से करण सिंह उचियारड़ास, जालौर से वैभव गहलोत, उदयपुर एसटी से ताराचंद मीना और चित्तौड़गढ़ से उदयलाल आंजना।

**उत्तराखंडः** टिहरी गढ़वाल से जोत सिंह गुंतसोला, गढ़वाल से गणेश गोदियाल और अल्मोडा एससी से प्रदीप टम्टा। दमन और दीव से केतन दहयाभाई पटेल।

### गुजरात में 480 करोड़ के ड्रग्स के साथ छह पाकिस्तानी गिरफ्तार

**पोरबंदर।** पोरबंदर से करीब 350 किलोमीटर दूर अरब सागर में एक नौका से 480 करोड़ रुपये का ड्रग्स पकड़ा गया है। गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस), कोस्टगार्ड और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की संयुक्त कार्रवाई में नौका में सवार 6 पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ा गया है। ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 480 करोड़ रुपये बताई गई है। एटीएस के पुलिस अधीक्षक सुनील जोशी ने बताया कि पोरबंदर के समीप अरब सागर में ड्रग्स पाकिस्तान से हाजी मुस्तुफा ने भेजा था। यह जत्था पोरबंदर से दिल्ली या पंजाब भेजा जाना था। ड्रग्स समुद्र मार्ग से पोरबंदर या जखौ बंदरगाह पर उतारा जाना था।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!